नई दिल्ली
गुरुवार, 31 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 107
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 30
न्यून. 27

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत पर फोड़ा टैरिफ बम...

## 25 फीसदी टैरिफ संग रूस से तेल खरीद पर लगाया जुर्माना, कल से होगा लागू

भारत बोला सरकार ट्रंप की घोषणा के प्रभावों का आकलन कर रही है



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कभी कुछ ही घंटों में भारत के साथ व्यापार समझौते की घोषणा करने को लालायित दिखाई पड़ने वाले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मौजूदा तेवर पूरी तरह से बदले हुए नजर आ रहे हैं। जिसमें उन्होंने बुधवार को दुनिया के बाकी देशों की तरह भारत पर भी 25 फीसदी टैरिफ के साथ ही रूस से की जा रही कच्चे तेल की खरीद को लेकर जुर्माना लगाने का ऐलान किया है। 1 अगस्त यानी शुक्रवार से यह लागू हो जाएगा। भारत ने इस पूरे घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अमेरिका संग व्यापार समझौते को प्रतिबद्ध भारत

*मंत्रालय ने कहा कि भारत, अमेरिका के साथ बीते कुछ महीनों से एक स्पष्ट, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभप्रद द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहा है। हम इस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। भारत सरकार अपने किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म व लघु उद्योगों (एमएसएमई) की सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसके अलावा केंद्र अपने राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए भी तमाम जरूरी कदम उठाएगा। जिसका संदर्भ बाकी व्यापार समझौतों जैसे ब्रिटेन के साथ किए गए व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते से जुड़ा हुआ है।*

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की प्रतिबंध निगरानी टीम की 36वीं रिपोर्ट में हुआ यह खुलासा

# पाकिस्तानी खाद-पानी पर जिंदा 'लश्कर-ए-तैयबा' के समर्थन से हुआ पहलगाम हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले का मुख्य गुनहगार पाकिस्तान की जमीन से भारत के खिलाफ आतंकवाद का खूनी खेल खेलने वाला आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) है। जिसके समर्थन के बिना उसका मुखौटा यानी छद्म आतंकी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) इस क्रूर हमले को अंजाम नहीं दे सकता था। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की प्रतिबंध निगरानी टीम (एसएमटी) द्वारा बीते मंगलवार



देर-रात जारी की गई 36वीं रिपोर्ट से मिली है। जिसमें ये भी बताया गया है कि टीआरएफ ने एक नहीं बल्कि दो बार पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी ली थी व अपने दावे को और अधिक पुख्ता करने के लिए बैसरन घाटी की हमले वाली जगह की तस्वीर भी प्रकाशित की थी। आतंकी संगठन के 5 आतंकियों ने पहलगाम पर्यटक स्थल को अपना निशाना बनाया था। ज्ञात हो कि पहलगाम आतंकी हमले में टीआरएफ के आतंकवादियों ने दिनदहाड़े 26 निर्दोष लोगों की उनका धर्म पूछकर हत्या कर दी थी। जिनमें भारत के अलग-अलग राज्यों से पहलगाम घूमने गए 25 नागरिक और नेपाल का एक व्यक्ति शामिल था। वहीं, विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने बुधवार को संसद में कहा कि जब ▶▶ शेष पेज 5 पर

### विभिन्न देशों के मत

*रिपोर्ट से जुड़े दुनिया के अलग-अलग देशों के सदस्यों में से एक ने यह दावा किया कि पहलगाम का हमला लश्कर के बिना असंभव था। जबकि दूसरे सदस्य ने इस बात पर जोर दिया कि लश्कर और टीआरएफ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। इन देशों ने दूसरी तरफ इस तथ्य को पूरी तरह से नकार दिया कि एलईटी अब सक्रिय नहीं है और वह पूरी तरह से निष्क्रिय हो चुका है। रिपोर्ट में पाकिस्तान के एक अन्य आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान (पाकिस्तान) के 6 हजार लड़ाकों की अफगानिस्तान में मौजूदगी वहां की सरकार से मिल रहे समर्थन का भी उल्लेख किया गया है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए)-टीटीपी और टीटीपी-आईएसआईएल-के के बीच संबंधों की पुष्टि भी यह रिपोर्ट करती है। आईएसआईएल-के क्षेत्र सहित दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बना हुआ है। उसके द्वारा अफगानिस्तान के अंदर और बाहर लड़ाकों की भर्तियां जारी हैं। इसके अलावा मदरसों में 14 साल के नाबालिग बच्चों को आत्मघाती हमलों की ट्रेनिंग दी जा रही है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### अलकायदा मॉड्यूल की महिला गिरफ्तार

**अहमदाबाद।** गुजरात एटीएस ने अब अल-कायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट (एक्यूआईएस) मॉड्यूल से जुड़े झारखंड की शमा परवीन (5 सालों से बेंगलुरु में रह रही थी) सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के ज़रिए कथित तौर पर चरमपंथी कंटेंट फैलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया।



### एक्ट्रेस नंदिनी गिरफ्तार कार से कुचलने का आरोप

**गुवाहाटी।** मशहूर असमिया एक्ट्रेस नंदिनी कश्यप को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन पर हिट एंड रन का आरोप है। पुलिस ने 29 जुलाई को उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की थी और उन्हें अब गिरफ्तार कर लिया। 25 जुलाई की रात गुवाहाटी में छात्र को एसयूवी से टक्कर मारी थी जिसमें उसकी मौत हो गई थी।



*राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर हुई चर्चा में गृहमंत्री शाह ने कहा-वोट बैंक की राजनीति और तुष्टिकरण नहीं चलेगा*

# मोदी सरकार का संकल्प-जम्मू कश्मीर में आतंकियों का खात्मा होकर ही रहेगा

शाह ने कहा कि मुझे मालूम है कि ये लोग (विपक्ष) क्यों भाग रहे हैं, क्योंकि इतने सालों तक अपने वोटबैंक के चक्कर में आतंकवाद को रोकने के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया

शाह ने कहा कि कल यानी मंगलवार को आप (कांग्रेस) पूछ रहे थे कि वे (पहलगाम के आतंकवादी) आज ही क्यों मारे गए? उन्हें कल क्यों नहीं मारा जाना चाहिए था। क्योंकि, राहुल गांधी को अपना भाषण देना था


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र का बुधवार को आठवां दिन था। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर दूसरे दिन की चर्चा हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल यानी मंगलवार को आप (कांग्रेस) पूछ रहे थे कि वे (पहलगाम के आतंकवादी) आज ही क्यों मारे गए। उन्हें कल क्यों नहीं मारा जाना चाहिए था। क्योंकि, राहुल गांधी को अपना भाषण देना था। ऐसा नहीं चलता।

पूरा देश देख रहा है कि कांग्रेस की प्राथमिकता राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद का खात्मा नहीं, बल्कि राजनीति, वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति है। राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, कि आज इस सदन में खड़े होकर, मैं वादा करता हूं कि जम्मू-कश्मीर आतंकवाद से मुक्त होगा। यह नरेंद्र मोदी सरकार का संकल्प है। विपक्ष के वॉकआउट पर शाह ने कहा कि मुझे मालूम ▶▶ शेष पेज 5 पर

आतंकियों के पास से 44 कारतूस भी बरामद किए गए जिसकी जांच की गई और उसी का इस्तेमाल पहलगाम हमले में किया गया था

चेहरे की पहचान भी कैमरे से हुई, आतंकियों के चेहरे का मिलान हो चुका है



### राज्यसभा में पीएम मोदी की अनुपस्थिति से नाराज विपक्षी दलों का वॉकआउट

*नई दिल्ली(ब्यूरो)। ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में पक्ष विपक्ष के 50 सांसदों ने 16 घंटों तक लगातार चर्चा की। विपक्ष ने जहां धारदार प्रहार किया, कई सवाल सत्ता पक्ष की ओर दागे वहीं सत्ता पक्ष के सांसदों ने विपक्ष पर भी कई सवाल दागे। बुधवार की शाम राज्यसभा में तब हंगामा शुरू हो गया जब चर्चा पर जवाब देने के लिए गृहमंत्री अमित शाह ने अपना भाषण शुरू किया। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे सदन की अवमानना बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का उच्चसदन में समूचे बहस के दौरान नहीं आना, फिर चर्चा पर जवाब देने के लिए भी नहीं आना ये सदन का अपमान है। उनके इतना कहते ही विपक्षी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। गृहमंत्री अमित शाह ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग की। सरकार ने मान ली। जितनी देर चर्चा चाही उतनी देर चर्चा की मांग ली गई। अब सरकार की ओर से कौन जवाब देगा ये तय करना प्रधानमंत्री का काम है। उसमें भी विपक्ष अपनी करना चाहता है ये ठीक नहीं। अमित शाह बोल ही रहे थे लेकिन बीच में ही विपक्ष सदन से वॉकआउट* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### और, क्या बोले शाह

#### सुरक्षा बलों ने भारत का सम्मान बढ़ाया

ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव। इन दोनों के लिए जिन सुरक्षा बलों ने भारत का सम्मान बढ़ाया है, उन सभी को हम हृदयपूर्वक बहुत-बहुत साधुवाद देना चाहता हूं। मैं पीएम मोदी का भी बहुत बहुत अभिनंदन करना चाहता हूं, जिन्होंने देश की 140 करोड़ जनता की जो इच्छा थी उसके अनुरूप सटीक जवाब देने की दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाई। इसके लिए मैं उनका अभिनंदन करना चाहता हूं। पहलगाम में हमारे देश के नागरिकों को धर्म पूछकर और चुन-चुन कर उनके परिवार के सामने मारा गया, मैं उन सभी दिवंगत नागरिकों के परिवार के साथ अपनी संवेदना व्यक्तकरता हूं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद जब पाकिस्तान ने गोलीबारी करी, तो इसमें कुछ नागरिक हताहत हुए, उन नागरिकों के परिवारजनों के प्रति भी हम गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं।

जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को मिली एक और बड़ी कामयाबी...

## ऑपरेशन महादेव के बाद शिवशक्ति से सुरक्षाबलों ने किए 2 आतंकी ढेर





- *आतंकियों से बरामद की गई 2 असॉल्ट राइफल, 1 पिस्टल, हैंड ग्रेनेड, 2 आईईडी, दवाइयां, संचार के उपकरण और रसद का सामान*
- *सेनाप्रमुख ने मणिपुर का दौरा कर परखे सुरक्षा हालात*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम के तीन हत्यारे आतंकियों का ऑपरेशन महादेव से खात्मा करने वाले सुरक्षाबलों की कामयाबी का जश्न अभी पूरी तरह से खत्म भी नहीं हुआ था कि जम्मू-कश्मीर में ही उन्होंने एक और बड़ी सफलता अपने नाम कर ली है। जिसमें 'ऑपरेशन शिवशक्ति' के जरिए बुधवार तड़के सुरक्षाबलों ने पूंछ में दो आतंकवादियों को मार गिराया है। इस तरह से बीते दो दिनों (मंगलवार और बुधवार) में सुरक्षाबलों ने कुल 5 आतंकियों का काम तमाम किया है। फिलहाल सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियां पूंछ और उसके आसपास के इलाकों में सघन तलाशी अभियान चला रही हैं। जिसका उद्देश्य किसी अन्य आतंकी की मौजूदगी का पता लगते ही उसका खात्मा करना है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से एलओसी के चप्पे-चप्पे पर सेना ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एलओसी से घुसपैठ की थी कोशिश

*बयान के मुताबिक, यह दोनों आतंकी पूंछ में भारत और पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) से भारतीय इलाके (देगवार सेक्टर, पूंछ) में घुसपैठ की कोशिशों में लगे हुए थे। लेकिन क्षेत्र में पहले से ही पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात सेना को इनके बारे में पुख्ता खुफिया जानकारी मिल गई थी। जैसे ही एलओसी पर हलचल देखी गई, बल ने 30 जुलाई तड़के अपनी कार्रवाई के जरिए पहले इलाके की घेराबंदी की और उसके बाद घुसपैठ कर रहे आतंकियों को ललकारा। फिर दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी हुई और दोनों आतंकी मार गिराए गए। अभियान के दौरान इलाके में रह रहे लोगों को कोई क्षति नहीं पहुंची है। जिसका खासतौर पर अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने ध्यान रखा था। सेना ने कहा कि यह एक संयुक्त अभियान था। जिसमें सेना और जम्मू-कश्मीर में तैनात अन्य सुरक्षाबल जैसे जम्मू-कश्मीर पुलिस भी शामिल थी।*

रूस की धरती थर्राई, 30 बार महसूस किए गए झटके

## 8.7 तीव्रता का भूकंप, अमेरिका और जापान में 'सुनामी' का अलर्ट





एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस के पूर्वी तट पर कामचटका प्रायद्वीप के पास आए भूकंप ने तबाही मचा दी है। रिक्टर स्केल पर 8.7 तीव्रता वाले भूकंप से धरती कांपी तो लोग भी दहशत में आ गए। रूसी एजेंसी का कहना है कि भूकंप के बाद कामचटका में 30 से अधिक बार झटके महसूस किए गए। पलभर में तबाही के मंजर की आशंका को भांपते हुए लोग घरों से बाहर भागने लगे।

वहीं, भूकंप के बाद रूस के कुरील द्वीप समूह और जापान के बड़े उत्तरी द्वीप होक्काइडो के तटीय इलाकों में सुनामी आ गई। तमाम इलाकों के लिए सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। रूस के कामचटका में आए भूकंप के झटकों के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इसमें दिखा गया कि एक घर में बुरी तरह से सामान हिल रहा। एक अन्य वीडियो में एक कैंप में रखा सामान हिलता दिख रहा है। भूकंप के बाद कई बार 2 से 5 की ▶▶ शेष पेज 5 पर

### घरों के अंदर गिरी अलमारियां

*भूकंप के बाद रूस के सबसे बड़े शहर पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की में लोग सड़कों पर आ गए। घरों के अंदर अलमारियां गिर गईं, शीशे टूट गए, कारें सड़क पर क्षतिग्रस्त हो गईं और इमारतों में कांपती नजर आईं। इससे पहले जुलाई में कामचटका के पास समुद्र में पांच शक्तिशाली भूकंप आए थे- जिनमें से सबसे बड़ा भूकंप 7.4 तीव्रता का था। सबसे बड़ा भूकंप 20 किलोमीटर की गहराई पर और 180,000 की आबादी वाले पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की शहर से 144 किलोमीटर पूर्व में था। 4 नवंबर, 1952 को कामचटका में 9.0 तीव्रता के भूकंप से भारी नुकसान हुआ था*

### सुनामी का अलर्ट सायरन बजे

*रूस के कामचटका में आए भूकंप के बाद रूस के कुरील द्वीप समूह और जापान के बड़े उत्तरी द्वीप होक्काइडो के तटीय इलाकों में सुनामी आ गई। होनोलूलू में मंगलवार को सुनामी चेतावनी सायरन बजने लगे और लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने के लिए कहा गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि* ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्रीय संचार मंत्री ने लोकसभा में बताया संचार साथी पोर्टल के ज़रिए 5 लाख से ज़्यादा मोबाइल हैंडसेट बरामद

## दूरसंचार धोखाधड़ी रोकने के लिए एक करोड़ 36 लाख से ज़्यादा मोबाइल नंबर बंद किए गए: ज्योतिरादित्य सिंधिया

- सरकार द्वारा सुधारों को आगे बढ़ाने के साथ बीएसएनएल के ग्राहकों की संख्या बढ़कर 9 करोड़ 10 लाख हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बुधवार को लोकसभा में दूरसंचार धोखाधड़ी और सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल की वर्तमान स्थिति से जुड़ी प्रमुख चिंताओं पर चर्चा की। वे सांसदों के सवालों का जवाब दे रहे थे। केंद्रीय मंत्री ने साइबर धोखाधड़ी की रोकथाम को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए सदन को सूचित किया कि साइबर धोखाधड़ी पर अंकुश लगाने और लोगों को डिजिटल खतरों से बचाने के लिए एक बड़े राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू किया गया है। इसके अंतर्गत सरकार ने गृह ▶▶ शेष पेज 5 पर

सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग पर हुआ भारी भूस्खलन

पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढह गया

## केदारनाथ यात्रा पर तीन दिन के लिए लगा 'ब्रेक'

एजेंसी ▶▶ रुद्रप्रयाग



सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग पर भारी भूस्खलन हुआ है, जिसके चलते केदारनाथ यात्रा पर ब्रेक लग गया है। मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी आगे पहाड़ी का बड़ा हिस्सा ढहने से रुद्रप्रयाग-गौरीकुंड राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया है। यहां दोनों तरफ से आवाजाही ठप हो गई है। मौसम के ठीक होने पर बुधवार सुबह तक सड़क बहाल होने की उम्मीद थी, लेकिन भारी भूस्खलन के चलते सोनप्रयाग-गौरीकुंड पैदल मार्ग बंद हो गया। हाईवे बंद होने पर पुलिस ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग से दोतरफा आवाजाही को रोक दिया है। मंगलवार को शाम साढ़े छह बजे बारिश के बीच मुनकटिया से करीब डेढ़ किमी आगे ऊपरी तरफ चट्टान का बड़ा हिस्सा ▶▶ शेष पेज 5 पर

पिपरहवा निशानियां 1898 में खोजी गई थीं

## भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा निशानियों की 127 वर्षों के बाद भारत में 'वापसी'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा निशानियों की 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद देश में वापसी की सराहना करते हुए इसे देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक गौरवपूर्ण और खुशी का क्षण बताया। 'विकास भी, विरासत भी' की भावना को प्रतिबिंबित करते हुए एक वक्तव्य में पीएम मोदी ने भगवान बुद्ध के उपदेशों के प्रति भारत की अपार श्रद्धा तथा अपनी आध्यात्मिक एवं ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के प्रति राष्ट्र की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के लिए एक खुशी का दिन। भगवान ▶▶ शेष पेज 5 पर

निसार सैटेलाइट लॉन्च: इसरो-नासा ने पहली बार मिलकर बनाया सैटेलाइट, पूरी धरती पर रखेगा नजर

यह पृथ्वी का एमआरआई स्कैनर

# कामचटका जैसे भूकंप-सुनामी से पहले बजेगा खतरे का सायरन, बच सकेंगी लाखों जिंदगियां

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बादलों का सीना चीरता हुए बुधवार को निसार अपने सफर में निकला। जब निसार सैटेलाइट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5 बजकर 40 बजे सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया। इसरो और नासा की इस साझेदारी ने एक ऐसा सैटेलाइट पृथ्वी की कक्षा में भेजा, जो भूकंप, सुनामी, ज्वालामुखी, और भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं की पहले से चेतावनी देगा। इसे पृथ्वी का एमआरआई स्कैनर कहा जा रहा है, क्योंकि यह धरती की सतह की इतनी बारीक तस्वीरें ले सकता है कि सेंटीमीटर के बदलाव भी पकड़ लेता है। निसार सैटेलाइट मानव कौशल और दो अंतरिक्ष एजेंसियों (इसरो-नासा) के बीच एक दशक से अधिक समय तक जारी रहे तकनीकी सहयोग के आदान-प्रदान का परिणाम है। निसार का वजन 2,393 किलोग्राम है। जीएसएलवी-एस16 रॉकेट की लंबाई 51.7 मीटर है। चेन्नई से लगभग 135 किलोमीटर पूर्व में स्थित दूसरे ▶▶ शेष पेज 5 पर

निसार की सफल लॉन्चिंग भारत और दुनिया के लिए एक बड़ी उपलब्धि



### इसका नाम निसार क्यों?

इस सैटेलाइट को बनाने में करीब डेढ़ दशक का लंबा समय लगा है और साथ ही यह पहली बार है, जब भारतीय एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने साथ मिलकर संयुक्त रूप से इस सैटेलाइट का निर्माण किया है। इस सैटेलाइट का नाम है एनआईएसएआर (नासा-इसरो सिंथेटिक अपरचर रडार सेटेलाइट)। इस सैटेलाइट की सफल लॉन्चिंग से अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत और अमेरिका की साझेदारी की शुरुआत हुई।

### क्या है मिशन निसार?

- सैटेलाइट को सूर्य समकालिक कक्षा में स्थापित किया जाएगा, जहां से पूरी पृथ्वी पर नजर रखी जा सकेगी
- सैटेलाइट का कुल वजन 2,393 किलोग्राम है और यह 51.7 मीटर लंबा है।
- पहला चरण लॉन्चिंग का, दूसरा चरण सैटेलाइट की अंतरिक्ष में तैनाती का होगा, फिर इसके बाद सैटेलाइट को कमीशन किया जाएगा और फिर आखिरी विज्ञान चरण होगा।

## शिकायतकर्ता को दिया था एक हजार करोड़ का लोन दिलवाने का झांसा

# तमिल अभिनेता पांच करोड़ की धोखाधड़ी में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने तमिल अभिनेता पावर स्टार श्रीनिवासन को पांच करोड़ की धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी अभिनेता ने शिकायतकर्ता को यह कहकर जाल में फंसाया था कि उसके लिये एक हजार करोड़ के लोन की व्यवस्था करवा देगा। आरोपी 2018 से फरार था और इसे दो बार भगौड़ा घोषित किया जा चुका था। इसे चेन्नई से गिरफ्तार किया गया।



पुलिस के अनुसार फरवरी 2010 में ब्लू कोस्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट लिमिटेड कंपनी को हेनरी लालरेमसांगा, दीपक बंगा, अनिल वर्शने और रामानुज मुव्वला ने लोन दिलाने का दावा किया था। इन्होंने कंपनी को एस. श्रीनिवासन से मिलवाया, जिन्होंने खुद को बाबा ट्रेडिंग कंपनी का मालिक और बड़े-बड़े लोन दिलाने वाला बताया। शिकायतकर्ता ने 5 करोड़ रुपये उन्हें एडवांस दे दिए दिए, लेकिन न तो कोई लोन मिला और न ही रकम वापस लौटी। गारंटी के तौर पर मिला पोस्ट-डेटेड चेक भी बाउंस हो गया। जांच में पता चला कि 5 करोड़ की राशि कंपनी से बाबा ट्रेडिंग कंपनी फिर श्रीनिवासन व उनकी पत्नी के खातों में ट्रांसफर की गई। 50 लाख की नकद निकासी हुई और 4 करोड़ रुपये की एफडी बनाई गई, जिसे बाद में जब्त कर लिया गया। श्रीनिवासन खरीदारी के कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं कर सके और केस में उन्हें गिरफ्तार किया गया। वह जमानत पर बाहर आए और 15 दिन में रकम लौटाने का वादा किया, लेकिन सिर्फ 3.5 लाख ही लौटाकर अंडर ग्राउंड हो गए। पुलिस ने तकनीकी निगरानी व स्थानीय सूचना के माध्यम से श्रीनिवासन का पता लगाया और उन्हें चेन्नई के वानगरम क्षेत्र स्थित गोल्डन ट्रेजर अपार्टमेंट से 27 जुलाई को गिरफ्तार किया। श्रीनिवासन पर पहले भी चेन्नई में छह अलग-अलग धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं।

## 50 से अधिक मामलों में वांछित बदमाश अरेस्ट

**नई दिल्ली।** हत्या और जबरन वसूली सहित 50 से अधिक आपराधिक मामलों में वांछित 49 वर्षीय एक व्यक्ति को दक्षिणी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी गोविंदपुरी निवासी नीरज शर्मा को एक गुप्त सूचना के आधार पर साकेत स्थित 'सिलेक्ट सिटी वॉक मॉल' के पास से गिरफ्तार किया गया। शर्मा मधु विहार थाने में दर्ज वाहन चोरी के एक मामले में फरार चल रहा था। लंबे समय तक फरार रहने के बाद कोर्ट ने इसे भगोड़ा भी घोषित कर दिया था। पुलिस के अनुसार शर्मा एक आदतन अपराधी है और दिल्ली समेत आसपास के राज्यों में 50 से अधिक गंभीर आपराधिक मामलों में संलिप्त रहा है। इसके खिलाफ हत्या, जबरन वसूली, डकैती, सेंधमारी, चोरी और अवैध हथियार रखने जैसे मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि शर्मा को हत्या और जबरन वसूली के कुछ मामलों में दोषी ठहराया जा चुका है। इससे पहले जब भी उसे गिरफ्तार किया गया, वह पुलिस से बचने के लिए अलग पहचान बना लेता था।

## सीएम श्री स्कूल योजना में ग्रामीण क्षेत्रों की अनदेखी से नाराज कांग्रेस ने किया सीधा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की भाजपा सरकार की नई सीएम श्री स्कूल योजना में ग्रामीण क्षेत्रों की अनदेखी के आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने सीएम रेखा गुप्ता पर सीधा हमला बोला है। इस मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने आरोप लगाए है कि रेखा गुप्ता सरकार ने सीएम श्री स्कूल योजना में ग्रामीण क्षेत्रों की अनदेखी की है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के 33 चिन्हित सीएम श्री स्कूलों में ग्रामीण इलाकों के स्कूलों को जानबूझकर शामिल नहीं किया गया है, जो भाजपा की गांव-विरोधी मानसिकता और प्रशासनिक उपेक्षा को उजागर करता है। जबकि दिल्ली विधानसभा में दो दर्जन से अधिक विधायक ग्रामीण क्षेत्रों से चुनकर आए, बावजूद सरकार गांवों के ही बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित कर रही है। यह केवल लापरवाही नहीं, बल्कि एक सोची-समझी भेदभावपूर्ण नीति का हिस्सा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल शहरी क्षेत्रों में करोड़ों रुपये खर्च कर दिखावटी योजनाएं चला रही है। जबकि गांवों में न स्कूल की इमारतें दुरुस्त हैं, न शिक्षक पर्याप्त हैं और कई जगह तो बच्चे फर्श पर बैठकर पढ़ाई करने को विवश हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड निष्क्रिय पड़ा है और उसका बजट लगातार कम किया गया है। आम आदमी पार्टी सरकार ने भी ग़रीब-गांव विरोधी रवैया अपनाया जिसके चलते ग्राम विकास योजना का सिर्फ़ 10 प्रतिशत बजट ही खर्च किया गया। डॉ. नरेश ने भाजपा सरकार को चेतावनी दी है कि यदि गांवों को उनका अधिकार नहीं मिला तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर संघर्ष करेगी।

## गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहादत के कार्यक्रमों में शामिल होंगे मोदी-शाहः डीएसजीपीसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीपीसी) की तरफ से जानकारी दी गई है कि गुरु तेग बहादुर साहिब की 350वीं शहादत पर लाल किले पर होने वाले कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल होंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका ने बताया कि बुधवार को सीएम रेखा गुप्ता के साथ हुई बैठक में गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहादत को समर्पित कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में सीएम रेखा गुप्ता के अलावा मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा व कपिल मिश्रा तथा कमेटी के अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। कालका के अनुसार सीएम रेखा गुप्ता नवंबर महीने के अंतिम सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी, जिसमें सभी कार्यक्रमों को अंतिम रूप दे दिया गया। उन्होंने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए सीएम रेखा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर साहिब ने भारत में हिंदू धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहादत दी थी और आज दिल्लीवासियों को ही 350वां शहादत वर्षगांठ मनाने का सौभाग्य मिल रहा है। दिल्ली के इतिहास में यह पहली बार है जब दिल्ली सरकार को यह अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जो विश्वभर में लंबे समय तक याद रखे जाएंगे।

## पत्नी से झगड़े के बाद युवक ने सिग्नेचर ब्रिज से यमुना में लगाई छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पत्नी से झगड़े के बाद बुराड़ी का एक युवक सिग्नेचर ब्रिज पहुंचा। उसने बाइक साइड में लगाई और पत्नी को मैसेज किया। इसके बाद पर्स और मोबाइल बाइक पर ही रखकर ब्रिज से यमुना में छलांग लगा दी। इसी बीच दो पुलिसकर्मियों की उस पर नजर पड़ गई और बोट क्लब के सदस्यों के साथ मिलकर डूबते शख्स को बचा लिया गया। लोकेंद्र (30) पुराना कमालपुर गांव, बुराड़ी का रहने वाला है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार की शाम को तिमारपुर थाने के हवलदार अजय दहिया और ओम प्रकाश मोटरसाइकिल पर गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान उन्होंने सिग्नेचर ब्रिज पर अपनी मोटरसाइकिल रोकी और वहां से गुजर रहे वाहनों पर नजर रखने लगे। इसी बीच शाम लगभग



चार बजे उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति यमुना नदी में डूब रहा है। उन्होंने तुरंत उसकी जान बचाने के लिए नाविकों को बुलाया। कुछ ही देर में दो नाविक वहां पहुंच गए और उस व्यक्ति को पानी से निकालकर नदी के किनारे ले आए। पुलिसकर्मियों ने तुरंत उस व्यक्ति को तिब्बती कैंप, मजनू का टीला स्थित डिस्पेंसरी पहुंचाया और प्राथमिक उपचार के बाद वह व्यक्ति होश में आया। लोकेंद्र ने बताया कि वह अपनी पत्नी से झगड़े के कारण तनाव में था, इसलिए उसने आत्महत्या करने का फैसला किया था। इसके बाद पुलिस ने उसकी पत्नी को बुलाया, जो बचाए गए व्यक्ति के भाई के साथ वहां पहुंची और उसे सुरक्षित रूप से उनके हवाले कर दिया गया।

## अंधविश्वास को दूर करने में आर्य समाज की भूमिका महत्वपूर्ण : महापौर

**नई दिल्ली।** देश से सामाजिक कुरीतियां निवारण, अंधविश्वास को दूर करने में आर्य समाज की भूमिका महत्वपूर्ण है। शहीद भगत सिंह, लाला लाजपत राय, राम प्रसाद बिस्मिल जैसे क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्रोत महर्षि दयानंद सरस्वती थे। रोहिणी में 30 अक्टूबर से शुरू होने जा रहे विश्व आर्य महासम्मेलन को लेकर हाल ही में सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित बैठक में बतौर मुख्य अतिथि दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने यह बाते कही। उन्होंने आश्वासन दिया कि दिल्ली नगर निगम, दिल्ली सरकार इस कार्यक्रम को हर प्रकार से सफल बनाएगी। स्वामी प्रणवानंद सरस्वती, पार्षद रवि हंस ने भी प्रेरक विचार रखें। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सुरेश चंद्र आर्य ने जानकारी देते बताया कि सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा एवं दिल्ली आर्य प्रतिनिधि सभा के संयुक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 को स्वर्ण जयंती पार्क, रोहिणी सेक्टर 10 में अंतर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन का भव्य आयोजन होगा।

## महिला को ठगने वाले दो स्वयंभू आध्यात्मिक गुरु मेरठ से पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पटेल नगर इलाके में एक महिला को घर से नकारात्मक ऊर्जा दूर करने के बहाने ठगने वाले दो स्वयंभू आध्यात्मिक गुरुओं को गिरफ्तार किया गया है। महिला से अनुष्ठान करने का झांसा देकर 37 हजार रुपये ठगे गये थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मेरठ से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि एक आरोपी ने उससे संपर्क किया और कुछ अनुष्ठानों के माध्यम से उसकी निजी समस्याओं का समाधान करने का वादा किया। आरोपियों की पहचान 41 वर्षीय मोहम्मद नजीर और 30 वर्षीय मोहम्मद राजा खान के रूप में हुई है।



पुलिस ने बताया कि महिला ने 21 मई को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) (धोखाधड़ी) के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने कॉल रिकॉर्ड, बैंक लेनदेन और डिजिटल फुटप्रिंट का व्यापक तकनीकी विश्लेषण किया, जिससे उन्हें उत्तर प्रदेश के मेरठ में संदिग्धों तक पहुंचने में मदद मिली। पूछताछ के दौरान दोनों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने व्यापार, नौकरी, रिश्तों और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को सुलझाने का दावा करते हुए फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाए थे। पीड़िता को कुछ समय तक भावनात्मक रूप से बहकाया गया और उसे कई किस्तों में अलग-अलग खातों में 37,000 रुपये भेजने के लिए कहा गया। दोनों ने महिला का विश्वास जीतने और पैसे ऐंठने के लिए फर्जी अनुष्ठान वीडियो और धमकाने वाले संदेशों सहित धोखाधड़ी की सोची समझी साजिश रची। उन्होंने बताया कि संदिग्धों ने अपना सुराग छिपाने के लिए कई बैंक खातों का इस्तेमाल किया। जब पीड़ित महिला ने पैसे देना बंद कर दिया, तो आरोपियों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़ितों की पहचान करने और यह पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं कि आरोपियों ने इस तरह से और कितने लोगों को ठगा है।

## चाइनीज मांझे की पुलिस ने धरपकड़ शुरू की, एक दबोचा

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले की गोकलपुरी पुलिस ने चाइनीज मांझे के विक्रेता को गिरफ्तार किया है। इसके पास से प्रतिबंधित चीनी मांझे के 31 रोल बरामद हुये। पकड़े गये शख्स का नाम शोएब पुत्र मोहम्मद उस्मान, निवासी भागीरथी विहार बताया गया है। डीसीपी आशीष मिश्रा के अनुसार चीनी मांझे की बिक्री और भंडारण के प्रति शून्य सहनशीलता के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के अनुसार, उत्तर-पूर्वी जिला पुलिस प्रतिबंधित सामग्री के व्यापार में शामिल व्यक्तियों के बारे में खुफिया जानकारी एकत्र कर रही थी। 29 जुलाई को गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए इंस्पेक्टर परवीन कुमार एसएचओ गोकलपुरी के नेतृत्व में एक टीम ने शोएब को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से प्रतिबंधित चीनी मांझे के 31 रोल बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि उसने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान पतंग उड़ाने वालों को मोटे मुनाफे पर बेचने के लिए चीनी मांझा खरीदा था।

## स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली मेट्रो लाई यात्रियों के लिए माईगव पर सवाल जवाब प्रश्नोत्तरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन(डीएमआरसी) भारत के 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माईगव के साथ मिलकर एक सवाल जवाब प्रश्नोत्तरी का आयोजन कर रहा है। जिसमें भारत में मेट्रो प्रणालियों की वृद्धि और विकास के विभिन्न पहलुओं पर प्रश्न होंगे। इस बारे में प्राप्त जानकारी अनुसार भारत में मेट्रो प्रणाली ने जन परिवहन की परिभाषा को पूरी तरह बदल दिया है। तेज, विश्वसनीय और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा विकल्प देकर मेट्रो नेटवर्क शहरी गतिशीलता का प्रमुख आधार बन गया है। डीएमआरसी का कहना है कि आइए इस रोमांचक क्विज़ में भाग लें और भारत की प्रगति के इन आधुनिक प्रतीकों के बारे में अपनी जानकारी परखें। इसमें शीर्ष पाँच (5) विजेताओं का चयन उनके अंकों के आधार पर किया जाएगा और उन्हें उपयुक्त तिथि पर डीएमआरसी मुख्यालय आमंत्रित किया जाएगा। जहां उन्हें उनकी उपलब्धि के सम्मान में प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न आदि प्रदान किए जाएंगे। डीएमआरसी के अनुसार इस प्रश्नोत्तरी तक पहुंच केवल माईगव (**MyGov**) प्लेटफॉर्म के माध्यम से ही होगी। इसमें सभी भारतीय नागरिक भाग ले सकते है। जैसे ही प्रतिभागी स्टार्ट क्विज़ बटन पर क्लिक करेगा, क्विज शुरू हो जाएगी। यह एक निर्धारित समय वाली क्विज है जिसमें 10 प्रश्नों को 5 मिनट (300 सेकंड) में हल करना होगा। आपको अपना नाम, ईमेल पता, टेलीफोन नंबर और डाक पता देना आवश्यक होगा। अपनी जानकारी प्रस्तुत करके, आप इस क्विज के उद्देश्य और प्रचार सामग्री प्राप्त करने के लिए इसका उपयोग किए जाने की सहमति देंगे। एक बार प्रविष्टि जमा करने के बाद उसे वापस नहीं लिया जा सकता।

## ऑटो रिक्शा में लोगों का कीमती सामान चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नई दिल्ली।** मध्य जिला पुलिस ने ऑटो-रिक्शा में सहयात्री बनकर लोगों के कीमती सामान चुराने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 20 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण, 11 हजार रुपये नकदी और दो ऑटो-रिक्शा जब्त किए हैं, जिनका उपयोग वारदात को अंजाम देने में किया गया था। आरोपियों ने खुलासा किया कि वे रेलवे स्टेशन और भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास ऑटो चलाते थे और अकेले यात्रियों को निशाना बनाते थे। डीसीपी निधिन वाल्सन के अनुसार सात जुलाई को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने ऑटो में सवारी के दौरान सोने के आभूषण चोरी हो जाने की शिकायत आईपी एस्टेट थाने में दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्होंने निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ऑटो लिया था। रास्ते में यमुना पुल के पास आईटीओ पर तीन-चार अनजान लोग ऑटो में सवार हुए। जब वह आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंचे, तो उन्हें अपने बैग से सोने के आभूषण गायब मिले। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई।


**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
पंजी. कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद-121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, E-mail- cs@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 Web: www.frickweb.com

**सूचना**

**कम्पनी के इक्विटी शेयरों का आईईपीएफ प्राधिकरण के पदनामित डीमैट अकाउंट में स्थानांतरण**

यह सूचना निवेशक शिक्षा और अभिरक्षा निधि प्राधिकरण (अकाउंटिंग, ऑडिट, ट्रांसफर और रिफंड) नियमों 2016 और समय-समय पर संशोधित के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 ("एक्ट") की धारा 124 (6) के प्रावधानों के अनुसरण में प्रकाशित की जाती है, कम्पनी उन सभी शेयरों का जिनमें लाभांश का निरंतर 7 वर्षों अथवा उससे अधिक अवधि हेतु भुगतान / दावा नहीं किया गया है, का स्थानांतरण निवेशक शिक्षा और भविष्य निधि में करने का अधिकार-पत्र देना चाहती है।

उक्त नियमों की अपेक्षाओं के अनुपालन सहित, कम्पनी और/अथवा मै. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती) सम्बन्धित शेयरधारकों को जिनके शेयर आईईपीएफ प्राधिकरण के पदनामित डिमैट खाते में स्थानांतरित किये जाने योग्य है, को व्यक्तिगत रूप से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु संचारित कर रही है।

कम्पनी ऐसे शेयरधारकों और आईईपीएफ के डीमैट अकाउंट में स्थानांतरण हेतु देय इक्विटी शेयरों से सम्बन्धित पूर्ण विवरण इसकी वेबसाइट **www.frickweb.com**, पर भी अपलोड कर चुकी है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि अनकदीकृत लाभांशों और आईईपीएफ के पदनामित डीमैट अकाउंट में स्थानांतरण योग्य इक्विटी शेयरों के सम्बन्ध में विवरण के सत्यापन हेतु http://frickweb.com/wp-content/uploads/2025/07/IEPF-2-2023-24 AGM 21.09.24.pdf देखें।

- शेयरधारक यह नोट करें कि आईईपीएफ प्राधिकरण के पदनामित डीमैट अकाउंट में स्थानांतरण और / अथवा जमा करने योग्य इक्विटी शेयरों और लाभांशों के सम्बन्ध में कम्पनी और / अथवा मैसर्ज एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जानी जाती), रजिस्ट्रार और कम्पनी के शेयर ट्रांसफर एजेंट, इक्विटी शेयरों और उन पर लाभांश जो आईईपीएफ प्राधिकरण के पदनामित डिमेट खाते में जमा करने और/अथवा स्थानांतरण योग्य है, के सम्बन्ध में किसी भी दावे के लिये उत्तरदायी नहीं होंगे। गैर दावाकृत लाभांश और आईईपीएफ प्राधिकरण से सम्बन्धित शेयरों के स्थानांतरण के उपरांत तथापि पात्र शेयरधारक उनके गैर दावाकृत लाभांश और सम्बन्धित शेयरों के स्वामित्व की पात्रता के सम्बन्ध में आईईपीएफ प्राधिकरण को फॉर्म आईईपीएफ-5 जोकि http://www.iepf.gov.in/IEPF/corporates.html पर उपलब्ध एक आवेदन द्वारा उपरोक्त वर्णित आईईपीएफ नियमों 2016 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दावा कर सकते हैं।

सम्बन्धित शेयरधारकों, जो फिजिकल फॉर्म में इक्विटी शेयरधारण करते हैं और जिनके इक्विटी शेयर आईईपीएफ के पदनामित डीमैट अकाउंट में स्थानांतरण करने योग्य है - जैसा कि ऊपर वर्णन किया गया है, नोट करें कि कम्पनी उपरोक्त आईईपीएफ नियमों 2016 के अनुसार आईईपीएफ के पदनामित डीमैट अकाउंट में स्थानांतरित होने वाले मूल इक्विटी शेयरों के स्थान पर डुप्लीकेट इक्विटी शेयर सर्टिफिकेट जारी करेगी और ऐसे शेयर जारी करने के उपरांत उनके नाम / ों में पंजीकृत मूल इक्विटी शेयर सर्टिफिकेट/एस स्वतः रद्द हो जाएंगे और अपरक्राम्य समझे जाएंगे। शेयरधारक यह भी नोट करें कि कम्पनी द्वारा इसकी वेबसाइट पर अपलोड किये गये विवरण कम्पनी द्वारा डुप्लीकेट शेयर सर्टिफिकेट (एस) जारी करने के सम्बन्ध में उपरोक्त आईईपीएफ नियमों 2016 के अनुसरण में आईईपीएफ के पदनामित डीमैट खाते में इक्विटी शेयरों के स्थानांतरण के प्रयोजन हेतु पर्याप्त सूचना समझी जाए।

डीमैट रूप में रखे गए इक्विटी शेयरों के लिए, कंपनी आईईपीएफ प्राधिकरण के पक्ष में ऐसे शेयरों के हस्तांतरण के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से शेयरधारकों के संबंधित डिपॉजिटरी को सूचित करेगी।

*यदि कम्पनी को सम्बन्धित शेयरधारकों से 31 अक्तूबर 2025 तक कोई संचार प्राप्त नहीं होता तो कम्पनी सम्बन्धित आईईपीएफ नियमों 2016 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 के उपरोक्त प्रावधानों की आवश्यकताओं का पालन करने के विचार सहित, सम्बन्धित आईईपीएफ नियमों 2016 के साथ पठित अधिनियम के उपरोक्त प्रावधानों में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुरूप निर्धारित तिथि तक आईईपीएफ के नामित डिमैट अकाउंट में सम्बन्धित इक्विटी शेयर को हस्तांतरण करेगी।*

**उपरोक्त मामले में किसी पूछताछ हेतु कम्पनी के शेयरधारकों को निम्नलिखित से सम्पर्क करने का आग्रह किया जाता है :-**

| | |
|---|---|
| मैसर्ज एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप से जानी जाती), नोबल हाईट्स, प्रथम तल, प्लॉट नं. एनएच-2, सी-1 ब्लॉक, एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 (यूनिट : फ्रिक इंडिया लिमिटेड) श्री भारत भूषण, सहायक उपाध्यक्ष Tel: 011 - 4141 0592/93/94 Telefax:011-41410591 Email: delhi@in.mpms.mufg.com | फ्रिक इंडिया लिमिटेड श्री अमित सिंह तोमर कम्पनी सचिव 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, निकट एनएचपीसी चौक, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) Phone: 0129-2275691-94, Fax: 0129-2275695 Email: cs@frickmail.com Fax: 0129-2275695 |

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
अमित सिंह तोमर
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए46813

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 31 जुलाई, 2025



**फ्रिक इंडिया लिमिटेड**
FRICK
पंजी. कार्यालय : 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद-121003
CIN - L74899HR1962PLC002618, E-mail- cs@frickmail.com,
Ph. 0129-2275691-94, 2270546-47 : Fax: 0129-2275695 Web: www.frickweb.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 के लागू प्रावधानों, उनके तहत बनाए गए नियमों के अनुसरण में और कम्पनी मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी सामान्य सरकुलर्स अर्थात सामान्य सरकुलर नं. 09/2024 दिनांक 19 सितम्बर 2024, 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023, 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022, 02/2022 दिनांक 05 मई 2022, 03/2022 दिनांक 05 मई 2022, 19/2021 दिनांक 08 दिसम्बर 2021, 21/2021 दिनांक 14 दिसम्बर 2021, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021 और सामान्य सरकुलर नं. 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020 के साथ पठित सामान्य सरकुलर नं. 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 और सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020 और सामान्य सरकुलर नं. 22/2020 दिनांक 15 जून 2020 (सामूहिक रूप से 'एमसीए सरकुलर्स' के रूप में संदर्भित) और सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79 दिनांक 12 मई 2020 के तहत, सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021, SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022, सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 05 जनवरी 2023, सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्तूबर 2023 और सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/PoD-2/CIR/P/0155 दिनांक 11 नवम्बर 2024 के तहत भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड द्वारा जारी सरकुलर्स के अनुसार।

उपरोक्त सामान्य सरकुलर के अनुसरण में, कम्पनी मामलों का मंत्रालय (एमसीए) ने कम्पनियों की कुछ श्रेणियों को 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु उनकी वार्षिक सामान्य बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) अथवा अन्य ऑडियो विजुअल साधनों (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित करने और वित्तीय विवरण (बोर्ड की रिपोर्ट, अंकेक्षकों की रिपोर्ट अथवा यहां इसके साथ संलग्न किये जाने अपेक्षित अन्य दस्तावेजों समेत) तथा सामान्य बैठकों की सूचनाएं सदस्यों को केवल ई-मेल के माध्यम से जो कम्पनी अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं, भेजने की अनुमति प्रदान कर दी है। इसके अतिरिक्त, सेबी ने सरकुलर नं. SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी 2021 तथा SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 के तहत सदस्यों को वार्षिक रिपोर्ट्स की हार्ड प्रति प्रस्तुत करने की आवश्यकता के सम्बन्ध में प्रदान की गई छूट को 31 दिसम्बर 2022 तक बढ़ा दिया है। वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना, सहित सभी अनुलग्नक समेत वित्तीय विवरण कम्पनी की वेबसाइट www.frickweb.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स www.msei.in पर भी उपलब्ध होंगे। इसके अतिरिक्त, सेबी सरकुलर नं. SEBI/HO/DDHS/DDHS-PoD-1/P/CIR/2025/83 दिनांक 05 जून 2025 के अनुसरण में उपरोक्त छूट 30 सितम्बर 2025 तक बढ़ा दी गई है। यद्यपि, वार्षिक रिपोर्ट, वित्तीय विवरणों (बोर्ड की रिपोर्ट, अंकेक्षकों की रिपोर्ट अथवा यहां इसके साथ संलग्न किये जाने अपेक्षित अन्य दस्तावेजों समेत) और वार्षिक सामान्य बैठक को सूचनाओं की हार्ड प्रतियां सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएंगी जो इसके लिये आग्रह करेंगे और पूर्ण वार्षिक रिपोर्ट का वेब लिंक इसको पूर्णतया प्राप्त करने के लिये शेयरधारकों को सक्षम बनाने के लिये विज्ञापन द्वारा प्रकाशित की जानी एजीएम की सूचना में उपलब्ध होगा।

हम सभी शेयरधारकों से, जो कम्पनी / डिपॉजिटरीज के पास अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, उन सभी से हम बिना किसी अवरोध के और शीघ्रता से सभी संचार प्राप्त करने के उद्देश्य से तुरन्त ऐसा करने का आग्रह करते हैं। रिकार्ड्स में सही ई-मेल पते को अद्यतन करने से आपके साथ प्रभावपूर्ण तरीके से संचार करने में हमें मदद मिलेगी। इस प्रयोजन हेतु, हम शेयरधारकों से आग्रह करते हैं जो अपने ई-मेल पते और स्थाई खाता संख्या अद्यतन नहीं करवा चुके हैं, कृपया नीचे वर्णित लिंक को फॉलो करके अपना फोलियो नम्बर / डीपी / ग्राहक आईडी, सर्टिफिकेट नम्बर, पैन, मोबाइल नम्बर, ई-मेल आईडी उद्धरित करते हुये अपने पैन कार्ड / आधार / वैध पासपोर्ट / शेयर सर्टिफिकेट की एक स्व-सत्यापित प्रति सहित कृपया इसे अद्यतन करें :

सदस्यों के ई-मेल आईडी के पंजीकरण हेतु प्रक्रिया :-

(i) **डिमैट होल्डिंग** :- डिमैट रूप में कम्पनी के इक्विटी शेयरधारण करने वाले सदस्य जो अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, लिंक : https://web.in.mpms.mufg.com/EmailReg/Email_Register.html पर क्लिक करके और उसमें बताये अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करते हुये एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रा. लि. के पास अपने ई-मेल पते को अस्थाई तौर पर पंजीकृत करवा सकते हैं। सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि विवरण जैसे नाम, डीपीआईडी, क्लाइंट आईडी/पैन/मोबाइल नम्बर और ई-मेल आईडी प्रदान करें और सीएमएल, पैन, आधार कार्ड और प्रपत्र आईएसआर-1 की इमेज पीडीएफ अथवा जेपीईजी प्रारूप (1 एमबी तक) अपलोड भी करें। शेयरधारकों द्वारा विवरण जमा करवाने पर शेयरधारक द्वारा एक ओटीपी प्राप्त किया जाएगा जो प्रमाणीकरण हेतु लिंक में एंटर करने की आवश्यकता होगी। किसी प्रश्न के मामले में, सदस्य हैल्प सेक्शन के तहत rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com, को लिख सकते हैं अथवा टेली. नं. : 022-49186000 पर कॉल कर सकते हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि ई-मेल पते के स्थाई पंजीकरण और आपके डिमैट अकाउंट में बैंक विवरण के लिये, सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि सम्बन्धित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ('डीपी') के पास पहुंचें और डीपी द्वारा परामर्श दी गई प्रक्रिया का पालन करें।

(ii) **फिजिकल होल्डिंग** :- भौतिक रूप में कम्पनी के इक्विटी शेयरधारण करने वाले सदस्य जो अपने ई-मेल पते पंजीकृत नहीं करवा चुके हैं, लिंक : https://web.in.mpms.mufg.com/EmailReg/Email_Register.html पर क्लिक करके और उसमें बताये अनुसार पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करते हुये एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्रा. लि. के पास अपने ई-मेल पते को पंजीकृत करवा सकते हैं। सदस्यों से आग्रह किया जाता है कि विवरण जैसे नाम, फोलियो नम्बर, सर्टिफिकेट नम्बर, पैन, मोबाइल नम्बर और ई-मेल आईडी प्रदान करें और पैन, आधार कार्ड, शेयर सर्टिफिकेट और प्रपत्र आईएसआर-1, आईएसआर-2 की इमेज पीडीएफ अथवा जेपीईजी प्रारूप (1 एमबी तक) अपलोड भी करें। शेयरधारकों द्वारा विवरण जमा करवाने पर शेयरधारक द्वारा एक ओटीपी प्राप्त किया जाएगा जो प्रमाणीकरण हेतु लिंक में एंटर करने की आवश्यकता होगी। किसी प्रश्न के मामले में, सदस्य हैल्प सेक्शन के तहत rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com, को लिख सकते हैं अथवा टेली. नं. : 022-49186000 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, हम एतद् द्वारा अपने सभी शेयरधारकों से अनुरोध करते हैं कि जिन्होंने अभी तक अपने बैंक अकाउंट विवरणों को अपडेट नहीं किया है कृपया लाभांश की राशि, आगे जाकर, जब भी और जैसे भी यह घोषित होती है, इलैक्ट्रोनिक क्रेडिट को आसान बनाने के लिये इसको अद्यतन करवाएं। आपके फोलियो में बैंक खाता विवरण पंजीकरण हेतु, कृपया अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट अथवा हमारे रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट मै. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप में जाना जाता) से सम्पर्क करें। यह आपकी सूचना और रिकार्ड हेतु है।

**उपरोक्त मामले में किसी पूछताछ हेतु कम्पनी के शेयरधारकों को निम्नलिखित से सम्पर्क करने का आग्रह किया जाता है :-**

| | |
|---|---|
| मै. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (पूर्व में लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के रूप से जानी जाती), नोबल हाईट्स, प्रथम तल, प्लॉट नं. एनएच-2, सी-1 ब्लॉक, एलएससी, निकट सावित्री मार्केट, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 (यूनिट : फ्रिक इंडिया लिमिटेड) श्री भारत भूषण, सहायक उपाध्यक्ष Tel: 011 - 4141 0592/93/94 Telefax:011-41410591 Email: delhi@in.mpms.mufg.com | फ्रिक इंडिया लिमिटेड श्री अमित सिंह तोमर कम्पनी सचिव 21.5 किमी., मेन मथुरा रोड, निकट एनएचपीसी चौक, फरीदाबाद-121003 (हरियाणा) Phone: 0129-2275691-94, Fax: 0129-2275695 Email: cs@frickmail.com Fax: 0129-2275695 |

कृते व निदेशक मंडल की ओर से
फ्रिक इंडिया लिमिटेड
हस्ता/-
अमित सिंह तोमर
कम्पनी सचिव
सदस्यता सं. ए46813

स्थान : फरीदाबाद
दिनांक : 31 जुलाई, 2025


### जलभराव लोगों के लिए बना सिर दर्द

# लगातार बारिश से दिल्ली हुई हलकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

लगातार दूसरे दिन बुधवार को हुई मानसूनी बारिश की वजह से जगह जगह जलभराव ने दिल्ली को हलकान करके रख दिया। थोड़ी देर की बारिश में जलभराव से यातायात की रफ्तार पर ब्रेक लगना अब लोगों के लिए भारी सिर दर्द बन गया है। हालांकि मौसम विभाग ने पहले हल्की बारिश की सूचना दी थी, लेकिन शाम के समय झमाझम बारिश होने लगी। दिल्ली के पंजाबी बाग, पंजाबी बाग ट्रांसपोर्ट सेंटर, रानी बाग, श्रीनगर रानी बाग, शकूरपुर, त्रिनगर, ब्रिटानिया चौक व आसपास, आजादपुर, पीतमपुरा, पीरागढ़ी सहित कई क्षेत्रों में जलभराव देखने को मिला। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) द्वारा शाम साढ़े छह बजे जारी आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के पालम में सबसे ज्यादा पालम में 28.3 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि सफदरजंग वेधशाला ने 15.0 मिमी बारिश दर्ज की है। वहीं पूसा में 12.5 मिमी, लोधी रोड 7.7 मिमी, नजफगढ़ में 3.0 मिमी और आया नगर में 1.6 मिमी बारिश देखने



को मिली। जबकि सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटों में दिल्ली में सबसे ज्यादा रिज एरिया में 129.8 मिमी पानी बरसा। जबकि इसी दौरान सफदरजंग वेधशाला ने दिल्ली में 68.1 मिमी बारिश दर्ज की। आईएमडी के अनुसार अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.7 डिग्री सेल्सियस नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि गुरुवार के दिल्ली में आसमान पर बादल छाए रहेंगे।

कई स्थानों पर दिन के समय एक या दो बार हल्की बारिश देखने को मिल सकती है। वहीं रात को गरज व बिजली के साथ छिटपुट स्थानों पर मध्यम बारिश की संभावना है।

बता दें कि बुधवार को दिल्ली के अनेक क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश के चलते अधिकांश क्षेत्रों में घंटो जलभराव से जनजीवन प्रभावित हो गया था।




# केंद्र ने दिल्ली को दी 821 करोड़ 26 लाख रुपये की विशेष सहायता : रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार को 821.26 करोड़ रुपये की विशेष सहायता राशि प्रदान कर दी है। विशेष बात यह है कि इसमें से 66 प्रतिशत राशि भी तुरंत जारी कर दी गई है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दी है। मुख्यमंत्री ने बताया क इस राशि का उपयोग स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल आदि जन सेवाओं से जुड़ी योजनाओं पर व्यय किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इस राशि को मंजूर करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है और कहा है कि उनके मार्गदर्शन से देश की राजधानी सही मायनों मे विकसित दिल्ली बनने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने 'राज्यों के लिए पूंजीगत निवेश हेतु विशेष सहायता योजना' (एसएएससीआई) 2025-26 के अंतर्गत दिल्ली के विकास के लिए 821.26 करोड़ रुपये यह राशि मंजूर की है। केंद्र सरकार से मिली इस विशेष सहायता राशि से दिल्ली के बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा। बुनियादी ढांचे का विकास होने से ही दिल्ली का सर्वांगीण विकास हो पाएगा। मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इसमें से 716.00 करोड़ रुपये की राशि पार्ट-एक के अंतर्गत 33 बहु-प्रतीक्षित बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए मंजूर की गई है।

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और वित्त मंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री इस बात के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की है कि कुल स्वीकृत राशि का 66 प्रतिशत हिस्सा (प्रथम किश्त) तुरंत जारी कर दिया गया, जिससे परियोजनाओं के शीघ्र आरंभ करने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसके अलावा 105.26 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि (पार्ट-3 के अंतर्गत) एमआरटीएस फेज-4 के प्रायोरिटी कॉरिडोर से संबंधित परियोजनाओं के लिए स्वीकृत की गई है।

# पीडब्ल्यूडी के टेंडरों में ठेकेदार को अब देनी होगी अतिरिक्त परफॉर्मेंस की गारंटी : प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ सस्ते में टेंडर, घटिया काम अब नहीं चलेगा, मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के नेतृत्व में विभाग ने टेंडर प्रक्रिया में सख्ती लाने के लिए लागू की नई व्यवस्था

दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की टेंडर प्रक्रिया में सख्ती लाने के लिए दिल्ली सरकार ने सभी आगामी टेंडरों में एक 'अतिरक्त परफॉर्मेंस गारंटी' की अनिवार्यता लागू करने का निर्णय लिया है, जो असामान्य रूप से कम बोली लगाने वालों पर लागू होगा। इस बात की जानकारी पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बुधवार को दी। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि यह निर्णय सिर्फ आर्थिक सुरक्षा के लिए नहीं है, बल्कि यह जवाबदेही और जनधन के प्रति सम्मान का प्रतीक है। जब कोई ठेकेदार अव्यवहारिक रूप से कम राशि पर टेंडर लेता है और फिर काम अधूरा छोड़ देता है या घटिया गुणवत्ता का काम करता है, तो नुकसान आम जनता को उठाना पड़ता है। हमारा लक्ष्य यह है कि जनता का एक-एक रुपया ठोस, समय पर और गुणवत्तापूर्ण सार्वजनिक कार्यों में बदले। हम एक ऐसा पारदर्शी और उत्तरदायी पीडब्ल्यूडी बना रहे हैं जो नागरिकों को प्राथमिकता देता है। यह ऐतिहासिक कदम दिल्ली में सड़कों, फ्लाईओवरों, सार्वजनिक भवनों और अन्य उच्च-मूल्य वाली परियोजनाओं के टेंडरिंग के तरीके में बड़ा बदलाव लाएगा। इससे सुनिश्चित होगा कि केवल वही ठेकेदार बोली लगाएं जो तकनीकी और वित्तीय रूप से सक्षम हों और अपने कोट किए गए रेट पर गुणवत्तापूर्ण काम करने की क्षमता रखते हों। मंत्री प्रवेश ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

# प्रेम और सम्मान किसी भी भाषा की दूरी से परे हैं : मुख्यमंत्री

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आंध्र प्रदेश से आए वैश्य समाज के लोगों के बीच पहुंच कर सम्मान स्वीकार किया। उन्होंने न सिर्फ लोगों के उनके प्रति प्रेम और सम्मान को सराहा बल्कि लोगों को समाज और देश के समृद्धि में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित भी किया। यह सम्मान समारोह 'आंध्र प्रदेश राज्य आर्य वैश्य युवजन संगम' (एवीवाईएस) द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से अपने व्यय पर आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर संगठन के राज्य अध्यक्ष दीपाकुंतलां शबरी प्रसाद, भारतीय जनता युवा मोर्चा (बीजेवाईएम) आंध्र प्रदेश के अध्यक्ष मिट्टा वामसी कृष्णा सहित कई गणमान्यजन उपस्थित रहे। आगंतुकों ने मुख्यमंत्री को सम्मानित करते हुए कहा कि यह उनके लिए गर्व का विषय है कि उनके समाज की बेटी मुख्यमंत्री पद पर आसीन है। उन्होंने रेखा गुप्ता को न केवल वैश्य समाज बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बताया। वामसी कृष्णा ने कहा कि मुख्यमंत्री, आप न केवल हमारे समाज का बल्कि पूरे नारी समाज का गौरव बढ़ा रही हैं। आपके नेतृत्व में दिल्ली ने उत्कृष्ट कार्य कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। लोगों के स्नेह से अभिभूत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आपकी आंखों में झलकता प्रेम यह सिद्ध करता है कि सच्चे सम्मान और रिश्तों की कोई भाषा या दूरी नहीं होती। बिना किसी स्वार्थ के भी संबंध बनते हैं और पीढ़ियों तक मजबूत रहते हैं। मैं आप सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूं कि आप इतनी दूर से यहां पहुंचे। लोगों को प्रेरित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि निष्ठा और सजगता से किया गया कर्म कभी व्यर्थ नहीं जाता। उन्होंने अपनी जीवन यात्रा साझा करते हुए कहा मैं एक साधारण परिवार में जन्मी और आज इस पद पर हूं, यह ईश्वर की कृपा है। यदि आप अपने कर्म में सच्चे और अपने सपनों के प्रति समर्पित हैं, तो सफलता अवश्य मिलती है।

## नैनी झील को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी दिल्ली सरकार : कपिल मिश्रा

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार मॉडल टाउन स्थित नैनी झील क्षेत्र को पारिवारिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगी। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा ने बुधवार को समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया कि दिल्ली पर्यटन विभाग और दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन विकास निगम (डीटीटीडीसी) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मॉडल टाउन नैनी झील परियोजना पर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में नैनी झील के पुनरोद्धार और सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व में घोषित प्रस्तावों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में नैनी झील क्षेत्र को पारिवारिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कई प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार किया गया। इनमें शिकारा और गोंडोला नावों का संचालन, रेसिंग बोट और वॉटर स्कूटर जैसी गतिविधियां शामिल हैं। मंत्री कपिल मिश्रा ने निर्देश दिए कि इन सभी गतिविधियों के संचालन से पहले सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जाए, जिसमें झील परिसर में सीसीटीवी निगरानी, लाइफ गार्ड्स, और आपातकालीन रेस्क्यू सिस्टम की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

## आवारा कुत्तों की समस्या पर हुई बैठक

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम क्षेत्र में बढ़ती आवारा कुत्तों के काटने की गंभीर समस्या को देखते हुए मंगलवार को स्थायी समिति द्वारा गठित की गई उप समिति (कुत्ता कमेटी) की मंगलवार को बैठक हुई। स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा की मौजूदगी में हुई बैठक में आवारा कुत्तों की समस्या के समाधान के लिए विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता उप समिति के अध्यक्ष व स्थायी समिति के उपाध्यक्ष सुंदर सिंह ने की। बैठक के बाद उप समिति अध्यक्ष सुंदर सिंह ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि कुत्तों की नसबंदी करने का अभियान तेज करने के लिए वर्तमान में कार्यरत गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) से नए सिरे से संवाद स्थापित किया जाएगा और साथ ही अन्य सक्षम संस्थाओं को भी इस प्रक्रिया से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा अन्य गैर-सरकारी संगठनों को भी आमंत्रित किया जाए। वहीं, सदस्य राजपाल सिंह और योगेश वर्मा ने बताया कि इसके अलावा आवारा कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने में आड़े आ रहे नियमों को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार से मदद मांगी जाए, वही आवारा कुत्तों की नसबंदी करने का कार्यक्रम विधानसभा स्तर पर तय किया जाए।

# एमसीडी कब तक चुकाएगी खरबों की बकाया राशि

## निगम प्रशासन ने नहीं दिया जवाब, साधी चुप्पी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की हर वर्ष आमदनी चवन्नी और खर्चा कई रुपयों से अधिक रहता है जिसके चलते एमसीडी पर अब दिल्ली सरकार के दिल्ली जल बोर्ड की दो खरब रुपए से भी अधिक राशि बकाया हो गई है। 30 जून 2025 तक एक आरटीआई से यह खुलासा हुआ है। वहीं बता दें कि हर बजट के दौरान निगम आयुक्त द्वारा आमदनी बढ़ाने की बात कही जाती है लेकिन यदि इसी हिसाब से एमसीडी आयुक्त के आय बढ़ाने के कदम जारी रहे तो एमसीडी को दिल्ली जल बोर्ड का 2,61,34,44,86,698 रुपए (दो खरब, इकसठ अरब, चौंतीस करोड़, चवालीस लाख, छियासी हजार, छह सौ अट्ठानवे रुपये) की जल शुल्क बकाया राशि को अनेकों वर्ष लग जाएगें। वहीं, इस संबंध में निगम के प्रेस एवं सूचना निदेशालय से जानकारी मांगी तो कोई जवाब नहीं दिया गया और प्रशासन ने चुप्पी साध ली।

### आय को बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे हैं कदम

बता दें कि निगम आयुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में करीब 16 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया था और वित्तीय वर्ष 2025-26 में करीब 17 हजार रुपए का बजट पेश किया था और इस वित्तीय वर्ष के बजट भाषण के दौरान आयुक्त अश्विनी ने कहा था कि निगम की 14 हजार करोड़ रुपए की देनदारी है और विभिन्न माध्यमों से आय को बढ़ाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।



खबर संक्षेप

## पुलिसकर्मियों के लिए चेकअप कैंप आयोजित

**फरीदाबाद।** पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी 24 घंटे 7 दिनों रहती है, किसी भी आपातकालीन स्थिति में



उनको कानून व्यवस्था के लिए तुरंत ड्यूटी पर जाना होता है। इस प्रकार पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव भी पड़ते हैं जिनको ध्यान में रखते हुए उच्च अधिकारियों द्वारा समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के माध्यम से पुलिस कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप कराया जाता है।

## युवती को अगवा किया लव जिहाद का आरोप

**गाजियाबाद।** थाना इंदिरापुरम क्षेत्र में बुधवार को लव जिहाद का मामला प्रकाश में आया है। इसको



लेकर यूपी के परिजनों ने अभय खंड पुलिस चौकी के बाहर प्रदर्शन किया। यह लोग गायब हुई युवती को बरामद करने की मांग कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि दूसरे समुदाय का एक युवक उनकी लड़की को अगवा करके ले गया है और पूरी तरह से यह मामला लव जिहाद का है।

## हत्या के मामले में आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** हत्या के मामले में क्राईम ब्रांच सैन्ट्रल टीम ने एक और आरोपी को काबू कर लिया है।



उल्लेखनीय है विगत 22 जुलाई को बीरपाल सरपंच कॉलोनी सेक्टर 20 फरीदाबाद की मैनहेटन माल के पास उसके दोस्तों ने हत्या कर दी थी जिस मामलें में मृतक के भाई बबलू की शिकायत पर थाना में हत्या की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि अंतोष उर्फ संतोष निवासी सरपंच कॉलोनी सेक्टर 20 फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है।

# यात्रा अनुभव और यात्रियों की सहायता के लिए नमो भारत चैम्पियंस की शुरुआत

### उद्देश्य यात्रियों की सेवाओं में निरंतर सुधार लाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




नमो भारत यात्रा अनुभव को दिनों-दिन बेहतर बनाने की दिशा में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए एनसीआरटीसी ने एक समग्र यात्री सहभागिता कार्यक्रम 'नमो भारत चैम्पियंस' की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य यात्रियों की सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सेवाओं में निरंतर सुधार लाना है।

यात्रियों के लिए, यात्रियों के द्वारा के सिद्धांत पर आधारित यह पहल, नमो भारत यात्रियों की सार्थक भागीदारी से निरंतर संवाद और फीडबैक के लिए एक सहयोगात्मक मंच तैयार करेगी। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत इच्छुक यात्रियों का एक नेटवर्क तैयार किया जाएगा, जिसमें वे लोग स्वैच्छिक रूप से शामिल होंगे जो नमो भारत कॉरिडोर पर सेवाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने में योगदान देना चाहते हैं। ये 'चैम्पियंस' नमो भारत प्रणाली के जिम्मेदार और कुशल उपयोग को बढ़ावा देंगे और रचनात्मक सुझावों व सहयोग के माध्यम से इसके विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। मान्यता प्राप्त 'नमो भारत चैम्पियंस' अन्य यात्रियों के लिए एक मिसाल कायम करेंगे। वे उपयुक्त यात्रा व्यवहार, उपलब्ध यात्री सुविधाओं, स्टेशन और ट्रेनों में पालन किए जाने वाले नियमों के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। उन्हें नमो भारत सिस्टम से जुड़ी जरूरी जानकारी और आवश्यकता पड़ने पर मदद के लिए संपर्क विवरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। यह कार्यक्रम एनसीआरटीसी के लिए एक प्रभावी फीडबैक तंत्र के रूप में भी कार्य करेगा, जिससे सेवाओं में सतत सुधार और यात्रियों के समग्र अनुभव को बेहतर बनाया जा सकेगा। विशिष्ट समुदाय का हिस्सा बनकर उत्तरदायी सार्वजनिक परिवहन के दूत के रूप में कार्य करेंगे।

### सदस्यता की पुष्टि का संदेश ईमेल के जरिए प्राप्त होगा

यात्रियों के योगदान को मान्यता देने के लिए एनसीआरटीसी ने एक व्यापक पहचान तंत्र विकसित किया है। इस नेटवर्क के सदस्यों को सेवा अपडेट्स और अन्य संबंधित जानकारियों की प्राथमिक सूचना दी जाएगी। उन्हें परियोजनाओं के शुभारंभ, विशेष आयोजनों और सहयात्रियों के साथ सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों जैसे विशेष अवसरों में भाग लेने का अवसर भी मिलेगा। सक्रिय भागीदारों को विभिन्न सम्मान कार्यक्रमों के लिए पात्र माना जाएगा और उन्हें एनसीआरटीसी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और यात्री न्यूज़लेटर नमो भारत टाइम्स में भी प्रस्तुत किया जा सकता है। 'नमो भारत चैम्पियंस' समुदाय से जुड़ने के इच्छुक यात्री स्टेशन पर प्रदर्शित आधिकारिक क्यूआर कोड, या एनसीआरटीसी की वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स (एक्स, फेसबुक, इंस्टाग्राम और लिंक्डइन) के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। यहां सफल पंजीकरण होने के बाद सदस्यता की पुष्टि के साथ स्वागत संदेश ईमेल के ज़रिए प्राप्त होगा।

### मुकेश वशिष्ठ को सीएम का दोबारा मीडिया कॉर्डिनेट बनाया, पत्रकारों ने दी बधाई

# गुरुग्राम में पत्रकारों के लिए हाउसिंग सोसाइटी बनाने का सीएम के समक्ष रखूंगा प्रस्तावः मुकेश वशिष्ठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पत्रकारों की मांगों की सरकार के समक्ष मजबूती से पैरवी करेंगे | चंडीगढ़ के बाद गुरुग्राम सबसे बड़ा सेंटर, सुविधाओं में होगा इजाफा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ को दोबारा से इस पद का दायित्व मिलने पर जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम (जेएजी) की और से बुधवार को उनका स्वागत किया गया। पत्रकारों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि पत्रकारों के हित में वे और बेहतरी से काम करेंगे और पत्रकारों की समस्याओं, पत्रकारों की मांगों की सरकार के समक्ष मजबूती से पैरवी करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी भी मौजूद रहे।

यहां स्वर्ण जयंती पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह के कांफ्रेंस हॉल में जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम (जेएजी) के प्रधान संजय यादव समेत पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ का स्वागत किया। अपने संबोधन में मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम (जेएजी) के वे आभारी हैं कि अपने बीच के साथी को उन्होंने इतना सम्मान दिया है। वे विश्वास दिलाते हैं कि पत्रकारों के हित के लिए जो भी उनसे बन पाएगा, वह काम कराएंगें। पहले भी पत्रकारों के हितों के लिए उन्होंने हमेशा काम किया है। पूर्व के कार्यकाल में भी उन्होंने अपने दायित्व को बखूबी निभाते हुए गुरुग्राम में प्रेस क्लब बनवाने में भूमिका निभाई। प्रेस क्लब में जल्द ही सभी सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए वे जिला प्रशासन से बात करेंगे। उन्होंने अगस्त माह के अंत तक प्रेस क्लब का उद्घाटन कराने की बात कही और बताया की वे इस विषय पर सीएम नायब सिंह सैनी से चर्चा कर चुके हैं।

**खास बातें**

- *सीएम के मीडिया कॉर्डिनेटर ने गुरुग्राम में अपने स्वागत कार्यक्रम में कही यह बात*
- *अगस्त माह के अंत तक प्रेस क्लब का उद्घाटन की बात कही*



### यह पत्रकार उपस्थित रहे

इस अवसर पर उपस्थित पत्रकारों में एसोसिएशन सचिव अभिषेक, पत्रकार अभिषेक अग्रवाल, उमेश गर्ग, राजेश यादव, प्रवेश चौहान, प्रवीन कुमार, धर्मेंद्र कौशिक, प्रवीण जमदग्नि, संजय खन्ना, संजय मेहरा, गौरव दुल, संजय राठौर, धर्मबीर शर्मा, हरप्रीत सिंह, करन जय सिंह, योगेश कुमार, राजू चित्रा, देवेंद्र भारद्वाज, नीरज अम्बावता, अनुज पांचाल, जितेंदर कुमार, बिजेंद्र कुमार, सतबीर भरद्वाज, संजय खन्ना, हिमांशु नायक समेत काफी पत्रकार मौजूद रहे।

### प्रेस क्लब में हर जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होंगी

*जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम (जेएजी) के प्रधान संजय यादव ने कहा कि जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम (जेएजी) के प्रयासों में अपने प्रयास मिलाकर मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने प्रेस क्लब बनवाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। सरकार से जमीन दिलाने से लेकर अन्य कार्यों में उनका योगदान सराहनीय है। गुरुग्राम के पत्रकारों के बीच रहकर उन्होंने हर कदम पर उनके हितों के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब का गुरुग्राम में पहली बार निर्माण संभव हो पाया है। इसके लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी साधूवाद के पात्र हैं। उनके द्वारा पत्रकारों के लिए यह नेक कार्य किया गया है। संजय यादव ने कहा कि इस प्रेस क्लब में सिर्फ राजनीतिक ही नहीं, सामाजिक आयोजनों को भी किया जाएगा।*

### सरकार से चर्चा करेंगे

मीडिया कॉर्डिनेटर वशिष्ठ ने कहा कि हर लिहाज से चंडीगढ़ के बाद गुरुग्राम सबसे बड़ा सेंटर है। ऐसे में यहां पर मीडिया को भी उस तरह की सुविधाएं मिलनी जरूरी हैं। मीडिया के लिए हाउसिंग सोसायटी बनाने की पैरवी करते हुए कहा कि इस पर वे सरकार से चर्चा करेंगे। प्रयास रहेगा कि इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द सिरे चढ़ाया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि पत्रकारों के लिए एक्रिडेशन पॉलिसी में बदलाव करके नियमों को आसान बनाने का वे प्रयास करेंगे, ताकि सभी पत्रकारों के एक्रिडेशन आसानी से हो सकें। सीएम के मीडिया कॉर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि हरियाणा में पत्रकारों के हितों के लिए सरकार ने सदा सकारात्मक कार्य किए हैं। हरियाणा में पत्रकारों को 15 हजार रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है। ऐसा पहले किसी राज्य में नहीं था। सबसे पहले हरियाणा ने इसकी पहल की। बाद में अन्य राज्यों ने भी हरियाणा का अनुसरण करते हुए पेंशन राशि को बढ़ाने का काम किया। जिला मुख्यालयों पर मीडिया सेंटर बनाए गए।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मुकेश, पुत्रः विश्वामित्र, पताः म. नं. बी–1 / 152, शिव राम पार्क, निहाल विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 296/19, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मुकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मुकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 296/19, U/s 379/411 IPC, पुलिस थाना सराय रोहिल्ला, दिल्ली** के अभियुक्त **मुकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मनुज कौशल
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–04
केंद्रीय, कमरा नं. 37
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/10040/N/2025

**SAINIK FINANCE & INDUSTRIES LIMITED**

**Regd. Office-** 129, Transport Centre, Rohtak Road, Punjabi Bagh, New Delhi - 110035
**Corporate Office:** 7th Floor, Corporate Office Tower, Ambience Mall, N.H.48, Gurugram-122002
**E-mail:** info@sainik.org **Website:** www.sainikfinance.com
CIN: L26912DL1991PLC045449
**Telephone No.-** 011-28315036/0124-2719000 **Fax No.-** 011-28315044/ 0124-2719100

**NOTICE OF SPECIAL WINDOW FOR RE-LODGEMENT OF TRANSFER REQUEST OF PHYSICAL SHARES**

Pursuant to SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated 2nd July, 2025, Shareholders are hereby informed that a Special Window has been opened only for relodgement of transfer deeds which were lodged prior to the deadline of 1st April, 2019 and rejected/returned/not attended, due to deficiency in the documents/ process or other reasons. This relodgement window shall remain open for a period of six months i.e. from 7th July, 2025 till 6th January, 2026.

During this period, the shares/securities that are re-lodged for transfer including those requests that are pending with the Company shall be processed and issued only in dematerialized form, subject to verification and approval of all documents by the Company and the Registrar and Share Transfer Agent, Indus Shareshree Private Limited ('RTA').

The lodger must have a demat account and provide its Client Master List ('CML'), along with the transfer documents and share certificate, while lodging the documents for transfer with RTA. Transfer requests submitted after 6th January, 2026 will not be accepted by the Company/RTA.

Shareholders are requested to send their transfer requests along with the required documents to tile following address:

Indus Shareshree Private Limited
G-65, Bali Nagar New Delhi-110015
Tel. No.: 91 -11-47671200; Toll Free No.: 1800 3094001
Email Id: ippl@indusinvest.com

For Sainik Finance & Industries Limited
Sd/-
Piyush Garg
Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 30.07.2025

15 अगस्त तक अधिसूचना जारी नहीं हुई तो राष्ट्रव्यापी आंदोलन करेंगे

# घोषणा के साढ़े छह महीने बाद भी वेतन आयोग का गठन न करना निंदनीयः अध्यक्ष लांबा

एजेंसी ▶▶ फरीदाबाद

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ ने केंद्र सरकार की घोषणा के साढ़े छह महीने बीत जाने के बाद भी आठवें केन्द्रीय वेतन आयोग का गठन न करना निंदनीय है और करोड़ों कर्मचारियों एवं पेंशनर्स के साथ धोखा है। महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा ने दो टूक कहा कि अगर 15 अगस्त तक केन्द्र सरकार ने वेतन आयोग के गठन की अधिसूचना जारी नहीं की तो केंद्रीय एवं राज्य सरकारी कर्मचारी और शिक्षक राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जिसके लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार होगी।

ओपीएस बहाली, आठवें पे कमीशन का गठन, ठेका कर्मियों की रेगुलराइजेशन, सार्वजनिक क्षेत्र एवं जन सेवाओं के निजीकरण पर रोक, खाली पदों को मेरिट के आधार पर भर बेरोजगारों को रोजगार, एनईसी की वापसी, 18 महीने के बकाया डीए डीआर रिलीज करना, सरकारी स्पोर्ट से कैशलैस मेडिकल सुविधा आदि कर्मचारियों की प्रमुख मांगे हैं।



उन्होंने कहा कि जब तक उक्त मांगों का समाधान नहीं होगा देश के करोड़ों कर्मचारी एवं शिक्षकों का आंदोलन जारी रहेगा। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की महत्वपूर्ण मीटिंग 16-17 अगस्त को आयोजित की जाएगी। घोषणा के साढ़े छह महीने बीत जाने के बावजूद वेतन आयोग की अधिसूचना जारी न करने और अन्य लंबित मांगों को लेकर केंद्र एवं राज्य सरकार के घोर निंदनीय रवैये के खिलाफ राष्ट्रव्यापी आंदोलन की योजना बनाई जाएगी।

# 45 लाख रुपए के लूटे गए मोबाइल फोन पुलिस ने मालिकों को लौटाए

### *परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया*

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद



गाजियाबाद पुलिस ने बुधवार को 45 लाख रुपए के मोबाइल फोन स्वामियों को वापस लौटाए। ये सभी मोबाइल बदमाशों ने लूट थे या फिर चोरी किए थे।

अपने लूटे गई मोबाइल पाकर स्वामियों के चेहरे खिल उठे तथा उन्होंने इसके लिए पुलिस का आभार व्यक्त किया। डीसीपी नगर धवल जायसवाल ने बताया कि नगर जोन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सभी थानों व सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा भिन्न-भिन्न कंपनियों के कुल 211 मोबाइल (अनुमानित कीमत 45 लाख रुपए) रिकवर कर मोबाइल स्वामियों को लौटाए गए। सी.ई.आई.आर. (सेंट्रल इकीपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल पर नगर जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के विभिन्न थानों पर मोबाइल चोरी, स्नैचिंग व मोबाइल खोने आदि की प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही की गई। विभिन्न कंपनियों के कुल 211 मोबाइल बरामद किए गए। जिनकी अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपए है।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**विज्ञापन सं. 17/2025** **प्रकाशन की तिथि : 31.07.2025**

आयोग कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा में कृषि विकास अधिकारी (प्रशासनिक कैडर) (ग्रुप–बी) के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणी वार ब्रेक–अप निम्नानुसार है :–

| पदों का नाम | सामान्य/यूआर | एससी | | पिछड़ी श्रेणियां | | ईडब्ल्यूएस | कुल | ईएसएम (अनारक्षित) | पीडब्ल्यूबीडी (न्यून दृष्टि) | पीडब्ल्यूबीडी (श्रवण बाधित) | पीडब्ल्यूबीडी (लोकोमोटर अक्षमता अथवा सेरेब्रल पाल्सी) | पीडब्ल्यूबीडी (आईडी/एमडी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ओएससी | डीएससी | बीसी–ए (हरि. के नॉन क्रीमी लेयर) | बीसी–बी (हरि. के नॉन क्रीमी लेयर) | | | | | | | |
| कृषि विकास अधिकारी (प्रशासनिक कैडर) | 448 | 83 (5 बैकलॉग + 78 नये) | 84 (5 बैकलॉग + 79 नये) | 57 | 24 | 89 | 785 | 36 | 7 | 7 | 7 | 6 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 05.08.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 25.08.2025 **अप. 05:00 बजे तक**
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 25.08.2025 **अप. 05:00 बजे तक**
विस्तृत जानकारी के लिये, लॉग ऑन करें **https://hpsc.gov.in**

दिनांक : 30.07.2025
हस्ता/– सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद–1156/13/340/2026/37179/88/7 दि. 30.07.25

# पॉश सोसाइटी में डॉग ने महिला पर किया हमला, बुरी तरह जख्मी

### *वीडियो हुआ वायरल, महिला मॉर्निंग वॉक पर निकली थी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम गोल्फ कोर्स स्थित एक पॉश सोसाइटी में डोमेस्टिक डॉग द्वारा महिला पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। महिला अपने परिजनों व परिचितों के साथ सोसाइटी में मॉर्निंग वॉक कर रही थी। आसपास टहल रहे लोगों ने बड़ी मशक्कत के बाद महिला को डोमेस्टिक डॉग से छुड़वाया।

हमले में महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। जिसको लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। वहीं इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह घटना गोल्फ कोर्स रोड के एक रिहायशी इलाके में हुई। यह इलाका अपने लग्जरी हाई-राइज अपार्टमेंट्स डीएलएफ कैमेलियास के लिए जाना जाता है। गोल्फ कोर्स रोड की एक सोसाइटी में रहने वाली महिला रेड टीशर्ट में रविवार सुबह करीब 7 बजे मॉर्निंग वॉक के लिए निकली थी। इस दौरान कई और लोग भी वॉक कर रहे थे। फुटपाथ पर एक महिला डॉग को पकड़ कर ले जा रही है। सामने से आ रही लाल टी-शर्ट पहनी महिला जैसे ही वहां से गुजरी, अचानक डॉग ने उस पर हमला कर दिया। उसने महिला का हाथ अपने जबड़ों में दबोच लिया। महिला चीखती-चिल्लाती रही, लेकिन डॉग ने हाथ नहीं छोड़ा। महिला रोड पर गिर गई। हालांकि डॉग को लेकर जा रही महिला ने भी उसे छुड़ाने का प्रयास किया, लेकिन डॉग ने नहीं छोड़ा। इस पर पास ही मौजूद अन्य लोगों ने डॉग के मुंह पर कई बार लात मारी जिसके बाद उसने महिला को छोड़ा। लेकिन इस बीच महिला बुरी तरह से जख्मी हो गई। लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया, प्राथमिक इलाज के बाद उसे घर भेज दिया गया। यह पूरा घटनाक्रम सोसाइटी के टावर एफ से जे के बीच जाने वाले रास्ते पर हुआ और यहां लगे सीसीटीवी कैमरे में यह पूरा घटनाक्रम कैद हो गया। जिसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस घटना को उजागर करने और कुत्तों से सावधान रहने के लिए कहा गया है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 हिसार जिला (आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र) ग्रुप नं. 15 में 2 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण (I) भोडिया बिश्नोइयान से धरनिया रोड आरडी 0.00 से 4.700 (रोड आईडी 10422) (II) भाना से खैरमपुर रोड आरडी 0.00 से 5.700 (रोड आईडी 12097) + 8 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.08.2025 | 3637.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | कार्य कार्यक्रम 2025-26 हिसार जिला (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) (ग्रुप नं. 2) में बालावास-दुबेटा-तलवंडी रूक्का रोड आरडी 0.000 से 11.200 तक (रोड आईडी 4766) रोड का मजबूतीकरण। | बंद होने की तिथि 11.08.2025 | 528.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9878384499 pwd-eepd1-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | रतिया जिला फतेहबाद में एसडीओ सिविल कॉम्पलैक्स (ज्यूडिशियल ब्लॉक) में लिफ्ट का प्रावधान + 1 कार्य। | 29.07.2025 08.08.2025 | 45.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिला (रोड आईडी 4873) (नलवा निर्वाचन क्षेत्र) में हिसार बाईपास से गांव हिन्दवान मोड़ आरडी 3.700 से 11.000 तक हिसार बालासमंद रोड (एमडीआर-107) की 4 लेनिंग (डेकोरेटिव पोल सहित लाइट का प्रावधान केवल)। | 29.07.2025 11.08.2025 | 147.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में (हांसी निर्वाचन क्षेत्र) (रोड आईडी 5266) 5.50 मी. से 10.00 मी. तक चौड़ा करने और मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा हांसी उमरा सुल्तानपुर कंवारी रोड की विशेष मरम्मत (एचटी/एलटी लाइन्स की शिफ्टिंग केवल) (बकाया कार्य) + 2 कार्य। | 29.07.2025 07.08.2025 | 37.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लोनिवि विश्राम गृह के अतिरिक्त खण्ड में सब स्टेशन और डीजी सैट के लिए लाइटिंग अरेस्टर और शैड के साथ-साथ सम्बद्ध सामग्री का प्रावधान। | 30.07.2025 05.08.2025 | 2.93 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में इलैक्ट्रिक मीटर चेम्बर के सीटी/पीटी की खरीद के लिए निविदा। | 04.08.2025 11.08.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार, नूह | एसएचकेएम जीएमसी में ईंधन और रखरखाव सहित चालक के साथ एक ट्रैक्टर ट्रॉली को किराये पर लेने की निविदा। | 04.08.2025 17.08.2025 | ईएमडी 10,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 9 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में कॉफी शॉप के लिए ई-नीलामी के सम्बन्ध में। | 04.08.2025 19.08.2025 | ईएमडी 6,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | आरडी 240200 भाकरा मेन ब्रांच पर क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 07.08.2025 | 2.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xensrs.swd@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज झज्जर | 7.11- कलोई ब्लॉक व जिला झज्जर में श्री राम धर्मशाला में कमरे का निर्माण। | 28.07.2025 05.08.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव फतेहपुर बिल्लोच ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में आयुष डिस्पेंसरी का निर्माण, जीएडी + 5 कार्य। | 29.07.2025 04.08.2025 | 220.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 13 | सिविल सर्जन, पानीपत | एनएचएम पानीपत के तहत मुद्रण सामग्री के लिए ई-निविदा आमंत्रण। | 29.07.2025 08.08.2025 | ईएमडी 50,000/- | http://haryanaeprocurement.gov.in | 9729745110 dampanipat@gmail.com |
| 14 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला, हरियाणा | जल गैस और सीवरेज के लिए के-7 और के-9 श्रेणियों के 100 मिमी से 1200 मिमी डाया तक आकार के आईएसआई मार्क्ड सेंट्रीफ्यूगली कास्ट (स्पन) डक्टाइल आयरन प्रैशर पाइप्स का दो वर्षीय दर अनुबंध। | 31.07.2025 29.08.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 15 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | 05 वर्ष के लिए बीएस-IV एमिशन नॉर्म्स पूरा करने वाली 150 पूर्णतया निर्मित डीजल इंजन मिनी बसों के एएमसी हेतु एजेंसी/फर्म को किराये पर लेने के लिए ऑनलाइन निविदा आमंत्रण के लिए प्रस्ताव। | 30.07.2025 21.08.2025 | 27 करोड़ | http:www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in** पीआरडीएच–11/2026/300/37195/I/88/7 दि. 30.07.25

## खबर संक्षेप

### आज रांची आएंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू!



रांची। आज राष्ट्रपति के रांची आगमन को लेकर दो दिनों के लिए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया गया है। काफिला गुजरने से ठीक 5 मिनट पहले बाइलेन को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा और काफिले के गुजरने के बाद वरीय अधिकारियों के आदेश पर ही इन्हें खोला जाएगा। 31 जुलाई को शाम 4 से 7 बजे और 1 अगस्त को सुबह 7 से 10 बजे के बीच इस मार्ग का उपयोग कम से कम करें।

### युवक की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या



रांची। झारखंड के गढ़वा में खौफनाक घटना सामने आई है। यहां के कांडी थानांतर्गत मंडरा गांव में स्थानीय युवक 35 वर्षीय सुनील पासवान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना बुधवार सुबह सात बजे की है। सूचना पर पहुंची पुलिस को परिजनों और ग्रामीणों ने शव उठाने से रोक दिया है। उक्त लोग अपराधी की गिरफ्तारी और डीसी-एसपी को घटनास्थल पर बुलाने की मांग पर अड़े हैं।

### ईंट भट्ठा संचालक की अपहरण के बाद हत्या



पटना। वैशाली जिले के बिदुपुर थाना क्षेत्र से ईंट भट्ठा संचालक का अपहरण कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सारण जिले के रहने वाले नीतीश कुमार के रूप में हुई है। शव मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, नीतीश कुमार मंगलवार को अपने ड्राइवर के साथ बिदुपुर स्थित अपने ईंट भट्ठा के लिए निकले थे।

---

**अयोध्या में भूवैज्ञानिक सर्वे की शुरूआत सितंबर में होगी**

# इंटरनेशनल सिटी को विकसित करने से पहले की जाएगी जमीन की स्थायी, भूकंप रोधी और पर्यावरण अनुकूल जांच

*अयोध्या में भव्य राम मंदिर तैयार हो गया है और कई बड़ी परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं। अब ज़मीन का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण होगा ताकि आने वाले भविष्य के निर्माण कार्य सुरक्षित और गुणवत्ता युक्त हों*

एजेंसी ▶▶ अयोध्या


प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में 500 साल लंबे संघर्ष के बाद भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो गया है। मंदिर के साथ-साथ अयोध्या में हजारों करोड़ की बड़ी परियोजनाएं भी लगभग पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता में शामिल अयोध्या अब हर दिन नए रिकॉर्ड बना रहा है। अब यहां की जमीनों का भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण भी किया जाएगा ताकि भविष्य में होने वाले बड़े निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा को सुनिश्चित किया जा सके। अयोध्या को एक इंटरनेशनल सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

यहां कई बड़ी परियोजनाएं पहले ही पूरी हो चुकी हैं और कई प्रोजेक्ट्स पर काम तेजी से चल रहा है। भविष्य में अयोध्या में और भी बड़े निर्माण हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि यहां की जमीन स्थायी, मजबूत, भूकंप रोधी और पर्यावरण के अनुकूल हो। इसी को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक स्तर पर जमीन की जांच जरूरी मानी गई है।

**खास बातें**

- भूकंप और पर्यावरणीय असर का विश्लेषण किया जाएगा
- भविष्य की परियोजनाओं के लिए जमीन की स्थिति परखी जाएगी

### सर्वे के आधार पर निर्माण से जुड़ी गाइडलाइन तय होगी



भविष्य की परियोजनाओं के लिए जमीन की स्थिति को परखना जरूरी है। भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के जरिए मिट्टी की स्थिरता, भूकंप का प्रभाव और पर्यावरणीय असर का विश्लेषण किया जाएगा। इसके आधार पर निर्माण से जुड़ी गाइडलाइंस तय होंगी। इन मानकों पर खरा उतरने के बाद ही परियोजनाओं को अनुमति दी जाएगी। इस प्रक्रिया को लेकर छह महीने पहले ही कमिश्नर गौरव दयाल ने जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया को पत्र लिखा था।

---

**यूपी में सीएम योगी ने किया युवा कॉन्क्लेव का शुभारंभ**

# युवा उद्यमियों के सपनों को मिलेंगे पंख नौ जिलों के हॉस्टल में बढ़ेंगी सुविधाएं

*यूपी सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अगले चरण की भव्य शुरुआत लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुई है। उधर योगी सरकार ने पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और कदम उठाया है*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अगले चरण की भव्य शुरुआत लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दो दिवसीय युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो का उद्घाटन किया। योगी सरकार ने इस कॉन्क्लेव को 'वन स्टॉप बिजनेस प्लेटफॉर्म' के रूप में डिज़ाइन किया है, जहां आइडिया से लेकर उद्यम शुरू करने तक की पूरी यात्रा को सरल बनाया गया है।

उधर, योगी सरकार ने पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं की सुविधा बढ़ाने की दिशा में एक और कदम उठाया है। प्रदेश के 9 जिलों में स्थित छात्रावासों की सुविधाएं अब और बेहतर की जाएंगी। इसके लिए पांच करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस योजना में लखनऊ, प्रयागराज, बहराइच, गोंडा, महोबा, हमीरपुर, मुरादाबाद, मेरठ, संत रविदासनगर के छात्रावासों का अनुरक्षण किया जाएगा। इन जिलों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ने वाले पिछड़े वर्ग के छात्रों को इससे सीधा लाभ मिलेगा।

**खास बातें**

- दो करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा
- युवा उद्यमी विकास अभियान के अगले चरण की भव्य शुरुआत
- पिछड़े वर्ग के छात्रों को इससे सीधा लाभ मिलेगा

### पांच युवाओं की सक्सेस स्टोरी बनी प्रेरणा






मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें पांच युवा उद्यमियों की सफलता की कहानियां देखकर बेहद खुशी हुई। इन युवाओं ने सरकार की योजना का लाभ लेकर उद्यम की दुनिया में अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि युवाओं की इन सक्सेस स्टोरी को हाईलाइट करें, ताकि बाकी युवा भी इससे प्रेरणा लें।

### एमएसएमई बना रोजगार का प्रमुख साधन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सेक्टर ने कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार दिया है। अकेले इस क्षेत्र में 2 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि अगर सरकार कृषि को सहयोग देना बंद कर दे, तो 3 करोड़ परिवार प्रभावित होंगे। अगर एमएसएमई प्रभावित हुआ, तो 5 करोड़ लोग सीधे-सीधे प्रभावित होंगे।

### चीनी उत्पादों की जगह स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने कहा, 2017 से पहले त्योहारों पर बाजार में चीनी सामान की भरमार रहती थी। लोग पैसा लगाते थे और मुनाफा चीन को जाता था। आज बाजार में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के सामान बिकते हैं और उसका लाभ प्रदेश के कारीगरों को मिलता है। सरकार ने योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को 1000 दिन तक लाइसेंस से मुक्ति दी है, ताकि उन्हें शुरुआती चरण में किसी प्रकार की बाधा का सामना न करना पड़े।

---

**'प्रगति यात्रा' के दौरान अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश**

# सीएम नीतीश ने जहानाबाद के बाराबर क्षेत्र में विकास कार्यों का लिया जायजा



एजेंसी ▶▶ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड अंतर्गत ऐतिहासिक बाराबर (वाणावर) क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने वाणावर पर्वत स्थित बाबा सिद्धेश्वरनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर श्रावणी मेले में आए श्रद्धालुओं का अभिवादन किया। उन्होंने मेले की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलाभिषेक के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि होनी चाहिए। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाराबर (वाणावर) गुफाएं भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर का अभिन्न हिस्सा हैं।

### 50 करोड़ की विकास योजना

मुख्यमंत्री ने वर्ष 2025 में अपनी 'प्रगति यात्रा' के दौरान बाराबर गुफाओं और आसपास के क्षेत्र के समग्र विकास की घोषणा की थी। इसके अंतर्गत 50 करोड़ रुपए की विकास योजना को स्वीकृति दी गई है। इस योजना में गुफाओं तक पहुंचने के लिए सीढ़ियों का निर्माण, पर्यटक सुविधाओं का विकास, और लघु संग्रहालय का नवीनीकरण शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाराबर गुफाएं मौर्यकालीन स्थापत्य कौशल का उत्कृष्ट उदाहरण हैं और यह स्थल इतिहास, धर्म, कला और वास्तुकला में रुचि रखने वाले पर्यटकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

---

## पेज एक का शेष

### पाकिस्तानी खाद-पानी...

परिषद में इस हमले पर चर्चा के बाद बयान जारी किया जाना था। तब पाकिस्तान ने टीआरएफ का नाम बयान से हटाने की पूरी कोशिश की थी। हमले का जवाब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से पाक और पीओके में मौजूद आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर दिया है।

**टीआरएफ विदेशी आतंकी संगठनः अमेरिका :** 15 सदस्यीय यूएनएससी ने 25 अप्रैल को पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए एक बयान जारी कर दोषियों को सजा देने की मांग की थी। यहां ध्यान देने वाली बात ये है कि पाकिस्तान यहां भी अपनी चालबाजी दिखाने में कामयाब रहा और उसने परिषद के बयान से टीआरएफ का नाम हटा दिया था। इसी जुलाई महीने में अमेरिका ने भी टीआरएफ को विदेशी आतंकी संगठन (एफटीओ) और विशेष रूप से प्रतिबंधित वैश्विक आतंकी संगठन (एसडीजीटी) घोषित किया है। उसका कहना है कि उसका ये निर्णय भारत और अमेरिका की आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को लेकर बनी हुई साझा प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

**भारत ने मार गिराए तीनों हमलावर आतंकी :** पहलगाम का जवाब भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दिया। सेना, वायुसेना ने बिना अंतरराष्ट्रीय सीमा-एलओसी को पार किए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 9 आतंकी कैंपों में छिपे बैठे लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद के 100 से ज्यादा आतंकवादियों को चंद मिनटों में मौत के घाट उतार दिया। इसकी प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने बौखलाहट दिखाने की कोशिश की थी। जिसे भारतीय सुरक्षाबलों ने कामयाब नहीं होने दिया। दोनों देशों की सेनाओं के बीच 7 से 10 मई तक जबरदस्त सैन्य संघर्ष चला। लेकिन जब पाकिस्तान को ये अहसास हो गया कि अब उसकी कोई नापाक चाल भारत पर नहीं चलेगी तो उसने 10 मई को संघर्षविराम का राग अलापना शुरू किया। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच 10 मई को शाम 5 बजे से संघर्षविराम लागू हुआ। जो वर्तमान में भी जारी है। गृहमंत्री अमित शाह ने हाल ही में लोकसभा में ऑपरेशन महादेव के जरिए पहलगाम आतंकी हमले के दोषी 3 आतंकियों को मार गिराने का ऐलान किया है।

**जल्द मुकर गया था टीआरएफ :** रिपोर्ट के मुताबिक, टीआरएफ ने पहले हमले के तुरंत बाद इसकी जिम्मेदारी ली और उसके साथ ही घटनास्थल से जुड़ी एक तस्वीर भी दुनिया के सामने जारी कर दी थी। लेकिन यहां चौंकाने वाला तथ्य यह है कि आतंकी संगठन ने 26 अप्रैल को हमला करने वाले अपने पुराने कबूलनामे से साफ तौर पर मुकर गया। इसके बाद उसकी तरफ से न ही इस मामले में कुछ कहा गया और न ही किसी और आतंकवादी संगठन ने पहलगाम हमले के संबंध में कोई दावा किया।

**बढ़ते अलकायदा के नापाक इरादे :** रिपोर्ट में अलकायदा के भारतीय उपमहाद्वीप में अपने नापाक इरादों (आत्मविश्वास और महत्वकांक्षाएं) को बढ़ाने का जिक्र किया गया है। जिनमें अफगानिस्तान में मौजूद छोटे आकार वाले 3 प्रशिक्षण केंद्र शामिल हैं। इनका इस्तेमाल अलकायदा और टीटीपी के लड़ाकों को प्रशिक्षण देने के लिए किया जा रहा है।

### 25 फीसदी टैरिफ संग रूस...

अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान के प्रभावों का आकलन कर रही है। केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है। यहां सबसे ज्यादा चौंकाने वाला तथ्य यह है कि ट्रंप ने टैरिफ को लेकर भारत को बीते समय में दी गई 1 अगस्त तक की छूट की समय-सीमा के खत्म होने से लगभग डेढ़ दिन पहले यह घोषणा की गई है।

**भारत पर टैरिफ लगाने की ट्रंप की वजह :** एक्स पर 30 जुलाई को की गई एक पोस्ट में अमेरिका के राष्ट्रपति ने भारत को मित्र बताते हुए कहा कि बीते कुछ वर्षों में उनके द्वारा लगाए गए अत्यधिक टैरिफ की वजह से हमने भारत के साथ कम व्यापार किया है। भारत के टैरिफ बहुत अधिक नहीं बल्कि दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। जो कि अमेरिका को उसका व्यापार बढ़ाने से रोकते हैं। ट्रंप ने भारत द्वारा रूस से की जा रही कच्चे तेल की खरीद के अलावा सैन्य हथियारों की खरीद को लेकर भी अपनी पोस्ट में नाराजगी जताई है और कहा कि एक तरफ दुनिया चाहती है कि रूस यूक्रेन पर किया गया अपना हमला रोके। लेकिन वहीं भारत है कि उससे लगातार अपने व्यापार में बढ़ोतरी कर रहा है। उसका यह कदम गलत है। इन सभी मामलों को देखने के बाद अमेरिका ने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला किया है। जो कि एक अगस्त से प्रभावी हो जाएगा।

### मोदी सरकार का...

है कि ये लोग (विपक्ष) क्यों भाग रहे हैं, ये इसलिए भाग रहे हैं क्योंकि इतने सालों तक अपने वोटबैंक के चक्कर में आतंकवाद को रोकने के लिए इन्होंने कुछ नहीं किया। इसलिए ये लोग ये डिबेट सुन ही नहीं सकते हैं। ये अपने एलओपी को बोलने नहीं देते और यहां पीएम के संबोधन पर अड़े हैं।

**साइंटिफिक जांच में पहलगाम में इस्तेमाल की पुष्टिः** शाह ने राज्यसभा में बताया कि पहलगाम में आतंकियों ने जिन राफल्स का इस्तेमाल किया था उसे बरामद किया गया। उसकी साइंटिफिक जांच की गई और इसमें कोई शक नहीं है कि उन्हीं आतंकियों ने हमले को अंजाम दिया था। आतंकियों के पास से 44 कारतूस भी बरामद किए गए, जिसकी जांच की गई और उसी का इस्तेमाल हमले में किया गया था। उन्होंने बताया कि चेहरे की पहचान भी कैमरे से हुई है। आतंकियों के चेहरे का मिलान हो चुका है।

### राज्यसभा में पीएम मोदी ...

*कर गया। विपक्ष की ओर से यह तीखा विरोध उस समय सामने आया जब "ऑपरेशन सिंदूर" और "पहलगाम आतंकी हमला" जैसे अत्यंत गंभीर मुद्दों पर 16 घंटे लंबी बहस के बावजूद प्रधानमंत्री न तो सदन में आए और न ही इन मुद्दों पर कोई बयान दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में मुख्य सचेतक श्री जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "प्रधानमंत्री द्वारा राज्यसभा का घोर अपमान किए जाने के विरोध में, इंडिया गठबंधन के दल राज्यसभा से वाकआउट कर गए हैं। प्रधानमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर एवं पहलगाम आतंकी हमले पर 16 घंटे लंबी बहस के अंत में न केवल जवाब देने से इनकार किया, बल्कि सदन में उपस्थित होना तक उचित नहीं समझा।" जयराम रमेश ने इसे संसदीय परंपरा और लोकतांत्रिक जवाबदेही के खिलाफ बताया। विपक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जवाबदेही से बच रहे हैं। गठबंधन के नेताओं ने कहा, जब पूरा देश राष्ट्रीय सुरक्षा और कश्मीर की स्थिति को लेकर चिंतित है, उस समय प्रधानमंत्री का सदन में अनुपस्थित रहना अस्वीकार्य और अलोकतांत्रिक है। बहस के लिए समय देना पर्याप्त नहीं है, उत्तरदायित्व का निर्वहन भी उतना ही आवश्यक है। ये बात अलग है कि लोकसभा में प्रधानमंत्री ने तफसील से एक घंटा चालीस मिनट तक चर्चा का जवाब दिया,लेकिन विपक्ष का आरोप है कि राज्यसभा में यह पहली बार नहीं है- प्रधानमंत्री अकसर गंभीर मुद्दों पर उच्चसदन के प्रति मौन रहते हैं और जवाब देने से बचते हैं। ये मामला गुरूवार को तूल पकडेगा। विपक्षी दलों ने इसे मुद्दा बनाने का मन बनाया है।*

### ऑपरेशन महादेव के बाद...

की मजबूत तैनाती बनी हुई है। जिसका मकसद पाकिस्तान और उसके नापाक आतंकी इरादों का मुंहतोड़ जवाब देना है। यह जानकारी सेना ने 30 मई को जारी किए गए अपने एक बयान के जरिए दी है।

**भारी मात्रा में हुई हथियारों की बरामदगी :** ऑपरेशन शिवशक्ति में सुरक्षाबलों ने आतंकियों से भारी मात्रा हथियार और गोलाबारूद बरामद किए हैं। जिसमें गोलाबारूद के साथ 2 असॉल्ट राइफलें, 1 पिस्टल, हैंड ग्रेनेड, 2 आईईडी, दवाइयां, संचार के उपकरण और रसद (लॉजिस्टिक) का बाकी सामान शामिल है। इससे यह साफ हो जाता है कि आतंकवादी घुसपैठ को लेकर बड़े पैमाने पर तैयारी के साथ आगे बढ़ रहे थे। यह अभियान पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी संगठनों के नापाक मंसूबों के लिए गहरा आघात है। जो लगातार केंद्रशासित प्रदेश में आतंक का खूनी खेल खेलने की कोशिशों में लगे रहते हैं। ऑपरेशन शिवशक्ति सुरक्षाबलों के बीच एक उच्च-स्तरीय समन्वय, सामंजस्य और प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है। जिसके जरिए वह क्षेत्र में हर हाल में शांति और सुरक्षा कायम करने के मिशन में लगे हुए हैं।

**मणिपुर के दौरे पर सेनाप्रमुख :** वहीं, इन सबके बीच सेनाप्रमुख उपेंद्र द्विवेदी ने मणिपुर का एक दिवसीय दौरा कर राज्य में वर्तमान में बने हुए सुरक्षा हालात और सेना व असम राइफल की रणनीतिक तैयारियों की समीक्षा की। उनकी ये यात्रा राज्य में स्थायित्व के साथ विकास को लेकर बनी हुई बल की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। शुरुआत में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने मौजूदा सुरक्षा परिदृश्य के बारे में सेनाप्रमुख को अवगत कराया। यात्रा के दौरान जनरल द्विवेदी ने मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से भी मुलाकात की। जिसमें सुरक्षा व विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई। सूबे में चुनौतीपूर्ण माहौल में बनी हुई जवानों की तैयारियों की सेनाप्रमुख ने अपने दौरे में सराहना की। साथ ही उन्होंने मणिपुर में डूरंड कप के एक मैच का भी आनंद लिया।

जिसका 134 वां संस्करण आयोजित किया गया था।

### दूरसंचार धोखाधड़ी रोकने...

मंत्रालय के साथ समन्वय में दूरसंचार विभाग के अंतर्गत कई निर्णायक, तकनीक-सक्षम उपाय शुरू किए हैं। इस पहल के अंतर्गत एक डिजिटल इंटेलिजेंस प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया गया है। यह 570 बैंकों, 36 राज्य पुलिस बलों, जाँच एजेंसियों और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं सहित 620 संस्थानों को एक साथ लाकर वास्तविक समय में धोखाधड़ी से निपटने में मदद करेगा। यह प्लेटफ़ॉर्म उन धोखेबाजों और साइबर अपराधियों के खिलाफ एकीकृत कार्रवाई को सक्षम बनाता है, जो लोगों को धोखा देने के लिए दूरसंचार बुनियादी ढांचे का दुरुपयोग करते हैं। इस मिशन में लोगों को और अधिक शामिल करने के लिए, सरकार ने 16 मई 2023 को संचार साथी पोर्टल शुरू किया। इस पर अब तक 15 करोड़ 50 लाख से अधिक हिट दर्ज किए जा चुके हैं। इन प्लेटफ़ॉर्म्स की संयुक्त जानकारी के ज़रिए दूरसंचार विभाग ने 5.5 लाख हैंडसेट ब्लॉक किए हैं और 20,000 बल्क एसएमएस भेजने वालों को निष्क्रिय किया है। संदिग्ध गतिविधियों में शामिल लगभग 24 लाख व्हाट्सएप अकाउंट भी बंद कर दिए गए हैं। इस सेवा की एक प्रमुख विशेषता 'अपने मोबाइल कनेक्शन जानें' है। यह उपयोगकर्ताओं को अपने नाम से जारी सभी नंबरों की जाँच करने और किसी भी अनधिकृत कनेक्शन की सूचना देने की सुविधा देती है। इसके परिणामस्वरूप ऐसे एक करोड़ 36 लाख नंबरों को बंद कर दिया गया है। सरकार ने नकली मोबाइल नंबरों का स्वचालित रूप से पता लगाने और उन्हें हटाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स, विशेष रूप से एएसटीआर सिस्टम, का भी इस्तेमाल किया है। इसके परिणामस्वरूप ऐसे 82 लाख अतिरिक्त कनेक्शन बंद किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्पूफ कॉल्स (विदेशी नंबर भारतीय कॉल के रूप में दिखाई देते हैं) की गंभीर समस्या का समाधान करते हुए दूरसंचार विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय इनकमिंग स्पूफ कॉल्स रोकथाम के अंतर्गत एक केंद्रीकृत सॉफ़्टवेयर समाधान पेश किया है। पहले ही दिन एक करोड़ 35 लाख ऐसी स्पूफ कॉल्स बंद कर दी गईं। निरंतर प्रयासों से ऐसी घटनाओं में 97 प्रतिशत की कमी आई है। आज पहले की तुलना में प्रतिदिन केवल लगभग तीन लाख स्पूफ कॉल्स ही पकड़ी जा रही हैं। दूरसंचार ऑपरेटरों को उपयोगकर्ता पारदर्शिता बढ़ाने के लिए ऐसे सभी इनकमिंग नंबरों पर अंतर्राष्ट्रीय कॉल अलर्ट प्रदर्शित करना भी अनिवार्य कर दिया गया है।

### केदारनाथ यात्रा पर तीन...

भरभराकर सड़क आ गिरा। उस दौरान हाईवे से वाहन नहीं गुजर रहे थे, अन्यथा नुकसान हो सकता था।

**मार्ग पर बोल्डर और मलबा गिरा :** सोनप्रयाग कोतवाली प्रभारी राकेंद्र सिंह कठैत ने बताया कि बड़े-बड़े बोल्डर के साथ ही मलबा भी गिरा है, जिससे आवाजाही पूरी तरह से ठप हो गई है। इससे गौरीकुंड और सोनप्रयाग में यात्रियों को रोक दिया गया है। एनएच के अधिशासी अभियंता ओंकार नाथ पांडे ने बताया कि दो मशीनों की मदद से मलबा साफ करने का काम शुरू कर दिया गया है। रुक-रुककर होती बारिश और अंधेरे के चलते कार्य में दिक्कत हो रही है। मौसम ने साथ दिया तो हाईवे पर यातायात बहाल होगा। दिनभर हुई बारिश के बीच सोनप्रयाग से 2000 श्रद्धालु पैदल मार्ग से धाम रवाना हुए। वहीं 1300 यात्री शाम 5 बजे तक सोनप्रयाग पहुंच गए थे।

### भगवान बुद्ध के ...

बुद्ध की पवित्र पिपरहवा निशानियां 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद स्वदेश वापस आ गई हैं, यह जानकर हर भारतीय को गर्व होगा। ये पवित्र निशानियां भगवान बुद्ध और उनकी महान शिक्षाओं के साथ भारत के घनिष्ठ संबंध को दर्शाती हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि यह स्मरणीय है कि पिपरहवा निशानियां 1898 में खोजी गई थीं, किंतु औपनिवेशिक काल के दौरान इन्हें भारत से बाहर ले जाया गया था। जब इस वर्ष की शुरुआत में ये एक अंतरराष्ट्रीय नीलामी में दिखाई दीं, तो हमने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया कि ये स्वदेश वापस आ जाएं। पिपरहवा अवशेष मूल रूप से 1898 में उत्तर प्रदेश के वर्तमान सिद्धार्थनगर जिले में स्थित पिपरहवा स्तूप से खुदाई करके प्राप्त किए गए थे। यह स्थल व्यापक रूप से भगवान बुद्ध की जन्मभूमि, प्राचीन कपिलवस्तु का हिस्सा माना जाता है।

**सरकार के प्रयास से मिले अवशेष :** उल्लेखनीय है कि ये अवशेष, जिसमें अस्थि के टुकड़े, सोपस्टोन और क्रिस्टल के ताबूत, एक बलुआ पत्थर का संदूक, सोने के आभूषण और रत्न जैसे चढ़ावे शामिल हैं, 1898 में विलियम क्लैक्सटन पेप्पे द्वारा खुदाई की गई थी। ब्राह्मी लिपि में एक शिलालेख इनकी पुष्टि करता है कि ये बुद्ध के अवशेष हैं, जिन्हें शाक्य वंश द्वारा जमा किया गया था। सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने सोथबी हांगकांग द्वारा पवित्र पिपरहवा अवशेषों की नीलामी को रोकने को तुरंत और व्यापक कदम उठाए थे। तत्पश्चात, भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा निशानियों की 127 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद देश में वापसी हुई है।

### 8.7 तीव्रता का ...

तीव्रता वाले 30 अतिरिक्त झटके महसूस किए गए। रूसी समाचार एजेंसी के अनुसार कि भूकंप के दौरान एक हवाई अड्डे सहित कई स्थानों पर कई लोगों को मामूली चोटें आईं।

**क्या है रिंग ऑफ फायर :** दुनिया में मौजूदा समय में बड़े हिस्सों में ज्वालामुखी जमीन के ऊपर मौजूद हैं। हालांकि, इनकी एक बड़ी संख्या महासागर और समुद्रों की गहराई में भी है। खासकर प्रशांत महासागर में कई सदियों से ज्वालामुखी मौजूद हैं। इतना ही नहीं, एक विशाल क्षेत्र होने की वजह से प्रशांत महासागर में कई टेक्टॉनिक प्लेट्स (विवर्तनिक प्लेट्स) भी हैं, जिनका समय-समय पर जगह बदलना भूकंप का कारण बनता है। प्रशांत महासागर में जहां-जहां यह ज्वालामुखी भूकंप के केंद्रों के करीब हैं, उन्हें जोड़ने वाली रेखा को रिंग ऑफ फायर कहा जाता है। यह एक अर्धचंद्र या घोड़े की नालके आकार का क्षेत्र है, जो कि 40 हजार 250 किलोमीटर की दूरी तक फैला है। जियोलॉजीइन वेबसाइट के मुताबिक, रिंग ऑफ फायर में जो टेक्टॉनिक प्लेट्स मौजूद हैं, उनमें यूरेशियन, उत्तरी अमेरिकी प्लेट, हुआ डी फुका, कोकोज, कैरिबियाई प्लेट, नाजका प्लेट, अंटार्कटिक प्लेट, इंडियन, ऑस्ट्रेलियाई, फिलीपींस और कुछ अन्य छोटी प्लेट्स शामिल हैं। यह सब मिलकर एक बड़ी प्रशांत प्लेट का हिस्सा हैं। हजारों किलोमीटर के दायरे में आने वाली यह प्लेट्स 15 से ज्यादा देशों को कवर करती हैं। इन देशों में रूस, अमेरिका, इंडोनेशिया, मैक्सिको, जापान, कनाडा, ग्वाटेमाला, चिली, पेरू, फिलीपींस और कुछ अन्य देश शामिल हैं। रिंग ऑफ फायर यानी आग के वृत्त (अर्धवृत्त) में इतनी सारी टेक्टॉनिक प्लेट्स की मौजूदगी इसे खतरनाक बनाती है। दरअसल, यह प्लेट्स लगातार एक-दूसरे से टकराती रहती हैं। ऐसे में किसी दो प्लेट्स के टकराने का असर दूसरी प्लेट्स पर भी देखने को मिलता है और यह एक के बाद एक प्रशांत क्षेत्र में बड़े भूकंप का कारण बनता है।

### सुनामी का अलर्ट...

*लगभग 30 सेंटीमीटर ऊंची पहली सुनामी लहर होक्काइडो के पूर्वी तट पर नेमुरो पहुंची। स्थानीय गवर्नर वालेरी लिमारेंको के मुताबिक पहली सुनामी लहर प्रशांत महासागर में रूस के कुरील द्वीप समूह की मुख्य बस्ती सेवेरो-कुरीलस्क के तटीय क्षेत्र में आई। आसपास रहने वाले लोग सुरक्षित हैं। दोबारा लहर आने का खतरा टलने तक वे ऊंचे स्थानों पर ही रहेंगे।*

### कामचटका जैसे भूकंप...

लॉन्च पैड से निसार की लॉन्चिंग हुई। इसरो और नासा के बीच यह साझेदारी अपनी तरह की पहली साझेदारी है। साथ ही ऐसा पहली बार हो रहा है जब जीएसएलवी रॉकेट के जरिए उपग्रह को सूर्य-तुल्यकालिक ध्रुवीय कक्षा में भेजा जा रहा है, जबकि सामान्यतः ऐसी कक्षाओं में ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन (पीएसएलवी) के जरिए सैटेलाइट लॉन्च होते हैं।

**ये सैटेलाइट करेगा क्या ?**

**यह पृथ्वी का करेगा अध्ययनः** - निसार मिशन का लक्ष्य पूरी पृथ्वी का अध्ययन करना है और इससे पूरी दुनिया के वैज्ञानिक समुदाय को फायदा होगा। उपग्रह से हिमालय और अंटार्कटिका, उत्तरी और दक्षिणी ध्रुवों में स्थित ग्लेशियर्स पर जलवायु परिवर्तन का अध्ययन, वनों की स्थिति, पर्वतों की स्थिति में आने वाले बदलाव आदि का अध्ययन करने में मदद मिलेगी। मिशन का उद्देश्य अमेरिका और भारतीय वैज्ञानिक समुदायों के साझा हित वाले क्षेत्रों में भूमि और बर्फ की स्थिति, भूमि पारिस्थितिकी तंत्र और समुद्री क्षेत्रों का अध्ययन करना है। आपदाओं की भविष्यवाणी में भी इससे मदद मिलेगी। इस सैटेलाइट में स्वीप एसएआर तकनीक का इस्तेमाल किया गया है, जो पृथ्वी की हाई रेजोल्यूशन तस्वीरें लेने में मदद करेगी। इससे समुद्री, जमीनी बर्फ की स्थिति जांचने में मदद मिलेगी। हर 12 दिनों में ये सैटेलाइट बर्फीली जगहों की तस्वीरे लेगी।



## अगर करते हैं नाइट शिफ्ट जॉब


रात में प्राकृतिक तौर पर नींद आती है। लेकिन अगर आपकी जॉब नाइट शिफ्ट वाली है तो आपको अपने फिजिकल-मेंटल हेल्थ का विशेष ध्यान रखना होगा। एक रिसर्च स्टडी के आधार पर दिए जा रहे ये सजेशंस बहुत उपयोगी हो सकते हैं।

**सजेशन**
**डॉ. माजिद अलीम**



यह जानने के बावजूद भी कि रात सोने के लिए होती है और दिन काम करने के लिए, कई बार ऐसी मजबूरी आ जाती है कि नाइट शिफ्ट जॉब करनी पड़ती है। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि रात में जागने से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान को कैसे पूरा कर सकते हैं। इसके लिए हार्वर्ड मेडिकल स्कूल, नेशनल स्लीप फाउंडेशन और ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, दिल्ली ने कई ऐसे उपाय सुझाए हैं, जिससे लोग रात में जगने के कारण अपने स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान की भरपायी कर सकते हैं।

**दिन में लें एंकर स्लीप:** अगर किसी वजह से आपके लिए रात में जागना मजबूरी है, तो रात में न सोने से होने वाले स्वास्थ्य की भरपायी करने के लिए दिन में कम से कम एक एंकर स्लीप जरूर लें। एंकर स्लीप का मतलब होता है 4-5 घंटे तक लगातार सोना। अगर आपको रात में जगना पड़ रहा है, तो दिन में जब भी सोएं कोशिश करें कि 4-5 घंटे की नींद एक साथ लें। वास्तव में यही आपकी मुख्य नींद मानी जाएगी। कोशिश करें कि यह नींद दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच हो। दरअसल, इस समय शरीर कुदरती रूप से थकता है और इस समय आने वाली नींद प्राकृतिक नींद के जैसे होती है यानी इसकी गुणवत्ता किसी हद तक रात की नींद के माफिक होती है।



**सोने का माहौल सुधारें:** अगर रात में नहीं सो पा रहे हैं तो सिर्फ इतना भर जरूरी नहीं है कि दिन में नींद लें बल्कि यह भी जरूरी है कि दिन में जब भी सोएं, आपके सोने का एक हेल्दी माहौल होना चाहिए। हेल्दी माहौल से मतलब है, दिन में जब सोएं तो सोने की जगह ऐसी हो, जहां अंधेरा हो, ठंडक हो और शांति हो। अगर जरा भी इन स्थितियों में कमी हो तो आंखों पर स्लीप मास्क और कानों में ईयर प्लग लगाकर सोएं। प्राकृतिक प्रकाश हमेशा नींद में सबसे बड़ी बाधा डालता है। इसलिए दिन के समय जहां सोएं अगर वहां पर प्राकृतिक रोशनी आ रही हो, तो कमरे में ब्लैक आउट कर्टेन लगाएं ताकि सोने का माहौल रात जैसा बन सके।

**भारी भोजन, कैफीन से परहेज करें:** अगर आप रात की शिफ्ट में काम करते हैं तो कॉफी, चाय या एनर्जी ड्रिंक का इस्तेमाल सिर्फ रात की शिफ्ट में काम करते वक्त शुरुआत के समय ही करें यानी, जब सोने जा रहे हों तो सुनिश्चित करें कि उसके 6 घंटे पहले तक ऐसी किसी चीज का सेवन न किया हो। अगर आपने दिन के समय सोने के पहले 6 घंटों में इन चीजों का इस्तेमाल किया तो नींद में खलल पड़ती है और तमाम कोशिशों के बाद भी संतोषजनक नींद नहीं आएगी। एक और बात का ध्यान रखें, जब भी रात में जगने के कारण दिन में सोना हो तो सोने के पहले भारी भोजन बिल्कुल न करें, बिल्कुल हल्का-फुल्का और सुपाच्य खाना खाएं ताकि वह नींद आने के पहले ही पच जाए और अगर न भी पचे तो नींद में खलल न डाले।

**संभव हो तो रात में पावर नैप लें:** रात की शिफ्ट के दौरान अगर संभव हो तो 20 मिनट या आधे घंटे की कम से कम एक 'पावर नैप' या नींद की तेज झपकी जरूर ले लें। क्योंकि अगर ऐसी एक झपकी ले ली जाए तो इससे न केवल रात में जगने के दौरान सतर्कता बनी रहती है बल्कि किसी हद तक दिन में सोते समय रात की नींद की कमी भी पूरी हो जाती है। 'पावर नैप' कुछ ही मिनटों की होने के बावजूद भी यह अच्छी गुणवत्ता की नींद देती है।

**मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें:** अगर लगातार नाइट शिफ्ट करनी पड़ रही है तो सिर्फ दिन के समय रात की नींद की भरपायी नहीं करनी होती बल्कि अपने मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान देना जरूरी होता है। इसके लिए नियमित रूप से ध्यान करें, योगाभ्यास करें, नियमित रूप से हल्की कसरत करें और परिवार के साथ अपना गहरा जुड़ाव बनाए रखें।

रात में जगने के कारण दिन में नींद आने में दिक्कत हो तो अपने डॉक्टर से मिलें और उनकी सलाह से मेलाटोनिन सप्लीमेंट ले सकते हैं। *

---

बरसात के मौसम में ज्यादा गंदगी फैलने और जगह-जगह जलभराव से मच्छर बड़े पैमाने पर पनपते हैं। इस कारण मच्छरों के काटने से उत्पन्न होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया आदि के मामले काफी बढ़ जाते हैं। इनसे बचने के लिए आपको सजग रहते हुए यहां बताए जा रहे उपायों पर अमल करना जरूरी है।

## बारिश के मौसम में रहें पूरी तरह सजग
# मच्छरजनित बीमारियों से करें बचाव

**डॉक्टर्स एडवाइस**



**डॉ. सुशीला कटारिया**
डायरेक्टर-इंटरनल मेडिसिन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

बारिश के मौसम में पाचन संबंधी, वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम के अलावा मच्छरों से उत्पन्न होने वाली बीमारियों की आशंका भी बहुत बढ़ जाती है। मच्छरों के काटने से होने वाली विभिन्न बीमारियों, उनके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में यहां विस्तार से बता रहे हैं।


### डेंगू से रहें सचेत

एडीज इजिप्टी नामक मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर ज्यादातर सुबह या दिन के वक्त काटता है। एडीज के बारे में खास बात यह है कि यह स्वच्छ, लेकिन ठहरे हुए पानी में पनपता है। जैसे पानी की टंकी, गमलों और कूलर आदि में। डेंगू वायरल संक्रमण है। डेंगू वायरस के चार प्रकार होते हैं। डीईएन (डेन) वी 1, डीईएन वी 2, डीईएन वी 3 और डीईएन वी 4। एडीज के काटने पर यह वायरस व्यक्ति के रक्त में पहुंचकर उसे संक्रमित कर देता है। इससे व्यक्ति को डेंगू हो जाता है।

**लक्षणों को पहचानें:** तेज बुखार और जोड़ों में दर्द। त्वचा पर लाल निशान या चकत्ते पड़ना। सांस लेने में दिक्कत होना। मुंह, नाक और मसूड़ों से रक्तस्राव (ब्लीडिंग) होना। सिरदर्द और शरीर में सूजन। आंखों में भारीपन महसूस होना। जी मिचलाना।

पेशाब का रंग लाल होना। पेट में दर्द और काले रंग का दस्त होना। उपरोक्त में से कुछ लक्षण दिखने पर शीघ्र अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**टल सकती है गंभीर स्थिति:** डेंगू से पीड़ित व्यक्ति के रक्त में जब प्लेटलेट्स कम होने लगते हैं, तो यह स्थिति गंभीर होती है। सामान्यतः एक व्यक्ति के शरीर में 1.5 लाख से लेकर लगभग 4.5 लाख तक प्लेटलेट्स काउंट होते हैं। डेंगू में प्लेटलेट्स की संख्या जब 50 हजार के नीचे चली जाती है, तब मरीज की जान पर खतरा मंडराने लगता है। ऐसी स्थिति में मरीज को अस्पताल में भर्ती होना पड़ता है, जहां उसे प्लेटलेट्स ट्रांसफ्यूज कराया जाता है। तभी डेंगू की गंभीर स्थिति को टाला जा सकता है। डेंगू पीड़ित अनेक मरीजों का रक्त चाप (ब्लड प्रेशर) बहुत कम हो जाता है। कुछ लोगों के फेफड़ों की कार्यक्षमता भी कम हो सकती है। उपरोक्त लक्षणों और स्थितियों के मद्देनजर मरीज का इलाज अस्पताल में ही समुचित रूप से हो सकता है।




**इन बातों पर दें ध्यान:** अगर मरीज के शरीर के किसी अंग से रक्तस्राव (ब्लीडिंग) हो तो इस हालत में उसे प्लेटलेट्स चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। डेंगू के संक्रमण में मरीज को किसी भी तरह की एंटीबायोटिक्स देने की जरूरत नहीं है। मरीज का बुखार उतारने के लिए उसे डॉक्टर के परामर्श से पैरासीटामोल की टैबलेट देना चाहिए और बुखार की स्थिति में मरीज के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखना लाभप्रद है। पीड़ित व्यक्ति को पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ जैसे जूस, सूप और नीबू पानी देते रहना चाहिए।



### ऐसे होता है मलेरिया

अन्य ऋतुओं की तुलना में बरसात के मौसम में मलेरिया के मामले कहीं ज्यादा बढ़ जाते हैं। मादा एनॉफिलीज नामक मच्छर के काटने से व्यक्ति मलेरिया ग्रस्त होता है। आमतौर पर यह मच्छर शाम और रात में लोगों को कहीं ज्यादा काटता है। एनॉफिलीज मच्छर गंदे पानी जैसे सीवर लाइन और नालों या फिर जलभराव वाली जगहों में तेजी से पनपता है।



**मलेरिया के प्रकार:** मलेरिया प्लाजमोडियम के संक्रमण से होता है। यह चार प्रकार का हो सकता है- पहला, प्लाजोडियम वाइवैक्स, दूसरा पी. फाल्सीपेरम, तीसरा पी. ओवैल और चौथा पी. मलेरिई। अपने देश में पी. फाल्सीपेरम और पी. वाइवैक्स के मामले ज्यादा सामने आते हैं।

**मलेरिया के लक्षण:** मलेरिया होने पर ये लक्षण दिख सकते हैं। जैसे- मरीज को ठंड लगती है। मरीज तेज बुखार से ग्रस्त हो जाता है। मांसपेशियों और जोड़ों में तेज दर्द होना। पी. फाल्सीपेरम मलेरिया में मरीज को बेहोशी तक आ सकती है। लिवर और किडनी की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। सिरदर्द, जी मिचलाना और उल्टी होना।

**इलाज के बारे में:** मलेरिया के इलाज के लिए दवाएं उपलब्ध हैं। अपने डॉक्टर से परामर्श लेकर इस मर्ज की जांच करवा कर इसका इलाज शुरू करवाना चाहिए।

### चिकनगुनिया भी है कष्टकारी रोग

चिक वी नामक वायरस एडीज इजिप्टी मच्छर में होता है, जिसके काटने से चिकनगुनिया की समस्या उत्पन्न होती है। एडीज इजिप्टी मच्छर ज्यादातर दिन में काटता है।

**लक्षणों को पहचानें:** जोड़ों में बहुत तेज दर्द होना। मर्ज के ठीक हो जाने के बाद भी लोगों को सालों तक जोड़ों में दर्द की समस्या बनी रह सकती है। अनेक ऐसे मरीज होते हैं, जो कुछ दिनों के बुखार के बाद चलने-फिरने में अक्षम महसूस करते हैं। तेज बुखार और सिरदर्द। मांसपेशियों में दर्द और ऐंठन होना। त्वचा के कुछ भागों पर लालिमा होना। रक्त परीक्षण और क्लीनिकल परीक्षण के जरिए चिकनगुनिया का पता लगाया जाता है।

**इलाज के बारे में:** चिकनगुनिया के मरीज का इलाज उसके लक्षणों के आधार पर किया जाता है। अभी तक इस मर्ज का कोई विशिष्ट इलाज उपलब्ध नहीं है। बुखार और दर्द से राहत पाने में पैरासीटामोल टैबलेट और अन्य दर्द निवारक दवाओं से मदद मिलती है। मरीज को आराम करने की सलाह दी जाती है।

ऐसे मरीज जिन्हें जोड़ों के दर्द में बिल्कुल राहत नहीं मिल पा रही है, उन्हें अंत में डाक्टर के परामर्श से स्टेरॉयड्स दवाओं को भी लेना पड़ सकता है।



मरीज को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। उसे तरल पदार्थों जैसे जूस, सूप, दूध, नारियल पानी और नीबू पानी पीना चाहिए। किसी व्यक्ति या केमिस्ट आदि के कहने पर दवा न लें। डॉक्टर के परामर्श पर ही दवाएं लें और उनके द्वारा सुझाए गए नुस्खों पर अमल करें।

मरीज के लक्षणों के लगातार बिगड़ने, उसके प्लेटलेट्स काउंट के निरंतर कम होने और सांस लेने में दिक्कत आदि समस्याएं जारी रहने पर डॉक्टर से परामर्श लेकर इलाज करवाएं। इसमें देरी करना घातक हो सकता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

### ऐसे करें मच्छरों से बचाव



मच्छरों के काटने से होने वाले मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि बीमारियों की रोकथाम के लिए फिलहाल कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसलिए आपको ही मच्छरों से अपना हरसंभव बचाव करना होगा। इसके लिए कुछ उपायों पर अमल कर सकते हैं-

- अपने आवास के समीप जलभराव न होने दें।
- घर में कूलर, गमलों और बाल्टी आदि का पानी हरेक दिन बदलें।
- अपने आवास के खिड़की और दरवाजों को जरूरत पड़ने पर ही खोलें। इन पर जालियों का इस्तेमाल करें।
- मच्छरों को दूर भगाने वाले स्प्रे या दवाओं का इस्तेमाल करें।
- सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।
- पूरी बाजू और पूरा पैर कवर करने वाली ड्रेस पहनें।
- बाल्टी में या पानी की टंकी भरे पानी को खुला न छोड़ें।
- मॉस्किटो रेपेलेंट क्रीम और क्वायल्स का यूज करें।

---

**योगोपचार**
**दिव्यज्योति 'नंदन'**

अगर सही तरीके से बारिश के मौसम में शशांकासन किया जाए तो इसके अनेक लाभ मिल सकते हैं। विशेष रूप से तन-मन का भारीपन दूर होता है। स्ट्रेस कम होता है, पाचनतंत्र सुधरता है। इस आसन को करने की विधि और सावधानियों के बारे में विस्तार से जानिए।

## तन-मन का भारीपन दूर भगाए शशांकासन

शशांकासन यानी हेयर पोज एक सरल लेकिन बेहद लाभकारी योगासन है। खासतौर पर मानसून के दिनों में, जब लगातार बारिश और उमस से मन और तन दोनों भारी महसूस होते हैं। उस समय यह आसन करने से मानसिक शांति और तन की थकान से राहत मिलती है।

**होते हैं कई लाभ:** शशांकासन में जैसा कि इसका नाम है, खरगोश के समान मुद्रा में झुकना पड़ता है। यह आसन करने के लिए वज्रासन में बैठकर आगे की ओर झुकते हैं तथा माथा जमीन पर टिकाते हैं। इस दौरान हाथ आगे की ओर फैले होते हैं। चूंकि बरसात के मौसम में वातावरण में उमस और भारीपन होता है, जिससे शरीर और मन दोनों थके महसूस होते हैं। ऐसे में शशांकासन करना विशेष रूप से लाभदायक होता है। इससे तनाव और चिड़चिड़ापन दूर होता है। शशांकासन मस्तिष्क में अतिरिक्त रूप से रक्तप्रवाह बढ़ाकर मन में सकारात्मक ऊर्जा बढ़ाता है। चूंकि बारिश में पाचनतंत्र भी कमजोर हो जाता है। ऐसे में शशांकासन करने के दौरान पेट पर हल्का सा बनाया गया दबाव पाचन अंगों को सक्रिय करता है और इस मौसम में चूंकि अकसर जुकाम या सिरदर्द की समस्या होती है, इससे भी यह आसन माथे और चेहरे में रक्त संचार बढ़ाकर राहत देता है। शशांकासन से साइनस संबंधी परेशानियां भी दूर होती है। साथ ही इसे करने से रीढ़ की हड्डी में लचीलापन आता है। नमी और निष्क्रियता के कारण बारिश के दिनों में पीठ में जो अकड़न आ जाती है, उसे यह आसन दूर करता है। इस आसन के साथ एक अच्छी बात यह है कि अगर आप बारिश के कारण घर से बाहर किसी खुले वातावरण मे मसलन पार्क आदि में न भी जा सकें, तो भी यह आसन आराम से घर में किया जा सकता है। शांति और ध्यान के लिए यह आसन बिल्कुल आदर्श होता है।



**आसन करने की विधि:** सबसे पहले वज्रासन में बैठ जाएं, दोनों हाथों को ऊपर उठाएं और लंबी-लंबी सांस लें। सांस छोड़ते हुए शरीर को आगे की ओर झुकाएं और दोनों हाथ जमीन पर रखें। माथा जमीन से लगाएं, हाथ कंधे की सीध में रहें और सामान्य ढंग से सांस लेते हुए कुछ क्षण इसी स्थिति में बिताएं। फिर धीरे-धीरे वापस वज्रासन की मुद्रा में लौट आएं और स्थिर बैठ जाएं।

**इन बातों का रखें ध्यान:** शशांकासन करते समय इस बात का ध्यान रखें कि अगर आपको उच्च रक्तचाप की समस्या हो, पीठ में चोट लगी हो या चक्कर आ रहे हों तो तुरंत आसन रोक दें और अगली बार डॉक्टर या प्रशिक्षक की सलाह के बिना न करें। एक और बात का ध्यान रखें कि कभी भी शशांकासन भोजन के तुरंत बाद न करें। खाली पेट करें या कम से कम भोजन करने के तीन घंटे बाद करें। शशांकासन करने के लिए शांत, हवादार और साफ स्थान का चुनाव करें। मानसिक रूप से खुद पर ध्यान केंद्रित करें। शशांकासन दिन में सिर्फ एक बार वह भी सुबह करना चाहिए। इसे करते समय 3 से 5 बार दोहराया जा सकता है और हर बार 10 से 30 सेकंड की अवधि पर्याप्त होती है।

**पहले-बाद में क्या करें:** शशांकासन के पहले वज्रासन या ताड़ासन करना चाहिए। इससे रीढ़ सीधी करने और संतुलन बनाने में मदद मिलती है। इस आसन के पहले गहरी श्वास लेनी चाहिए ताकि फेफड़ों को तैयार किया जा सके और हल्की वार्मअप स्ट्रेचिंग भी जरूरी है ताकि मांसपेशियों को गर्म किया जा सके। लेकिन शशांकासन करने के पहले कभी भी भारी भोजन नहीं करना चाहिए। इससे पहले हार्ड वर्कआउट नहीं करना चाहिए। शशांकासन के बाद शवासन या मकरासन किया जा सकता है, इनसे मांसपेशियों को आराम मिलता है। प्राणायाम भी किया जा सकता है। *

---

## रोगनाशक गुणों से भरपूर सफेद पेठा

**औषधीय सब्जी / रेखा देशराज**

सफेद पेठा (ऐश गार्ड) को कई और नामों से जाना जाता है मसलन कुम्हड़ा, राख लौकी, विंटर मेलन आदि। यह महज सब्जी या पेठा बनाने के इस्तेमाल में आने वाला फल भर नहीं है बल्कि यह एक जीवन रक्षक बहुगुणी औषधि भी है। आयुर्वेद में इसे 'कूष्मांड' भी कहा जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम बेनिनकासा हिस्पिडा है। यह शरीर की ऊष्मा को संतुलित करता है, इस कारण मानसिक संतुलन बनाए रखता है। इसी गुण के कारण इसकी उपयोगिता बढ़ रही है, क्योंकि हाल-फिलहाल के सालों में शारीरिक बीमारियों से कहीं ज्यादा मानसिक बीमारियां लोगों में बढ़ रही हैं। इसलिए बाजार में सफेद पेठा की मांग काफी बढ़ गई है। यह त्रिदोष नाशक है। विशेषकर कफ के विकारों में यह अत्यधिक उपयोगी है।



**कई तरह से उपयोगी:** सफेद पेठा हल्का, ठंडा और पचने में आसान होता है। इसीलिए इसे सात्विक भोजन का विशेष हिस्सा माना जाता है। एसिडिटी, गैस, अपच जैसी समस्याओं में इसका इस्तेमाल राहत देता है। आयुर्वेदिक रसों में इसे पाचक औषधियों के साथ मिलाकर पाचन संबंधी बीमारियों के उपचार के लिए दिया जाता है। यह तनाव, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा जैसी परेशानियों को दूर करने में लाभकारी है।

**इन रोगों में भी कारगर:** सफेद पेठा में नेचुरल शुगर नहीं होती है। यही कारण है कि इन दिनों लौकी से ज्यादा डायबिटीज के रोगी सफेद कुम्हड़े का जूस या सूप पीने को प्राथमिकता देते हैं। त्वचा और बालों के लिए भी इसका इस्तेमाल बहुत उपयोगी है। जो लोग ओवरवेट हैं और वजन घटाना चाहते हैं, उनके लिए सफेद पेठा बहुत कारगर है। इसमें कैलोरी बहुत कम होती है और इसका सेवन करने से लंबे समय तक पेट भरा महसूस होता है। वजन घटाने के लिए यह परफेक्ट सब्जी है। *







भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री, मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी के साथ हुई विधायक दल की बैठक

# जनता के बीच जाकर उनके हितों के लिए योजनाएं बनाएं: शिव प्रकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमें भी अपने क्षेत्र की जनता के हितों के लिए उनके बीच जाकर, जनता से विचार-विमर्श कर क्षेत्र के विकास की योजनाएं बनानी हैं। साथ ही केंद्र सरकार और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को उन योजनाओं का लाभ दिलाना है। कांग्रेस अपनी करनी से रसातल की ओर बढ़ रही है। जनता और क्षेत्र के विकास के लिए और क्या बेहतर हो सकता है इसको लेकर कार्य करें और रणनीति बनाएं। हमें अपने आचरण और व्यवहार से जनता का दिल जीतना है। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिव प्रकाश ने विधायकों को संबोधित करते हुए कही।

भाजपा की विधायक दल की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर हुई। बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित किया। शिवप्रकाश ने कहा कि अपने-अपने बूथ में लोगों को और अधिक संख्या में जोड़कर सशक्त बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। मप्र सरकार एक आदर्श सरकार बने, इसके लिए विधायकगणों को अपने-अपने क्षेत्रों का चहुंमुखी विकास करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए भी काम करना होगा।



### क्षेत्र का विकास कराएं और जनता को उपलब्धियों का लेखा-जोखा बताएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाकर उन्हें लाभान्वित करना है। क्षेत्र के विकास में सरकार की ओर से जो भी कार्य अपेक्षित होंगे, उसकी रणनीति बनाकर कार्य करें। जनप्रतिनिधिगण भाजपा सरकार और अपने क्षेत्र में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा बनाकर जनता के सामने रखें और बताएं कि भाजपा सरकारें जनता के हितों के लिए कार्य कर रही हैं। मप्र की भाजपा सरकार कई बड़ी योजनाएं चला रही है और कई उल्लेखनीय फैसले लिए हैं, जो मध्यप्रदेश को नए मुकाम तक पहुंचाएंगे। भाजपा सरकार मध्यप्रदेश में एक बगिया मां के नाम योजना चला रही है। उस योजना में स्व-सहायता समूह की बहनों को बगिया लगाने के लिए सरकार मदद दे रही है। सरकार प्रदेश में औद्योगिक क्रांति लाने के लिए उद्योग नीति में कई रियायतें दे रही है।

## जनता से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा कराएं: हेमंत



भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि विधायकों पर क्षेत्र की समस्याओं का निदान करने के साथ ही सरकार के कामकाज को जनता तक पहुंचाने की दोहरी जिम्मेदारी है। हमें संगठन और सरकार द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों पर खरा उतरना है। केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाकर संगठन द्वारा सौंपे गए विभिन्न कार्यक्रमों को शत प्रतिशत करना है। आप सभी जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं को प्राथमिकता के साथ पूरा करना है, ताकि जनता की सेवा में कमी न आने पाए। जिलों में सांसद, विधायक और जिला अध्यक्ष आपस में चर्चा कर आवश्यक कार्यों को प्राथकिता तय कर उन्हें पूरा कराएं।

### भाजपा सरकार मध्य प्रदेश को तेजी से विकसित प्रदेश बना रही है: डॉ. महेंद्र

भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि आप सभी विधायक केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जन-जन तक प्रचार-प्रसार में महती भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में भाजपा के विधायकों ने अपने-अपने विषय रखे वह पूरे सदन सहित हम सबको गौरवान्वित करने वाला है। देश में 2315 विधायक एनडीए के हैं और भाजपा के 1656 विधायक है। 181 एमएलसी एनडीए के हैं और 165 भाजपा के हैं। दोनों मिलाकर भाजपा के 2496 विधायक हैं, वहीं मध्यप्रदेश में 164 विधायक हैं। मध्यप्रदेश के विधायकों का संदेश प्रदेश के लिए ही नहीं, पूरे देश भर के विधायकों के लिए है। निश्चित रूप से मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। हमें जनता की सेवा के साथ संगठन को मजबूत करने के लिए भी हमेशा तत्पर रहकर कार्य करना है।

### जनता को साथ लेकर पार्टी गतिविधियों को आगे बढ़ाएं: हितानंद

*भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि आप सभी क्षेत्र के सम्मानित विधायक हैं। जनता की सेवा के लिए आप राजनीति में आए हैं। आप पार्टी की विचारधारा के साथ राष्ट्र प्रथम की भावना से देश व समाज के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। 13 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में तिरंगा यात्राएं निकाली जानी हैं। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका दिवस और 16 अगस्त को पार्टी के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती और जन्माष्टमी है। श्रद्धेय ठाकरे की जयंती कार्यकर्ता हर बूथ पर मनाएं। 16 अगस्त तक पौधरोपण करना है।*

## खबर संक्षेप

### गौरव सिंह दोहरे होंगे टीटी नगर थाना प्रभारी

**भोपाल।** भोपाल नगरीय पुलिस ने मंगलवार को निरीक्षक स्तर के तीन पुलिस अफसरों के तबादले किए हैं। डीसीपी श्रद्धा तिवारी के द्वारा जारी आदेश के अनुसार गौरव सिंह दोहरे को टीटी नगर थाने का प्रभारी बनाया गया। वहीं प्रदीप गोलिया और अनुमेहा गुप्ता को क्राइम ब्रांच में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ किया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों एक बस हादसे के बाद टीटी नगर थाने में पदस्थ टीआई सुधीर अरजरिया को लाइन अटैच कर दिया गया था।

### आरबीआई की महिला एजीएम को काम के दौरान आया अटैक, मौत

**भोपाल।** एमपी नगर इलाके में स्थित आरबीआई मुख्यालय में मंगलवार को हार्ट अटैक आने से महिला एजीएम की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 52 वर्षीय आभा गुप्ता निवासी आरबीआई कालोनी हबीबगंज आरबीआई मुख्यालय में असिस्टेंट जनरल मैनेजर के पद पर थीं। मंगलवार दोपहर 3 बजे करीब काम करने के दौरान अपने चेंबर में अचानक बेसुध हो गईं। स्टाफ द्वारा आनन-फानन में एक निजी अस्पताल ले जाया गया यहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले में मर्ग कायम कर लिया गया है। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ली कानून व्यवस्था पर उच्च स्तरीय बैठक

# अपराध कैसा भी हो, पुलिस त्वरित एक्शन सुनिश्चित करे

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनविश्वास की भावना मजबूत करने के निरंतर हों प्रयास

### नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कैसा भी अपराध हों, उनके नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए जाएं। अपराध नियंत्रण के कार्यों और नवाचारों में अनेक दृष्टि से मध्यप्रदेश आगे भी है। इस स्थिति को भी बेहतर बनाने के प्रयास हों। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अविश्वास पूरी तरह खत्म करना है। सभी वर्गों का विकास और सभी का हित सुनिश्चित करना है। विकास एवं सुरक्षा को पूरी प्राथमिकता देते हुए जन विश्वास को सशक्त बनाया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार की शाम मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में एक उच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति पर वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए नक्सल प्रभावित क्षेत्र के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से भी जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए।



### कलेक्टर्स और कमिश्नर जबलपुर ने बताए प्रशासन के प्रयास

बैठक में बताया गया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जनकल्याण के लिए बालाघाट जिला एवं पुलिस प्रशासन ने जन हितैषी योजनाओं में सेचुरेशन के उद्देश्य से अनेक नए कार्य किए हैं। प्रति सप्ताह नक्सल प्रभावित ग्राम में जनसेवा शिविर, जनजातीय नृत्य समूहों को 344 पारंपरिक वाद्ययंत्रों और वेशभूषा का वितरण कार्य किया गया है। बालाघाट कलेक्टर ने बताया कि तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनके मानदेय का भुगतान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मंडला कलेक्टर ने बताया कि स्वास्थ्य क्षेत्र पर

### पुलिस की उपस्थिति सड़क से लेकर जनता के हृदय तक हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरों में प्रमुख मार्गों पर स्टंट करने वालों, हथियार लहराने वालों, गौवंश पर अत्याचार या नशे से जुड़े अपराधों में लिप्त तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हो। पुलिस की उपस्थिति सड़क से लेकर जनता के हृदय तक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न तरह के प्रकरणों में गृह विभाग और विधि विभाग समन्वय से जरूरी प्रक्रियाओं के अनुसार कार्य पूर्ण करें। नए कानूनों के क्रियान्वयन में मप्र की सक्रिय भूमिका पर केन्द्रीय गृह मंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त की है। अपराध नियंत्रण के कार्यों और गतिविधियों में मप्र के प्रयासों और नवाचारों की भारत सरकार ने प्रशंसा की है। यह स्थिति कायम भी रहे और इसका स्तर और भी ऊंचा हो, ऐसे प्रयास किए जाएं।

### नक्सली तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है

बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश में नक्सल विरोधी अभियान के अंतर्गत जहां नक्सली तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है, वहां सड़क निर्माण और अन्य विकास कार्यों को पूर्ण करने को भी प्राथमिकता दी जा रही है। पिछले 14 जून को बालाघाट जिले में 4 माओवादी मुठभेड़ में मारे गए। इनसे कई हथियार भी जब्त किए गए। हाल ही में 19 जुलाई को बालाघाट के लांजी क्षेत्र में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के सीमावर्ती वन क्षेत्र में माओवादियों से हुई मुठभेड़ में कम्प्यूटर टैबलेट, दूरबीन और अन्य सामग्री जब्त की गई।

### मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिया

सीएम ने कहा कि अपराध कैसे भी हों पुलिस का त्वरित एक्शन होना चाहिए। नवीन आपराधिक कानून के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश आगे है। भारत सरकार ने भी मध्यप्रदेश की प्रशंसा की है। इस स्थिति को हमेशा बनाए रखने के प्रयास हों और इसे उच्च स्तर पर पहुंचाने का प्रयास हो। उन्होंने कहा कि ई साक्ष्य से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम सराहनीय हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कुरुक्षेत्र में किया ऐलान

# पहले फेज में एक लाख परिवारों को दिए जाएंगे 100-100 गज के प्लॉट



गांव सुरजगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते हुए ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को लाडवा विधानसभा के गांव डगाली, गांव डीग, गांव बीड कालवा और गांव धनानी में आयोजित धन्यवादी दौरा किया। सैनी ने कहा कि देश के अंत्योदय श्रेणी में शामिल जगह से वंचित एक लाख परिवारों को जल्द ही 100-100 गज के प्लॉट दिए जाएंगे, साथ ही उस प्लॉट के कागज भी सौंपे जाएंगे। इस योजना के तहत आगामी फेज में एक लाख लोगों को चयनित करने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इतना ही नहीं सरकार द्वारा 15 अगस्त को प्राइवेट अस्पताल की तर्ज पर तैयार किए गए 10 जिलों के सरकारी अस्पतालों में हर प्रकार की बीमारी का इलाज शुरू किया जाएगा। इन सरकारी अस्पतालों में सस्ती दरों पर प्रदेश के लोगों को इलाज मुहैया करवाया जाएगा। इस योजना के तहत जल्द ही प्रदेश के हर जिले में ऐसा एक-एक अस्पताल तैयार किया जाएगा। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हर गांव के नुक्कड़ पर खड़े हुए लोगों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोगों की समस्याओं को सुना और समाधान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव की पंचायती भूमि पर 20 वर्ष से ज्यादा समय से मकान बनाकर रहने वाले ग्रामीणों को कोर्ट व अन्य मुकदमों से निजात दिलवाने की पॉलिसी बनाई गई। अब ऐसे परिवार 500 वर्ग गज तक उस जगह की रजिस्ट्री अपने नाम करवा सकते हैं।

### पीएचसी का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने गांव डगाली में स्वच्छ पेयजल की पाइप लाइन के लिए 55 लाख 41 हजार रुपये, बीड कालवा में 52 लाख 64 हजार व गांव धनानी में पीने की पाइप लाइन के लिए 27 लाख 15 हजार देने की घोषणा की तथा गांव डीग में 6 करोड़ 38 लाख 42 हजार रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने सभी गांवों में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए कहा कि सरपंचो की तरफ से सौंपे गए मांग पत्रों को सम्बन्धित विभागों को भेज कर पूरा करवाया जाएगा।

### 500 में सिलेंडर दे रहे

मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि जिस परिवार की आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम है, उस परिवार को 500 रुपये में गैस सिलेंडर मुहैया करवाया जा रहा है। प्रदेश के 18 लाख ऐसे परिवार इस योजना का लाभ ले रहे है। इसी तरह आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज प्रदेश के लोगों को दिया जा रहा है। 70 वर्ष से ऊपर की आयु वाले बुजुर्गों का 10 लाख रुपए तक का इलाज इस योजना के तहत किया जा रहा है।

### प्रीति मांझी युवा कांग्रेस की बनीं

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** जिले के एक छोटे से गांव में रहने वाली प्रीति मांझी को कांग्रेस ने बड़ी जवाबदारी देते हुए युवक कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाया है। प्रीति मांझी जीपीएम जिले के गौरेला विकासखंड के एक छोटे से गांव गांगपुर की रहने वाली हैं। प्रीति मांझी को कांग्रेस पार्टी ने युवक कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रीति मांझी की इस उपलब्धि ने निश्चित रूप से उनके परिवार का नाम रोशन किया है। वह युवक कांग्रेस में अपनी भूमिका निभाते हुए युवाओं के लिए काम करती रही हैं। उनको अब बड़ी जिम्मेदारी दी है।

सड़क घोटाले ने ली पत्रकार की जान, दो रिटायर्ड ईई भी गिरफ्तार

## अब पुलिस ने पीडब्ल्यूडी के पांच अफसरों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर में नेलसनार-कोडोली-मिरतुर-गंगालूर सड़क निर्माण घोटाले ने न केवल सरकारी सिस्टम की पोल खोली है, बल्कि एक पत्रकार की जान भी ले ली। गड़बड़ी उजागर करने वाले पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के सात महीने बाद अब इस मामले में पुलिस ने पीडब्ल्यूडी के पांच अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दो ईई, एक वर्तमान ईई, एक एसडीओ और एक सब-इंजीनियर शामिल हैं। 73.08 करोड़ रुपए की लागत से मंजूर हुई सड़क बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र में कनेक्टिविटी का जरिया बननी थी। मगर निर्माण में कथित भ्रष्टाचार ने सड़क की हालत शुरू से ही खस्ता कर दी थी।

### चार आरोपियों को गिरफ्तार किया

*सड़क को लेकर आवाज उठाने वाले युवा पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या ने इस पूरे घोटाले को उजागर किया। पुलिस अब तक चार आरोपियों सुरेश चंद्राकर, उनके दो भाई और एक सुपरवाइजर को हत्या के मामले में जेल भेज चुकी है। अब गहराई से की गई जांच के बाद सड़क निर्माण में घपले के लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों पर शिकंजा कसना शुरू हुआ है। पांचों अफसरों को रिमांड पर लिया गया है। विशेष जांच दल एसआईटी की 1200 से अधिक पन्नों की चार्जशीट कॉल डाटा, रिकार्ड्स, सीसीटीवी फुटेज व 72 गवाहों के बयानों के आधार यह चार्जसीट तैयार की गई थी।*

मंत्रालय के संविदा चपरासी ने खुद को बताया क्लर्क

# सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सरकारी पदों पर जुगाड़ से सीधी भर्ती का झांसा देकर लोगों की जेबें खाली करने का खेल प्रदेश में लगातार जारी है। सीधी सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से लाखों की ठगी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है।

ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर से सामने आया है, जहां हास्टल वार्डन की नौकरी दिलाने के नाम पर दो युवकों से 20 लाख 50 हजार रुपए की ठग लिए गए। आरोपी मंत्रालय में संविदा पर कार्यरत चपरासी है, जिसने खुद को क्लर्क बताकर युवकों को झांसे में लिया। टिकरापारा थाना पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि भाठागांव निवासी जनक कुमार साहू ने लिखित शिकायत दर्ज करवाई है। जनक की मुलाकात अक्टूबर 2023 में दधीबल सिंह उर्फ डेविड तिग्गा से हुई थी। डेविड ने खुद को इंद्रावती भवन, मंत्रालय में क्लर्क बताते हुए कहा कि उसकी पहुंच उच्च अधिकारियों तक है और वह सरकारी नौकरी लगवा सकता है। उसी समय आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग में छात्रावास अधीक्षक (हास्टल वार्डन) के 300 पदों के लिए भर्ती निकली थी।

### लिस्ट आने पर नहीं मिला नाम

*डेविड ने जनक को भरोसा दिलाया कि वह उसे और उसके दोस्त संजय चौहान को यह नौकरी दिलवा देगा। इसके बदले उसने 20 लाख 50 हजार रुपये की मांग की। जनक और संजय ने डेविड के खातों में बैंक माध्यम से यह राशि ट्रांसफर कर दी। बता दें कि आरोपी ने दोनों से आवेदन फार्म भरवाकर एडमिट कार्ड मंगवाए, जिससे भरोसा और गहरा गया। लेकिन दिसंबर 2024 में जब भर्ती का परिणाम आया, तो दोनों का नाम सूची में नहीं था। जब उन्होंने डेविड से संपर्क किया तो वह टालमटोल करने लगा। शक होने पर दबाव बनाने पर डेविड ने 10 लाख रुपए का चेक दिया, जो बाउंस हो गया। इसके बाद पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ और उन्होंने टिकरापारा थाने में आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई।*

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद राशिद, पुत्र मोहम्मद तोहिद निवासी मकान नंबर 260, जी.एन.-25, पुराना मुस्तफाबाद, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 06/19 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना करावल नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राशिद** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राशिद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 06/19 भा.द.सं. की धारा 392/411/34 के तहत, थाना करावल नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद राशिद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
इसरा जैदी
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-04, कमरा नं.64, चौथी मंजिल
उत्तर-पूर्वी जिला, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली
DP/10101/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेंद्र राणा, पुत्र शशि राणा निवासी मकान नं. 475, भूतल, बी-ब्लॉक, जेजे कॉलोनी, रघुबीर नगर, टैगोर गार्डन, राजौरी गार्डन, दिल्ली-41 ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 449/2022 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **नरेंद्र राणा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **नरेंद्र राणा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 449/2022 धारा 33/38 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **नरेंद्र राणा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, पश्चिम जिला
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली
DP/9729/OD/2025

**उत्तर रेलवे**

इ-निविदा (इ-प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

सं. 128-W/280/e Tender Notice/NIT-40-25-26-W-II दिनांक: 30.07.2025

निम्नलिखित कार्य के लिये वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल में इ-निविदा आमंत्रण।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | NIT-40 | कार्य का नाम : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/ दिल्ली के अधिकार क्षेत्र में सहायक मंडल अभियंता शामली के अधीन LHS No.6, 9, 11, 12, 14, 16, 17, 20, 21, 22A, 23, 24, 26, 27, 29, 30, 31, 33, 34, 35, 37, 38, 39, 40, 41, 42, 45, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58, 59, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 74, 75, 80, 81, 82, 83, 84, 85A, 85B, 86, 87, 88 = 55 क्रोस ड्रैन, संप व सौक पीट का प्रावधान। कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :- 21318572.10 बयाना राशि (रुपये) :- 256600.00 |
| 2 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 26.08.2025 15:00 hrs. |
| 3 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | निविदा www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलबध है। |

• ठेकेदारो को ई-टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम (IREPS) साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। • सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। • निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी।

2328/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

E-TENDER NOTICE

वरि. मं. वि. इंजी/ई.एम.यू./गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई-निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | RT232-Elt-EMU-WC-12-24-25 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | 03 वर्ष की अवधि के लिए ईएमयू कार शेड, गाजियाबाद में विभिन्न गतिविधियों सहित एमईएमयू कोचों में शौचालय प्रणाली की मरम्मत और रखरखाव। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | NIL |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 30,60,468.00 Inclusive of GST |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 61,200.00 (online payment mode available on IREPS website) |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 Days |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 30.07.2025, 15:00 Hrs. |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 08.08.2025 to 22.08.2025, 11:00 Hrs. |
| 10 | निविदा समापन की तिथि एवं समय | 22.08.2025, 11:00 Hrs. |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 22.08.2025, 11:00 Hrs. |
| 12 | निविदा छपाई की लागत (allocation) | 06041132 |

**Note 1:** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer. "No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical & Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void". **Note 2:** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded. निविदा सूचना website www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।


No.: RT232-Elt-EMU-WC-12-24-25 Date: 30.07.2025 2326/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## चिंतन

# टैरिफ का फैसला मनमाना दबाव में नहीं आएगा भारत

भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक अगस्त से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एकतरफा ऐलान जहां मनमाना फैसला है, वहीं यह नई दिल्ली पर दबाव बनाने की टैक्टिस भी है, ताकि ट्रेड वार्ता में भारत को झुकाया जा सके। भारत और अमेरिका के बीच टैरिफ दर को लेकर अब तक पांच दौर की व्यापार वार्ता हो चुकी है और छठे दौर की वार्ता के लिए 25 अगस्त को अमेरिकी दल भारत आएगा। इससे पहले अमेरिका का टैरिफ लगाने का ऐलान रणनीतिक रूप से भी सही नहीं है। दोनों देश अपने-अपने हितों को देखते हुए व्यापार वार्ता में आगे बढ़ रहे हैं। अमेरिका जिस तरह की रियायत कृषि व डेयरी उत्पादों पर चाहता है, वह भारत के लिए देना संभव नहीं है। यह बात भारत पहले बता चुका है। एक विकसित राष्ट्र का अनुचित रियायत मांगना अमेरिकी कमजोरी को दर्शाता है। भारत श्रम प्रधान क्षेत्रों पर विशेष रियायत चाहता है, इस पर ट्रेड वार्ता में बात चल रही है। 25 फीसदी टैरिफ का फौरी तौर पर भारत के पेट्रोलियम, फार्मा, टेलीकॉम उपकरण, मोती-महंगे पत्थर, ऑटोमोबाइल्स, टेक्सटाइल्स, जूते, इलेक्ट्रानिक मशीनरी व उपकरण आदि के निर्यात पर असर पड़ेगा। ये सामान अब अमेरिका में महंगे हो जाएंगे, जिससे अमेरिकी उपभोक्ता भी महंगाई से प्रभावित होंगे। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के रूस से व्यापार पर 'चिल्ल-पों' करते हुए भारत पर अतिरिक्त जुर्माना लगाने का ऐलान किया है, लेकिन यह धमकी भारत के व्यापार करने की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है, जिसे भारत कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत किसी भी देश से व्यापार करने के लिए स्वतंत्र है, इस पर अमेरिका निर्देशित नहीं कर सकता है। अमेरिका अगर रूस व यूक्रेन जंग खत्म करना चाहता है, तो उसको पहले यूक्रेन को आर्थिक व सामरिक मदद करना बंद करना चाहिए। टैरिफ के जरिये अमेरिका का दोहरा मानदंड नहीं चलेगा। अतीत में भी अमेरिका ने पोखरण परमाणु विस्फोट पर भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगाया था, जो बेअसर रहा था। भारत के लिए अमेरिका कभी भी रूस की तरह मित्र देश नहीं रहा है, वह पाकिस्तानपरस्त रहा है, यह 1971 में भी दिखा और अभी ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी दिखा। अमेरिका के भारत से रिश्ते ज्यादातर व्यापारिक रहे हैं। भारत बड़ा बाजार व खरीदार है, इसलिए अमेरिका ने 21वीं सदी में नई दिल्ली की तरफ झुकाव बढ़ाया है। भारत यह बात भलीभांति जानता है। राष्ट्रपति ट्रंप को एहसास है कि आयातक देशों पर अधिक शुल्क लगाकर अमेरिका अपनी सुस्त अर्थव्यवस्था में जान फूंक सकेगा, लेकिन यह अवधारणा ही गलत है। ग्लोबल ट्रेड पर तात्कालिक असर जरूर पड़ेगा, लेकिन वह जल्द ही नया रूप ले लेगा। अमेरिकी टैरिफ वार से वैश्विक स्तर पर भारत, चीन, रूस, ब्राजील जैसे देश गोलबंद होंगे, जो अमेरिका की नाक में दम कर देंगे। अभी अमेरिकी टैरिफ भारतीय जीडीपी को 0.19 फीसदी व रुपये की कीमत को प्रभावित कर सकता है। नई टैरिफ दर के बाद अमेरिकी बाजार कनाडा, मेक्सिको, यूरोपीय संघ (ईयू), जापान, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया के लिए मुफीद होंगे, जबकि चीन, ब्राजील व भारत के लिए कठिन होंगे। भारत का घरेलू बाजार बहुत मजबूत है और वैश्विक निर्यात में हिस्सेदारी केवल 2.4 फीसदी है, इसलिए अमेरिकी टैरिफ बम से भारतीय जीडीपी बेअसर रहेगा। विदेशी मुद्रा भंडार पर अस्थायी असर पड़ सकता है। भारत को अपने निर्यात बढ़ाने के लिए ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, जापान, खाड़ी देश, यूरेशिया, अफ्रीकी संघ व आसियान देशों जैसे वैकल्पिक बाजारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, नए एफटीए करना चाहिए और अमेरिका के सर्विस सेक्टर पर नए तरीके से जवाबी टैरिफ दर के बारे में सोचना चाहिए।



# देश से विदेश तक प्रेमचंद का असर

जयंती विशेष
अखिलेश आर्येन्दु

**उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।**

यह सोच कर ताज्जुब होता है कि शताब्दी पहले गुलामी के दिनों में भी तमाम भारतीय साहित्यकारों की रचनाएं विदेशियों के लिए कौतुहल का विषय क्यों बनीं? पता चला कि हिंदी के विश्वप्रसिद्ध लेखकों, कवियों और पत्रकारों की कालजयी रचनाओं का असर महज भारत तक ही सीमित नहीं रहा है बल्कि शताब्दी पहले रूसी, जर्मनी, फ्रांसीसी, चीनी, हंगेरियन सहित दुनिया के तमाम हिंदी प्रेमियों व अंग्रेज हिंदी प्रेमियों का जब भारत आना-जाना हुआ और तत्कालीन हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं से वे रूबरू हुए, तब वे हिंदी साहित्यकारों की रचनाओं के मुरीद हुए। इनको पढ़कर वे प्रभावित हुए और अपने देश लौटकर उनका अनुवाद किया। तब से ही वहां के विश्वविद्यालयों में उन पर शोध भी होने शुरू हुए। जिन हिंदी साहित्यकारों को सबसे ज्यादा लोकप्रियता विदेशों में हासिल हुई उनमें कबीर, तुलसीदास, सूरदास, भारतेन्दु हरिश्चंद, जयशंकर प्रसाद, निराला, पंत के अलावा गद्य लेखकों में मुंशी प्रेमचंद सबसे ज्यादा लोकप्रिय और पसंद किए गए। मुंशी प्रेमचंद की रचनाओं ने भारतीय समाज पर ही नहीं बल्कि विदेशों के समाज पर भी असर डाला। उनकी कहानियों व उपन्यासों का असर था कि भारतीय समाज के हर तबके के लोगों की सोच में बदलाव आया। विदेशियों की भारतीय साहित्य व समाज के बारे में सोच में बदलाव हिंदी के साहित्यकारों की रचनाओं को पढ़ने के बाद आया।

जाहिर तौर पर मुंशी प्रेमचन्द ने उस वक्त लिखना शुरू कर दिया था जब समाज में बदलाव की धारा की शुरुआत हो चुकी थी। ऐसे तमाम तत्कालीन विषय प्रेमचंद के साहित्य में समेटे गये जो सीधे भारतीय समाज की उस वक्त की जरूरत थी। गुलाम भारत में उस वक्त अंग्रेजों की गुलामी से छुटकारा, समाज में फैले पाखण्ड, अंधविश्वास, कुरीतियों एवं गंदी प्रथाओं को खत्म करने के लिए तमाम आंदोलन चलाए जा रहे थे। इन आंदोलनों में आर्यसमाज का असर समाज पर सबसे ज्यादा पड़ रहा था। प्रेमचंद की लेखनी में भी आर्य सामाजिक क्रांति का असर गहराई से देखा जा सकता है। भारतीय समाज के तत्कालीन हालात, प्रवृतियों और समस्याओं को प्रेमचंद ने अपने लेखन का विषय बनाया, वे महज भारतीय समाज की दिशा-दशा नहीं थी बल्कि दुनिया के उन सभी देशों की भी थी, जहां अंग्रेजों की हुकूमत थी। शायद यही वजह है कि प्रेमचंद विदेशों में भी उतने ही पसंद किए गए जितने की भारत में। पिछले सौ वर्षों में प्रेमचंद जितना सम्मान एशिया, यूरोप, अफ्रीकी देशों और अमेरिका के पड़ोसी देशों में पा रहे थे, वहां आज भी उसी तरह का मान-सम्मान अपनी रचनाओं के जरिए पा रहे हैं। जापान में हिंदी प्रचारक प्रो. क्यूमा दोई ने 1955 ई. में 'गोदान' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। इसी तरह प्रो. साबा ने प्रेमचंद की कहानी 'कफन' का जापानी भाषा में अनुवाद किया। जापान में इसे भारतीय साहित्य का पहला अनुवाद माना जाता है। प्रो. केइचि नियामोतो एवं प्रो. ताइगेन हाशियोतो की मदद से 'दो बैलों की कथा', 'बड़े भाई साहब', 'पूस की रात', 'नशा' जैसी अनेक लोकप्रिय कहानियों का जापानी में अनुवाद किया। सुश्री तामाकि मात्सुओगा ने ईदगाह का अनुवाद किया। प्रो. तेइजि सकाता ताकुसोक ने 1967 ई. में 'गोदान' में प्रेमचंद की पद्धति एवं शैली' तथा 1968 ईं. में 'प्रेमचंद की कहानियों



में शिल्पविधि का विकास' लेख लिखा। इसके अलावा प्रो.कोउकि नागा ने 'प्रेमचंद तथा गांधीवाद' विषय पर शोध किया। वहीं, इशिदा हिदेआकी ने प्रेमचंद के साहित्य में छुआछूत पर किया गया कार्य, मुराकामी योशियाकी द्वारा प्रेमचंद साहित्य का संकलन, श्रीमती कुरू ने मृतक भोज, ठाकुर का कुआं, पूस की रात, दूध का दाम, सद्गति आदि कहानियों का जापानी भाषा में अनुवाद किया।

इसी तरह यूक्रेनी भाषा के महान रचनाकार ए.पी वारान्निकोव ने प्रेमचंद की रचनाओं को सर्वग्राही बताते हुए लिखा है-'प्रेमचंद की रचनाओं में असली भारत के दर्शन होते हैं।' उन्होंने उनकी भाषा-शैली की खासियत को बताते हुए लिखा-''प्रेमचंद न केवल श्रेष्ठ और नई जीवनशैली के धनी हैं, जिसे उन्होंने सबसे पहले अपनाया है, बल्कि भारतीय साहित्य के लिए एक नई विधा-सामाजिक कहानी में, जिसमें सामाजिक तत्त्वों को बड़ी मनोवैज्ञानिक गहनता से उभारा गया है।'' एशिया के देशों खासकर चीन में प्रेमचंद की कहानियों का चीनी भाषा में 1956 ई. में अनुवाद का काम शुरू किया गया। इन चीनी अनुवादकारों में प्रमुख हैं'-श्वेड. चेन, फू. सुन, चिड. चओ, थ्वान तिड., प्रो. ल्यू. ऑन ऊ, तथा नी पेनकिन। प्रो. ल्यू आन ऊ ने सबसे ज्यादा अस्सी कहानियों का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीनी अनुवादकों ने प्रेमचंद की 200 कहानियों का अनुवाद किया। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रूस की तरह ही चीनी हिंदीप्रेमियों ने भी प्रेमचंद को महत्वपूर्ण लेखक मानते हुए उनकी तमाम रचनाओं का चीनी भाषा में अनुवाद किया। चीन में प्रेमचंद की लोकप्रियता के बारे में प्रो. ल्यकोनान ने लिखा है-''मुक्ति के पहले तो हिंदी साहित्य का लोग नाम भी नहीं जानते थे। पर अब तक प्रेमचंद के गोदान, रंगभूमि, निर्मला, गबन, कर्मभूमि आदि का अनुवाद हो चुका है, जो छपते ही हाथोंहाथ बिक गए। दुनिया के उन देशों में भी प्रेमचंद के साहित्य को पसंद करने वाले हैं जहां भारतीयों की तादाद बहुत कम है। डॉ. पी.वी ग्लादीशेव रूस के पहले विद्वान थे जिन्होंने इंदीस्काया दिरेव्या व त्वोरचेस्त्वे प्रेमचंदा (प्रेमचंद के कृतित्व में भारतीय ग्राम) विषय पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की थी। इसी तरह डॉ. विक्टर ई. वालिन ने भी प्रेमचंद नावेलिस्ट (उपन्यासकार प्रेमचंद) विषय पर खास तवज्जो देते हुए शोध किया, जिस पर लेनिनग्राद विश्वविद्यालय से उन्हें 1956 में डॉक्टरेट की डिग्री मिली। उन्होंने गोदान, निर्मला, प्रेमाश्रय पर भी विवेचनात्मक अध्ययन किया। इसके अलावा लाहौर से प्रकाशित पत्रिका 'सोजे वतन' के आधार पर प्रेमचंद पर एक दिलचस्प लेख 'प्रेमचंद के सृजन-पथ की शुरुआत और सोजे वतन कहानी संग्रह' लिखा था, जो 1962 ई. में मास्को से प्रकाशित किताब 'सेब्रेमेन्नाया इन्दीस्काया प्रोजा' (आधुनिक हिंदी भारतीय गद्य) में संकलित है।

प्रेमचंद उन कालजयी रचनाकारों में हैं जिन्होंने अपनी रचनाओं के जरिए लोगों को हिंदी सीखने के लिए प्रेरित किया। विदेशों में भी प्रेमचंद के साहित्य का अनुवाद खूब हुआ, लेकिन मूलभाषा में पढ़ने का मज़ा कुछ और ही होता है, इस नजरिए से विदेशों में भी लोगों ने हिंदी सीखी। डॉ.मारग्रेट गात्सलाफ का निर्मला और कई कहानियों का जर्मन में रूपांतरण और प्रो.लोठार लुत्से द्वारा डा. कमल किशोर गोयनका के सहयोग से प्रेमचंद साहित्य पर किया गया कार्य काबिलेगौर है। लघु भारत कहे जाने वाले मॉरीशस में प्रेमचंद के चहेतों की लम्बी सूची है। आज दुनिया के तकरीबन सौ से ज्यादा देशों में प्रेमचंद वहां के चहेते विदेशी लेखकों में अपना नाम दर्ज करा चुके हैं। हम फक्र से कह सकते हैं कि रूस, जापान, हंगेरियां, चेकगण राज्य, चीन सहित दुनिया के तमाम मुल्कों के विद्वानों व जनता में प्रेमचंद पूरे मन से आज याद और पसंद किए जाते हैं।

( लेखक साहित्यकार व संस्कृतिवेत्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## आलेख

परदेशी राम वर्मा



# आकाशदीप प्रेमचंद

प्रेमचंद ने कर्मभूमि में लिखा है - 'जीवन में यथार्थ का महत्व आदर्श से जौ भर भी कम नहीं ।' वे यथार्थ को लेखन का विषय बनाकर एक आदर्श प्रस्तुत कर गए । इसीलिए साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया । सही दर्पण में सच्ची प्रतिच्छबि दिखती है । उनकी कहानी ठाकुर का कुंवा, सद्गति, पूस की रात, सवा सेर गेहूँ, कफन और उपन्यास गोदान में सामंती शोषण, जातीय कट्टरता, दमन, अमानवीय व्यवहार और जड़ता पर चोट है । दूसरी तरफ गुल्ली डण्डा, बड़े भाई साहब, पंच परमेश्वर, नमक का दरोगा, ईदगाह, मंत्र, सुजान भगत जैसी कहानी और गबन जैसा उपन्यास है जिसमें जीवन के विविध रंगों के सजीव और प्रेरक चित्रण के साथ नसीहत है । मनुष्यता की जीत और सद्भाव का महत्व इन कहानियों में है तो गबन में स्त्री के आभूषण प्रेम को केन्द्र में रखकर रची गई कथा है । अति से विनाश की शुरूवात होती है । लालच, स्वार्थ, दिखावा, अंहकार आदमी को छोटा करता है । मनुष्य क्षमा, प्रेम और सहयोग से बड़ा बनता है यह संदेश इन कहानियों में है । एक अलग रंग घासवाली जैसी कहानियों का भी है । यह स्त्री के आन-बान की कहानी है । जातीय चौखटे में कैद समाज की सड़न पर भी इसमें चोट है । प्रेमचंद जिस समय गोदान लिख रहे थे और जिस दौर में वे कफन जैसी कहानी लिख रहे थे ठीक उसी काल में छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान के लिए लड़ने वाले पुरोधा डॉ. खूबचंद बघेल जातीय कट्टरता के खिलाफ नाटक ऊंच-नीच लिखकर उसे खेल भी रहे थे । 1933 में गांधी जी छत्तीसगढ़ आये । तब चंदखुरी गांव के समृद्ध व्यक्ति श्री बर्छिहा जी और डॉ. खूबचंद बघेल के तमाम साथी समतावादी समाज के लिए जीवन न्यौछावर करने का संकल्प लेकर मैदान में उतर गए । बर्छिहा ने अपने गांव के सतनामियों की दाढ़ी स्वयं बनाकर सिद्ध किया कि सब मनुष्य बराबर हैं । नाई केवल सवर्णो की दाढ़ी क्यों बनायें ? उनके इस कदम से कुपित कूर्मि समाज ने उन्हें बहिष्कृत कर दिया। तब डॉ. खूबचंद बघेल नाटक का तोप लेकर गांव पहुंच गए। पंडित रविशंकर शुक्ल, महंत लक्ष्मी नारायण दास की उपस्थिति में जातिवादी जड़ता के खिलाफ लिखा गया नाटक ऊंच-नीच खेला गया और चमत्कार हो गया । गांव वालों ने संदेश को समझकर बर्छिहा को पुनः मुख्यधारा में ले लिया । इस तरह छत्तीसगढ़ में जहां पंडित सुन्दरलाल शर्मा ने सतनामियों को मंदिर प्रवेश करवाया वहीं डॉ. खूबचंद बघेल ने समतावादी छत्तीसगढ़ी समाज रूपी मंदिर की गरिमा को बनाये रखने का संदेश दिया।

डॉ. बघेल और पंडित सुन्दरलाल शर्मा छत्तीसगढ़ी समाज की भीतरी ताकत को समझने वाले विशेषज्ञ थे । ठीक उसी तरह पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी विश्व-साहित्य के विशेषज्ञ, अंग्रेजी के उद्भट विद्वान और छत्तीसगढ़ी जीवन के अमूल्य सूत्रों को रेखांकित करने वाले महान लेखक थे । इसीलिए वे हृदय में जलने वाले स्नेह दीप की महिमा गाते हुए 'झलमला' लिख सके। छत्तीसगढ़ महतारी का समग्र चित्र खींचकर कारी का सृजन कर सके। हमारा छत्तीसगढ़ सद्भाव का द्वीप है । यहां घीसू-माधव जैसे अभागे लोग नहीं रहते। उन पर इतना दमन यहां नहीं हुआ कि मनुष्य होने की चेतना ही विलुप्त हो जाय। उनके जीवन में ऐसा रीतापन नहीं आया कि वे कफन के पैसे से खा-पीकर बेसुध हो जांय।

छत्तीसगढ़ के किसी ठाकुर के कुँए से मरणासन्न पति के लिए डोलची भर पानी निकालना इतना भयकारी, कभी नहीं रहा। यहां ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर की परंपरा के सहृदय ठाकुरों की बस्तियां सदैव आबाद रहीं । यहां रतीराम गौंटिया जैसे सतनामी रत्न जन्में जिन्होंने महादानी कहलाने का गौरव हासिल किया । सब कुछ दान देकर समाज में पर्वतदानी होने का सम्मान पाया । छत्तीसगढ़ की आंतरिक संरचना दूसरों से बिलग है । हिंसा और अतिरेक से बचता रहा है छत्तीसगढ़ । अपने समय के दो महत्वपूर्ण लेखकों ने अपना अपना सच देखा और उसके पक्ष में वे खड़े हुए । प्रेमचंद भी विश्व साहित्य के जानकार थे और बख्शी जी भी । लेकिन लेखन के लिए दोनों ही अपनी जमीन पर आश्रित थे । प्रेमचंद अपने आसपास की दुनिया को आधारित कर कथानक खड़ा करते थे । यथार्थ पर आधारित कहानियों के लेखक प्रेमचंद विश्व में पूजे जाते हैं । ठीक उसी तरह हमारे छत्तीसगढ़ के वंदनीय रचनाकार बख्शी जी का डंका बजता है । शिक्षक प्रेमचंद के स्कूल में गांधी जी आये थे । उनसे प्रभावित होकर ही उन्होंने नौकरी छोड़ी थी । प्रेमचंद गांधीवाद, मार्क्सवाद के साथ ही उस दौर के प्रभावी विचारकों से भी प्रभावित रहे । बख्शी जी डॉ. खूबचंद बघेल द्वारा 1956 में गठित छत्तीसगढ़ी किसान सभा में पदाधिकारी बनाए गये । इस तरह दो बड़े साहित्यकार अपने समय के बड़े नेतृत्वकर्ता से प्रभावित थे तो उस दौर के सर्वमान्य नेतृत्वकर्ता भी ऐसे साहित्यकारों के प्रशंसक थे।

अपनी धरती को समझकर और अपनी समझ भर लिखकर ही रचनाकार भरोसेमंद बन पाता है। पाखंड और नकली जीवन, दिखावे की सिद्धांतप्रियता कभी किसी सही दृष्टि वाले व्यक्ति को अच्छी नहीं लगती। लेखक इसका विरोध और अधिक त्रीवता से करता है। विसंगति के विरोध की कला ही सफल लेखन की अनिवार्य शर्त है । जहर से अमृत बनाने की कला साधने वाले ही बड़े लेखक होते है । प्रेमचंद ने 'गोदान' में लिखा भी है... "अन्याय ने मनुष्य जाति में विद्रोह की भावना उत्पन्न करके समाज का बड़ा उपकार किया है।" प्रेमचंद की लगभग 300 कहानियां प्रकाश में आईं । उन्होंने हिन्दी कथा साहित्य को ठोस धरातल पर खड़े होने का संस्कार दिया । उनके पूर्व के कथाकार कल्पना और रहस्य पर आधारित कहानियां लिखते रहे । प्रेमचंद के बाद कहानियां लगातार जीवन के यथार्थगत संघर्षों से जुड़कर आगे गईं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)


# राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
## दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

# भरे गिलास से मंदिर की परिक्रमा



संकलित
## प्रेरणा

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए औऱ 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः 1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा? महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आवारा कुत्तों से लोग हलाकान

कितनी हैरानी और चकित करने वाली बात है कि देश के सर्वोच्च न्यायालय को देश की एक छोटी सी समस्या पर भी बयान देना पड़ रहा है। यह समस्या है देश में आवारा कुत्तों से आमजन को होने वाली परेशानी। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों द्वारा लोगों को काटने से जो परेशानी हो रही है, और इससे रैबीज से होने वाली लोगों की मौतों पर चिंता जताई है। जबकि इस पर राज्य सरकारों को चिंता नहीं, बल्कि चिंतन करना चाहिए। मीडिया भी इस समस्या के लिए गंभीरता दिखाता है और प्रशासन को जगाने की कोशिश करता है, लेकिन नेतागण व प्रशासन यह गंभीरता नहीं दिखाते। रैबीज की बीमारी जानलेवा भी बन सकती है। इसलिए समूह समाज को इसका ठोस समाधान तलाशना चाहिए। *– चेतन वर्मा, रायपुर*

## ट्रेंड

### पवित्र अवशेष



यह हर भारतीय के लिए गर्व की बात है कि भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा अवशेष 127 वर्षों के बाद स्वदेश वापस लाए गए हैं। ये हमारी गौरवशाली संस्कृति के विभिन्न पहलुओं के संरक्षण और सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### बुनियादी सुविधाओं का लाभ



ईएचएन और आरयूसीए अधिनियम के माध्यम से, हम लोगों को अपने घरों को नियमित करने और बुनियादी सुविधाओं का लाभ उठाने में सुविधा प्रदान कर रहे हैं। इसके अलावा, हम भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैधता को रोकने के लिए कड़े कानून बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।
**-डा. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा**

### मानदेय राशि में वृद्धि



ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में आशा एवं ममता कार्यकर्ताओं के योगदान को सम्मान देते हुए उनकी मानदेय राशि में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। इससे उनका मनोबल बढ़ेगा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत होंगी।
**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### सत्ता के करीबी



ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था क्या ऐसे ही बनेगी? लोन न चुका पाने पर ग़रीब की पत्नी को तो बैंक वाले बंधक बना रहे हैं लेकिन सत्ता के करीबी जो लोग बैंकों का खरबों लेकर विदेश भगा दिये, उनका क्या?
**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# अफगानिस्तान में पर्यटकों का महिलाएं कर रहीं नेतृत्व

अफगानिस्तान में तालिबान की सख्ती के बीच एक महिला गाइड यहां स्थित संग्रहालय में आने वाली महिला पर्यटकों के समूहों का नेतृत्व कर रही हैं और संग्रहालय के बारे में बारीकी से जानकारी दे रही हैं।




पर्यटकों का अपनी गाइड के साथ चलना और संग्रहालय के बारे में दी जा रही जानकारी को ध्यान से सुनना एक अनूठा अनुभव देता है, जहां तालिबान शासन ने लड़कियों और महिलाओं के शिक्षा ग्रहण करने और काम करने पर कई तरह की पाबंदियां लगाई हुई हैं। अफगानिस्तान के राष्ट्रीय संग्रहालय में आने वाले विदेशियों के समूह में केवल महिलाएं हैं, गाइड भी एक महिला ही थी। सोमाया मोनिरी (24) को यह नहीं पता था कि पर्यटक गाइड जैसा भी कोई पेशा होता है। लेकिन, अपनी अंग्रेजी भाषा सुधारने में मदद के लिए इंटरनेट पर खोज करते हुए, उनकी नजर 'काउचसर्फिंग' पर पड़ी, एक ऐसा ऐप जिसके जरिए यात्री स्थानीय लोगों से जुड़ सकते हैं और उनके घरों में रह सकते हैं। मोनिरी बताती हैं, 'एक पर्यटक की मेजबानी करने के बाद, मुझे इसमें बहुत रुचि हो गई और यह मेरे लिए बेहद दिलचस्प था। यह बहुत अनोखा था। मैंने इसके बारे में पहले कभी नहीं सुना था, इसलिए मैंने सोचा – क्यों न ऐसा किया जाए?'

## ऑफ बीट

# एआई एजेंट ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने में सक्षम

हम कृत्रिम मेधा (एआई) के तीसरे चरण में प्रवेश कर रहे हैं। पहले दौर में चैटबोट आए। उसके बाद 'एआई असिस्टेंट' (सहायक) ने दस्तक दी। अब



हमारे बीच 'एआई एजेंट' हैं, जो ज्यादा स्वतंत्र तरीके से काम करने की क्षमता रखते हैं और 'टीम' बनाकर या 'टूल'' का इस्तेमाल करके जटिल कार्यों को पूरा कर सकते हैं। 'ओपनएआई' का 'चैटजीपीटी' एजेंट सबसे नवीनतम और चर्चित उत्पाद है। डेवलपर के अनुसार, यह पहले से मौजूद दो उत्पादों (ऑपरेटर और डीप रिसर्च) को मिलाकर ऐसा शक्तिशाली 'सिस्टम' बनाता है, जो 'अपने दम पर सोच–समझकर काम करता है। ये नये 'सिस्टम' पहले के 'एआई टूल' से एक कदम आगे हैं। लेकिन यह जानना भी जरूरी होता जा रहा है कि वे कैसे काम करते हैं और क्या कर सकते हैं, साथ ही उनकी कमियां और जोखिम क्या हैं। चैटजीपीटी ने नवंबर 2022 में चैटबोट युग की शुरुआत की, लेकिन इसकी अपार लोकप्रियता के बावजूद इसका बातचीत आधारित 'इंटरफेस' इस प्रौद्योगिकी की संभावनाओं को सीमित कर रहा था। इसके बाद 'एआई असिस्टेंड' या 'को–पायलट' काल की शुरुआत हुई। ये उसी 'जनरेटिव एआई मॉडल' पर आधारित 'सिस्टम' हैं, जिन पर 'चैटबोट' काम करते हैं।

## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## बिहार में महागठबंधन में सीट शेयरिंग पर संग्राम

# 60 सीटों पर सहनी अड़े, नहीं बनी बात तो दिल्ली जाकर हो गए खड़े

सहनी ने कहा- पार्टी ने विधानसभा चुनावों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि 50 फीसदी सीटों पर अति पिछड़ा वर्ग और एससी-एसटी समाज के उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी

### आरजेडी के नेता तेजस्वी के आवास पर बैठक रही बेनतीजा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में 60 सीट मांग रही विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री मुकेश सहनी पटना में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के आवास पर बुधवार को बुलाई गई महागठबंधन की बैठक छोड़कर दिल्ली पहुंच गए हैं।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बालगोविंद बिंद महागठबंधन की कोर्डिनेशन कमिटी की बैठक में शामिल हुए हैं। सहनी लगातार 60 सीट मांग रहे हैं और कह रहे हैं कि थोड़ा-बहुत कम सीट मिलेगा तो भी चलेगा।

**सहनी के स्थान पर प्रदेश अध्यक्ष बालगोविंद बैठक में पहुंचे**

बैठक में नहीं बन सकी बात सभी दल अपना अपना दबदबा कायम रखने की फिराक में



#### सहनी ने 2 एजेंडे लाए सामने

दो दिन पहले ही सहनी ने सोशल मीडिया पर पार्टी का दो एजेंडा शेयर किया था। पहले एजेंडा में सहनी ने लिखा- विकासशील इंसान पार्टी 60 सीटों पर लड़ेगी, शेष सीटों पर सहयोगी दलों के प्रत्याशी चुनाव लड़ेंगे। दूसरे एजेंडा में सहनी ने कहा- पार्टी ने विधानसभा चुनावों के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए घोषणा की है कि 50 फीसदी सीटों पर अति पिछड़ा वर्ग और एससी-एसटी समाज के उम्मीदवारों को मैदान में उतारेगी।

#### डिप्टी सीएम पद पर भी नजर

सहनी ने यह भी साफ कर दिया कि वह उपमुख्यमंत्री पद की भी मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि एक मल्लाह का बेटा डिप्टी सीएम बने, यह पूरे समाज के लिए गर्व की बात होगी। हालांकि, वीआईपी के पास वर्तमान विधानसभा में एक भी विधायक नहीं है, क्योंकि इसके सभी चार विधायक पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

### घोष ने पीएम से की सौजन्य भेंट



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल प्रो. अशीम कुमार घोष ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। घोष की राज्यपाल बनने के बाद पीएम मोदी से यह पहली मुलाकात थी। इस शिष्टाचार भेंट के दौरान राज्यपाल ने हरियाणा से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री से बातचीत की।

## खबर संक्षेप

### 22 मुकदमे, 47 जगहों पर सीबीआई की रेड



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में हजारों फ्लैट खरीदारों को धोखा देने वाले बिल्डर्स पर सीबीआई ने बड़ा ऐक्शन लिया है। सीबीआई ने कहा है कि बिल्डर्स और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। सुप्रीम कोर्ट के दिए गए निर्देशों के अनुपालन में में 47 ठिकानों पर तलाशी भी ली गई है।

### तमिल एक्टर 5 करोड़ की ठगी में गिरफ्तार



**चेन्नई।** दिल्ली पुलिस की ईओडब्ल्यू ने साउथ की फिल्मों के अभिनेता को चेन्नई से गिरफ्तार किया। तमिल फिल्मों में अभिनय कर चुके पावरस्टार के नाम से पहचान बनाने वाले अभिनेता एस. श्रीनिवासन को चेन्नई से गिरफ्तार किया है। उसने कंपनी को 1000 करोड़ का लोन दिलाने कंपनी से 5 करोड़ की ठगी की।

### लालू पर लैंड फॉर जॉब में कार्यवाही नहीं रुकेगी



**नई दिल्ली।** नौकरी के बदले जमीन देने के मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को फिर झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने लालू की कार्यवाही पर रोक लगाने से इनकार कर दिया गया गया है। शीर्ष अदालत ने लालू की ओर से दायर याचिका का बुधवार को निपटारा कर दिया। दिल्ली हाई कोर्ट में इसकी याचिका लंबित है।

### अब मासिक बैठकों में बंगाली भाषा अनिवार्य



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने पर बंगालियों के कथित उत्पीड़न के विरोध में सड़कों पर उतर आई हैं। कोलकाता ननि ने पार्षदों के लिए मासिक बैठकों में बंगाली में बोलना अनिवार्य किया है। केएमसी अध्यक्ष माला रॉय ने यह बात कही है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर 'राज्यसभा में नेता' नड्डा की कांग्रेस को खरी-खरी

# मुजरिम जज बनकर हमसे पूछ रहे हैं सवाल, वे गोलियों से भूनते रहे हम बिरयानी खिलाते रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद में मानसून सत्र का बुधवार को 8वां दिन था। राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर लगातार दूसरे दिन चर्चा हो रही है। भाजपा सांसद जेपी नड्डा ने कहा कि 2014 से पहले हर जगह बम ब्लास्ट होते थे, लेकिन यूपीए सरकार पाकिस्तानियों को मिठाई खिलाती रही। नड्डा ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार की तुष्टिकरण की सीमा को समझें। 2008 में इंडियन मुजाहिद्दीन द्वारा किए गए जयपुर बम विस्फोटों के बाद, भारत और पाकिस्तान एक विशिष्ट विश्वास-निर्माण उपायों पर सहमत हुए थे। वो हमें गोलियों से भूनते रहे और हम उनको बिरयानी खिलाने चले। उन्होंने नियंत्रण रेखा पार करने के लिए ट्रिपल-एंट्री परमिट की अनुमति दी, इसके साथ ही भाजपा के अन्य नेताओं ने भी कांग्रेस सरकार की बखिया उदेड़ दी। उनेक कार्यकाल में हुए हमलों को बताकर उनकी प्रतिक्रियाओं को भी सदन के साने रखा।

### राज्यसभा में सदन के नेता ने कांग्रेस का इतिहास ही सुना दिया



**नड्डा ने किया बड़ा सवाल**

#### कांग्रेस खुद के गिरेबान में झांककर देखे

नड्डा ने कहा कि 2005 में जौनपुर में श्रमजीवी एक्सप्रेस में हरकत-उल-जिहाद ने बम ब्लास्ट किया था। 14 लोग मारे गए और 62 घायल हुए लेकिन उस वक्त कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जो आज हमसे पूछ रहे हैं कि पहलगाम का क्या हुआ, वो पहले खुद के गिरेबान में झांककर देखें। नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार संवेदनशील है। पहलगाम की घटना बेहद निंदनीय है। पहलगाम हमला हृदय विदारक है। घटना वाले दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सूचना मिलते ही शाम 5 बजे श्रीनगर पहुंच गए। पीएम मोदी भी विदेश दौरा छोड़कर तुरंत वापस आ गए। पॉलिटिकल लीडरशिप महत्वपूर्ण होती है।

#### यूपीए के गृहमंत्री कश्मीर जाने में ही डरते थे

नड्डा ने कहा कि यूपीए के गृहमंत्री कहते थे कश्मीर जाने में डर लगता था। आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकती। हमले होते रहे हम बिरयानी खिलाते रहे। वो आतंकी हमले करते हम डोजियर भेजते रहे। यूपीए सरकार के दौरान जगह-जगह बम धमाके होते थे। पहलगाम पर हमले की पूरी क्रोनोलॉजी समझनी चाहिए। विपक्ष पर अटैक करते हुए कहा कि हाफिज सईद को जी कहकर बुलाते थे।

#### कांग्रेस 2004-2014 का समय तो देखे

नड्डा ने कहा कि 2004-2014 का समय देखिए, उस वक्त की सरकार ने कई आतंकी घटनाओं पर कोई ऐक्शन नहीं लिया। 2005 में श्रमजीवी ब्लास्ट हुआ, कोई एक्शन नहीं हुआ। उस समय की सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया। पहलगाम पर सवाल उठाने वाले पहले अपने गिरेबां में झांक कर देखें।

#### एलओसी पार करने ट्रिपल-एंट्री परमिट किसने दिया

कांग्रेस की तुष्टिकरण की सीमा को समझने की जरूरत है कि 2008 में इंडियन मुजाहिद्दीन की ओर से किए गए जयपुर बम विस्फोटों के बाद भारत-पाक विश्वास-निर्माण उपायों पर सहमत हुए थे। वो हमें गोलियों से भूनते रहे और हम उनको बिरयानी खिलाते रहे। उन्होंने नियंत्रण रेखा पार करने के लिए ट्रिपल-एंट्री परमिट की अनुमति दी।

### भाजपा सांसद अनुराग ने भी उधेड़ी कांग्रेस की बखिया

#### युद्ध रुकवाने इंदिरा ने निक्सन को क्यों लिखी थी चिट्ठी

पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा अमेरिका के उस समय के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन को पत्र लिखे जाने की खबरों की चर्चा के बीच भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में सवाल किया कि यह चिट्ठी क्यों लिखी गई थी। ठाकुर ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा औरं इंदिरा गांधी के 50 प्रतिशत साहस पर जवाब दिया।

**सरकार 'आयरन' थी कि 'आयरनी' (विडंबना) थी**

ठाकुर ने कहा कि यदि 1971 की बात की जाए, तो बलिदान भारत की सेना ने दिया था। लेकिन 'आयरन लेडी' किसी और को बना दिया। जो जंग मैदान में जीती थी, वह मेज पर हारी गई। उन्होंने इंदिरा के संदर्भ में कहा कि यह देश तय करे कि उस समय की सरकार 'आयरन' थी कि 'आयरनी' (विडंबना) थी।

#### चिट्ठी के हिस्से उद्धृत किए

ठाकुर ने चिट्ठी के कुछ हिस्से उद्धृत करते हुए दावा किया कि तत्कालीन प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति से पाक पर अपने प्रभाव का प्रयोग करने और भारत के विरुद्ध उसकी आक्रामक गतिविधियों को रोकने का आग्रह किया था।

**किसने हाथ फैलाया?:** क्या इंदिरा को उस समय की सेना पर विश्वास नहीं था, जो अमेरिका के राष्ट्रपति के सामने हाथ फैलाया।

**प्रियंका चतुर्वेदी को जया ने डांटा**

#### प्रियंका, मुझे कंट्रोल मत कीजिए...

जया बच्चन ने सरकार पर बरसते हुए कहा कि पहलगाम हमले में लोगों का भरोसा तोड़ा गया है। इस हमले में जान गंवाने वालों के परिजन आपको माफ नहीं करेंगे। जया पास बैठीं प्रियंका चतुर्वेदी को भी झिड़कते दिखीं। उन्होंने उन्हें कंट्रोल न करने की हिदायत भी दी।

**रेलमंत्री ने लोकसभा में बताया**

#### 3 साल में सभी राज्यों को वंदे भारत से जोड़ दिया

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में बड़ी खुशखबरी सुनाई है। उन्होंने बताया है कि3 साल की छोटी से अवधि में सभी राज्यों को वंदे भारत ट्रेन सर्विस से जोड़ दिया गया है। हर राज्य में वंदे भारत ट्रेन चल रही है। वैष्णव ने बताया कि वर्तमान में देशभर में 144 वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं।

## मोदी दो अगस्त को वाराणसी से जारी करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान से बिहार के उप मुख्यमंत्री व उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री से कार्यक्रम को लेकर की चर्चा




हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बिहार के उप मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा और उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने बुधवार को कृषि भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। इस दौरान, बैठक में दोनों राज्यों के कृषि मंत्रियों ने क्षेत्र में कृषि एवं किसान कल्याण के संबंध में चर्चा कर अपने सुझाव दिए। शिवराज सिंह ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को किसानों के हित में दिशा-निर्देश दिए।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने बैठक में बिहार व उ.प्र. के मंत्रियों से अनुरोध किया कि वे आगामी 2 अगस्त को होने वाले प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के वृहद कार्यक्रम में अधिकाधिक किसानों की सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी (उ.प्र.) से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में जारी करेंगे। ये कार्यक्रम सभी राज्यों में होगा और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह पटना (बिहार) में इसके आयोजन में सम्मिलित होंगे। इसकी तैयारियों को लेकर केंद्रीय मंत्री सिंह ने बिहार के उप मुख्यमंत्री सिन्हा व उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री शाही से बातचीत की।

बैठक में शाही ने शिवराज से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से किसानों के जुड़ने की आखिरी तारीख को 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 अगस्त कर दी जाए, जिस पर शिवराज सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया, वहीं शाही तथा सिन्हा ने किसानों के हित में अन्य कई सुझाव भी दिए। केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इन मुद्दों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने की बात कही। बैठक में केंद्रीय कृषि सचिव देवेश चतुर्वेदी सहित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## भोजन का जायका और छग के मसौदे... भाजपा सांसदों के साथ बैठे सीएम साय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली स्थित 17, छत्तीसगढ़ सदन में राज्य से संबंधित सांसदों से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर आयोजित रात्रि भोज के दौरान मुख्यमंत्री ने सांसदों के साथ राज्य एवं राष्ट्र से जुड़े समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने सभी सांसदों को छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में उनके योगदान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी से राज्य की प्राथमिकताएं और ज़मीनी आवश्यकताएं राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से रखी जा सकती हैं। इस सौहार्दपूर्ण मुलाक़ात में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे व्यापक और सकारात्मक परिवर्तनों की चर्चा भी हुई। सांसदों ने छत्तीसगढ़ में केंद्र सरकार की योजनाओं की प्रगति को लेकर अनुभव साझा किए और राज्य में उनकी ज़मीनी पहुंच पर भी प्रकाश डाला। साय ने इस दौरान छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति, निवेश प्रोत्साहन के प्रयास, युवाओं के लिए उभरते अवसर, किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण, तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तनकारी विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। लंबे समय के बाद सांसदों के साथ सीएम की चर्चा हो रही है। ऐसे समय में जब संसद का सत्र चल रहा हो राज्य के लिए सवालों का गणित संसद में क्या हो सकता है, कौन क्या सवाल उठाए, कौन कौन चर्चा में भाग लेकर प्रदेश के विभिन्न विषयों को प्रभावी ढंग से सदन के पटल पर रखे, कुछ ऐसे विषयों के साथ पूर्व के भाजपा शासनकाल में सीएम रहे डॉ. रमन सिंह दिल्ली में बैठकें किया करते थे। तब उन्होंने सांसदों में से ही एक को वरिष्ठता के आधार पर कोर्डिनेटर भी बनाया था ताकि सांसदों के साथ सीएम का विषयवार समन्वय बना रहे। उसी तर्ज पर अब साय ने बैठकों का सिलसिला शुरू किया है।

## छत्तीसगढ़ में ननों की गिरफ्तारी पर संसद में हंगामा वेणुगोपाल ने जताया कड़ा विरोध, तुरंत रिहाई की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में असिसी सिस्टर्स ऑफ मैरी इमैक्युलेट की दो ननों, सिस्टर वंदना फ्रांसिस और सिस्टर प्रीथी मैरी की गिरफ्तारी का मामला संसद तक पहुंच गया है। कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद केसी वेणुगोपाल ने इस मुद्दे को गंभीर बताते हुए केंद्र और राज्य सरकार दोनों की आलोचना की है और दोनों ननों की तुरंत रिहाई की मांग की है।

वेणुगोपाल ने कहा कि इन ननों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा बेवजह घेरा और हमला किया गया, और फिर पुलिस ने उन्हें बिना किसी ठोस सबूत के गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने इसे भीड़ तंत्र और धार्मिक कट्टरता का खतरनाक उदाहरण बताया। केरल की ननों की गिरफ्तारी का विरोध केरल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष और पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने भी किया है। संसद के दोनों सदनों में विभिन्न दलों के सांसदों ने ननों की गिरफ्तारी का सांकेतिक विरोध किया। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि छत्तीसगढ़ में दो निर्दोष ननों को बेबुनियाद आरोपों पर गिरफ्तार किया गया है। बजरंग दल के गुंडों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बिना जांच के गिरफ्तारी की, जो न्याय के हर उसूल के खिलाफ है। यह घटना भाजपा और आरएसएस की उस मानसिकता को दर्शाती है जो हर अल्पसंख्यक को संदेह की नजर से देखती है।

#### संसद में कांग्रेस का प्रदर्शन

लोकसभा और राज्यसभा के कई कांग्रेस सांसदों ने संसद परिसर में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया और ननों की गिरफ्तारी को लोकतंत्र और धार्मिक स्वतंत्रता पर हमला बताया। सांसदों ने कहा कि ये नन केवल ज़रूरतमंद लड़कियों की मदद कर रही थीं, और उन पर लगाए गए धर्मांतरण और मानव तस्करी के आरोप पूरी तरह झूठे और दुर्भावनापूर्ण हैं।

#### घटना का पृष्ठभूमि

25 जुलाई को दुर्ग रेलवे स्टेशन पर सिस्टर वंदना और सिस्टर प्रीथी को तीन युवतियों के साथ देखा गया, बताया जा रहा है कि वे मेडिकल सहायता के लिए रायपुर ले जाने वाली थीं। इस बीच बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर उन्हें घेर लिया और धर्मांतरण का आरोप लगाया। पुलिस ने बिना उचित जांच के सिस्टर वंदना, सिस्टर प्रीथी और तीन अन्य को मानव तस्करी और जबरन धर्मांतरण कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया। जबकि युवतियों ने स्वयं कहा कि वे स्वेच्छा से जा रही थीं, किसी प्रकार का धर्मांतरण नहीं हो रहा था।

## आवारा कुत्तों की भयावह होती समस्या पर... कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र, टास्क फोर्स बनाने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर देशभर में तेजी से बढ़ रही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर चिंता जताई है और इस मुद्दे से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स के गठन की मांग की है।

कार्ति ने लिखा कि देश के विभिन्न हिस्सों से लगातार कुत्तों के काटने की घटनाएं, बच्चों और बुजुर्गों पर हमलों की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों द्वारा उठाए गए कदम अपर्याप्त और बिखरे हुए हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को एक सुनियोजित और समन्वित नीति बनानी चाहिए। यह केवल जानवरों का नहीं, जन सुरक्षा का गंभीर मुद्दा है। इसके लिए एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स बनाई जाए जो सभी राज्यों, नगरपालिकाओं, स्वास्थ्य एवं पशु कल्याण विभागों के साथ मिलकर ठोस कार्ययोजना बनाए। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में नसबंदी, टीकाकरण, और कुत्तों के पुनर्वास को लेकर कोई स्पष्ट और एकसमान दिशा-निर्देश नहीं हैं। इससे नीति निर्माण और अमल में भारी असमंजस की स्थिति बनी रहती है। कार्ति ने सुझाव दिया कि प्रस्तावित टास्क फोर्स में स्वास्थ्य मंत्रालय, शहरी विकास मंत्रालय, पशु कल्याण बोर्ड, विशेषज्ञ एनजीओ, और राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए ताकि हर पहलू से समस्या का समाधान संभव हो।

उन्होंने यह भी चेताया कि अगर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह रैबीज और अन्य संक्रमणों के रूप में जनस्वास्थ्य संकट बन सकता है। उन्होंने ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों की ओर भी ध्यान दिलाया, जहां ऐसी घटनाएं अधिक होती हैं लेकिन दर्ज नहीं होतीं।

## राष्ट्रपति ने एम्स-कल्याणी के पहले दीक्षांत समारोह में की शिरकत

# 48 छात्रों और पीडीसीसी के 9 छात्रों को डिग्री दी

मुख्य अतिथि के रूप में रहीं मौजूद

### पोस्ट-डॉक्टोरल सर्टिफिकेट कोर्स (पीडीसीसी) के छात्र भी रहे शामिल

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कल्याणी के पहले दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। मुर्मू ने इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लिया। इस दौरान राष्ट्रपति ने सभा छात्रों को शुभकामना दी और देश की सेवा करने की बात भी कही। इस अवसर पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, स्वास्थ्य राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य और केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर भी मौजूद थे।



#### दक्षिणेश्वर काली मंदिर भी गईं

फिर सड़क मार्ग से वह दक्षिणेश्वर काली मंदिर जाने का भी कार्यक्रम था। राष्ट्रपति ने दक्षिणेश्वर काली मंदिर में आरती देखने और पूजा करने की इच्छा जताई थी। उनकी इच्छा के अनुसार इस ऐतिहासिक मंदिर में सभी तैयारियां की गई थीं। पूजा के बाद वे सड़क मार्ग से कोलकाता लौटेंगी और राज भवन में रात्रिभोज के बाद रात वहीं बिताएंगी।

#### आज करेंगी कुछ विशिष्ट मुलाकातें

अगले दिन 31 जुलाई को राष्ट्रपति ने सुबह 9:20 से 9:50 बजे तक 30 मिनट का समय कुछ मुलाकातों के लिए रखा है। इसके बाद वह सुबह 10 बजे के आसपास राज भवन से कोलकाता हवाई अड्डे के लिए रवाना होंगी। बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

#### छात्र देश सेवा और जन सेवा करें

संस्थान में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के पहले बैच के छात्रों के स्नातक होने के उपलक्ष्य में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पोस्ट-डॉक्टोरल सर्टिफिकेट कोर्स (पीडीसीसी) के छात्र भी शामिल हुए। एमबीबीएस के कुल 48 छात्रों और पीडीसीसी के नौ छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। उन्होंने छात्रों से देश के विकास के लिए कार्य करने का आग्रह किया। लोगों की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया।

# अमेरिका का भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क झटकाः उद्योग

भाषा▸▸ नई दिल्ली



उद्योग जगत ने अमेरिका के भारतीय निर्यात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले को झटका बताते हुए, कहा कि यह हमारी उम्मीद से कहीं अधिक है। निर्यातकों के शीर्ष निकाय फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशंस (फियो) के महानिदेशक और सीईओ अजय सहाय ने कहा कि अमेरिका का 25 प्रतिशत का शुल्क कुछ ज्यादा है। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि कुछ ही महीनों में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने की संभावना है, जिससे शुल्क नीचे आ जाएगा। कपड़ा उद्योग का शीर्ष निकाय कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (सिटी) की महासचिव चंद्रिमा चटर्जी ने कहा, ''अमेरिका शुल्क की घोषणा कपड़ा क्षेत्र के लिए काफी बड़ा झटका है। हमें बड़ी उम्मीद थी कि हम तरजीही देश में आएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ।'' उन्होंने कहा, '' 25 प्रतिशत शुल्क ज्यादातर प्रतिस्पर्धी देशों से अधिक है। सिर्फ बांग्लादेश पर शुल्क हमसे अधिक है। दूसरी बड़ी चिंता जुमार्ने को लेकर है जो अभी साफ नहीं है...।'' उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग 10 से 15 प्रतिशत शुल्क की उम्मीद कर रहा था। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। इसके साथ ही उन्होंने रूस से सैन्य खरीद को लेकर इस शुल्क के ऊपर जुर्माना लगाने की भी घोषणा की है। सहाय ने बयान में कहा, '' अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है, वह कुछ ज्यादा है। भारत पर क्या जुर्माना लगेगा, यह अभी साफ नहीं है।'' हालांकि फियो ने उम्मीद जतायी कि कुछ ही महीनों में भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने की उम्मीद है, जिससे शुल्क नीचे आ जाएगा। उन्होंने कहा, ''लेकिन 25 प्रतिशत शुल्क आने के बाद अमेरिकी आयातक और भारत के निर्यातकों के बीच बातचीत होगी।'' हाय ने कहा, ''हमें यह देखना होगा किस स्तर तक हम शुल्क को सहन कर सकते हैं और एक दीर्घकालीन संबंधों की बात कर सकते हैं।'' चटर्जी ने कहा, ''अब सभी उम्मीदें भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी बातचीत पर है। हमें उम्मीद है कि उसमें कपड़ा क्षेत्र के लिए कोई तरजीही व्यवस्था होगी क्योंकि भारत-अमेरिका व्यापार में कपड़ा दोनों के लिए फायदेमंद है।

## भारत के साथ ट्रेड करार अभी अंतिम रूप नहीं ले पायाः ट्रंप

न्यूयॉर्क (भाषा)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि भारत के साथ व्यापार समझौते को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। ट्रंप ने एक बार फिर इस बात पर जोर दिया कि भारत किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक शुल्क लगाता है। ट्रंप ने मंगलवार को स्कॉटलैंड से वॉशिंगटन लौटते समय 'एयरफोर्स वन' विमान में पत्रकारों के साथ बातचीत में यह बात कही। भारत के साथ व्यापार समझौते का अंतिम रूप दिए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा, '' नहीं, अभी तक (समझौते को अंतिम रूप) नहीं दिया गया।'' ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपना मित्र बताया।

## अमेरिका का ऊंचा शुल्क चौंकाने वाला, झींगा निर्यात पर पड़ेगा 'गंभीर' असर

कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी ने कहा है कि अमेरिका के 25 प्रतिशत के ऊंचे शुल्क और जुर्माने से भारत के समुद्री खाद्य निर्यात, विशेष रूप से झींगा मछली के निर्यात पर 'गंभीर' असर पड़ेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत पर 25 प्रतिशत का शुल्क और रूस से सैन्य खरीद को लेकर जुर्माना लगाने की घोषणा की है। यह शुल्क एक अगस्त से लागू होगा। गुलाटी ने कहा कि ट्रंप का सभी भारतीय वस्तुओं पर ऊंचा शुल्क लगाने का फैसला 'बहुत बुरा' और 'चौंकाने वाला' है। उन्होंने कहा कि उन्हें केवल 10-15 प्रतिशत शुल्क की उम्मीद थी। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया, ''यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि ट्रंप अप्रत्याशित और दंडात्मक रुख वाले हैं।'' गुलाटी ने कहा कि इस कदम से देश के झींगा निर्यात पर 'गंभीर' असर पड़ेगा तथा कम शुल्क और अमेरिका से करीबी भौगोलिक नजदीकी रखने वाले इक्वाडोर को फायदा होगा। झींगा निर्यात के अलावा, भारत के वस्त्र उद्योग पर उच्च अमेरिकी शुल्क का प्रभाव भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, ''भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते से हमें जो बड़ा लाभ मिलता है, वह उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण बेअसर हो जाएगा।'' वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का झींगा निर्यात लगभग 4.88 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो कुल समुद्री खाद्य निर्यात का 66 प्रतिशत है। अमेरिका और चीन भारतीय झींगा के लिए शीर्ष बाजार बने हुए हैं, जहां कच्चे झींगा की किस्मों के निर्यात का लगभग आधा हिस्सा अमेरिका को जाता है।

## शुल्क के प्रभाव का आकलन कर रही है सरकार

सरकार ने बुधवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय उत्पादों पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा के प्रभाव का अध्ययन कर रही है। ट्रंप ने भारत से आने वाले सभी सामान पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। साथ ही, उन्होंने रूस से सैन्य उपकरण और कच्चा तेल खरीदने के लिए इस शुल्क के ऊपर जुर्माना भी लगाने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, "सरकार ने द्विपक्षीय व्यापार को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति के बयान पर ध्यान दिया है। सरकार इसके प्रभाव का अध्ययन कर रही है।" भारत और अमेरिका पिछले कुछ महीनों से एक निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर बातचीत कर रहे हैं। बयान के अनुसार, "हम अब भी उस उद्देश्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं।" सरकार ने बयान में कहा, "हम किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के कल्याण और संवर्धन को सर्वोच्च महत्व देते हैं। सरकार अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाएगी, जैसा कि ब्रिटेन के साथ हुए हालिया व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) सहित अन्य व्यापार समझौतों के मामले में किया गया है।"

## निर्यातकों ने कहा, अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क, जुर्माने से नई अनिश्चितता पैदा हुई

निर्यातकों ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एक अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगाने की घोषणा देश के निर्यात के लिए एक बड़ा झटका है और इससे अनिश्चितता की एक नई परत जुड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि जुर्माने के दायरे पर स्पष्टता के अभाव में, भारतीय निर्यातक और अमेरिकी आयातक न तो सही आकलन कर पा रहे हैं और न ही बढ़े हुए शुल्क के बोझ को झेलने की योजना बना पा रहे हैं। कामा ज्वेलरी के प्रबंध निदेशक (एमडी) कॉलिन शाह ने कहा, "ट्रंप की यह घोषणा...भारत के लिए एक बड़ा झटका है। अमेरिका भारत के प्रमुख निर्यात गंतव्यों में से एक है, इसलिए इसका रत्न और आभूषण जैसे क्षेत्रों पर गहरा असर पड़ेगा, जो निर्यात पर बहुत अधिक निर्भर हैं और देश की अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ा योगदान देने वाले क्षेत्रों में से एक हैं।"

## शुल्क मामले पर जवाब दें पीएम, ट्रंप के सामने खड़े हों: विपक्ष

विपक्षी दलों ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की घोषणा किए जाने के बाद बुधवार को कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देश को बताना चाहिए कि अमेरिका ने यह एकतरफा निर्णय क्यों लिया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कटाक्ष किया कि अब ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा की गई एक - दूसरे की तारीफ का कोई मतलब नहीं रह गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत से अधिक शुल्क लगाने की घोषणा की है। ट्रंप ने रूस से आयात करने को लेकर भारत से आयातित सभी वस्तुओं पर दंडात्मक उपाय के तौर पर जुर्माना लगाने की भी घोषणा की। यह 25 प्रतिशत शुल्क से अलग होगा। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, '' राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क और जुर्माना लगा दिया है। उनके और 'हाउडी मोदी' के बीच हुई इस सारी तारीफ का कोई मतलब नहीं रह गया है।'' उन्होंने कहा, '' मोदी जी ने सोचा था कि अगर वह अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा भारत के लिए कहे गए अपमानजनक शब्दों पर चुप रहे, तो राष्ट्रपति ट्रंप के हाथों भारत को विशेष दर्जा मिलेगा। जाहिर है कि ऐसा नहीं हुआ है। ट्रंप ने 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने के दावे 30 बार किए, पहलगाम हमले का मंसूबा बनाने वाले पाकिस्तानी सेना प्रमुख को विशेष भोज दिया और आईएमएफ तथा विश्व बैंक से पाकिस्तान को वित्तीय पैकेज के लिए अमेरिकी समर्थन प्रदान किया।'' रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को इंदिरा गांधी से प्रेरणा लेनी चाहिए और अमेरिकी राष्ट्रपति के सामने खड़ा होना चाहिए। शिवसेना (उबाठा) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, '' प्रधानमंत्री मोदी लगातार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संपर्क में थे। हमें उम्मीद थी कि जल्द ही एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो जाएंगे। हालांकि , लगभग 30 बार भारत - पाकिस्तान के बीच संघर्ष-विराम में मध्यस्थता का दावा करने के बाद , ट्रंप ने अचानक भारत के व्यापार पर शुल्क और जुर्माना लगा दिया है। अब प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए कि अमेरिका की ओर से ऐसा एकतरफा फैसला क्यों आया है।'' राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता मनोज झा ने कहा, ''हम इस बात से खुश नहीं हैं कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में ऐसा हुआ है। इस मुद्दे पर हम एकजुट हैं।

**GLOBAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY & MANAGEMENT**
5 KM MILESTONE, KHEDA KHURAMPUR, FARRUKHNAGAR, GURUGRAM-122506
Website: www.gitmgurgaon.com Email: info@gitmgurgaon.com Tel. 8053980002
(Approved by AICTE & Affiliated to Gurugram University, Gurugram)

**Admission to EWS Category & TFW Category**

Applications are invited from the eligible candidates for admission against vacant seats in B.Tech. (CSE, AI&DS, ME, Civil & ECE) & B.Tech. – Lateral Entry (CSE, AI&DS, ME, Civil & ECE) under Economically Weaker Section (EWS) and Tuition Fees Waiver (TFW) categories for the year 2025-26 as per AICTE/HSTES/University guidelines.

Admission under above mentioned categories will be made strictly on the merit basis. Application form to fill the seats for above categories is available on Institute website. For more information and latest updates, candidates are advised to visit college website regularly.

Last date for the submission of filled application with all required documents in the Institute is 7th August, 2025 till 1:00 PM. Merit list will be displayed on 7th August, 2025 at 5:00 PM. Counseling will be on 8th August, 2025 in campus from 10:00 AM onwards.

Chairman

## सोने में पांच दिन की गिरावट का सिलसिला थमा, 700 रुपए चढ़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)** स्टॉकिस्ट की ताजा लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 700 रुपये बढ़कर 98,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। अखिल भारतीय सराफा



संघ ने यह जानकारी दी। इस तरह सोने में पिछले पांच सत्रों से जारी गिरावट का सिलसिला रुक गया। मंगलवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 97,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत बुधवार को 650 रुपये बढ़कर 98,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गयी। पिछले बाजार बंद के समय यह 97,550 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''रुपये में भारी गिरावट के चलते घरेलू बाजार में सोने की कीमतों में अच्छी बढ़त देखी गई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता के कारण रुपये में गिरावट आई।

## एलएंडटी में भारी खरीदी से सेंसेक्स 144 अंक चढ़ा

**मुंबई (एजेंसी)।** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 144 अंक मजबूत बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 34 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से लॉर्सन एंड टुब्रो के शेयर में भारी लिवाली से बाजार में तेजी आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 143.91 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 81,481.86 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 281.01 अंक तक चढ़ गया था। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 33.95 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,855.05 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने बाजार की तेजी पर अंकुश लगाया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में, लार्सन एंड टुब्रो में 4.87 प्रतिशत की तेजी आई। इसका कारण बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी के शुद्ध लाभ में अच्छी वृद्धि है। जून तिमाही में विदेशी बाजार से ऑर्डर में वृद्धि के कारण कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 29.8 प्रतिशत बढ़कर 3,617.19 करोड़ रुपये रहा।

## दिल्ली-मुंबई मार्ग के मथुरा-कोटा रेलखंड पर स्थापित हुआ कवच 4.0

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल द्वारा स्वदेशी रेल सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 को उच्च घनत्व( हाई डेंसिटी) वाले दिल्ली-मुंबई मार्ग के मथुरा-कोटा रेलखंड पर स्थापित कर दिया गया है। यह देश में रेलवे सुरक्षा प्रणालियों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' दृष्टिकोण से प्रेरित होकर कवच ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम को स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया है। कवच 4.0 एक अत्याधुनिक तकनीकी प्रणाली है। इसे जुलाई 2024 में आरडीएसओ (रिसर्च डिज़ाइंस एंड स्टैंडर्ड्स ऑर्गनाइजेशन) द्वारा स्वीकृति दी गई थी। कई विकसित देशों को ऐसी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली को विकसित और स्थापित करने में 20 से 30 वर्ष लग गए। कोटा-मथुरा रेलखंड पर कवच 4.0 बहुत कम समय में स्थापित किया गया है, जो कि एक बड़ी उपलब्धि है।

## के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन इंजीनियरिंग में बहुविषयी नवाचार (एमआरआईई-2025) की मेज़बानी की



**नई दिल्ली।** इंजीनियरिंग में बहुविषयी अनुसंधान और नवाचार पर आधारित आईईईई सम्मेलन (एमआरआईई-2025), आईडी- 66930, का आयोजन 30 जुलाई 2025 को के.आर. मंगलम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम में हाइब्रिड मोड में प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन माननीय कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह द्वारा किया गया, जिन्होंने दिनभर की कार्यवाही के लिए एक प्रेरणादायक वातावरण स्थापित किया। सम्मेलन में विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें प्रो. एम. एन. हूडा (चेयरमैन, आईईईई दिल्ली सेक्शन एवं बीजेआईटी (स्प्रिंगर नेचर) और इंडियाकॉम के संस्थापक संपादक), प्रो. अमिता देव (महानिदेशक, वीएसईटी एवं वीएसआईटी), तथा प्रो. डॉ. सैयद अफ़ज़ल मुरतज़ा रिज़वी (जामिया मिल्लिया इस्लामिया) शामिल रहे।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति नाम **मोनू पुत्रः** माम चंद **पताः** मकान संख्या एल–228, मंगोलपुरी दिल्ली, ने **FIR No. 91/2008, U/s 392/411/34 IPC थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू,** मिल रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोनू,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 91/2008, U/s 392/411/34 IPC थानाः सुल्तानपुरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मोनू,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अभिनव सिंह
जेएमएफसी–01, कमरा संख्या 102, प्रथम तल
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/9984/OD/2025**
**(Court Matter)**

## वर्षा ऋतु में होने वाली बीमारियां एवं उनका आयुर्वेदिक उपचार

**नागपुर।** वर्षा ऋतु एक ऐसी ऋतु है जिसकी मीठी सुगंध का सभी को बेसब्री से इन्तजार रहता है। 3-4 महीने की भयंकर गर्मी से पीड़ित हर प्राणी शीघ्र बारिश आए ऐसी अपेक्षा करता है। बारिश आते ही सभी जीव जन्तु एवं पेड़ पौधों में नवजीवन का संचार हो जाता है। चारों तरफ हरियाली छा जाती है। श्रावण की घटा एवं छटा मन को प्रसन्न करती है व मानव प्रफुल्लित हो जाता है। भारत देश में प्रकृति द्वारा 6 ऋतुएं होती है। सभी ऋतुओं का अपना अपना महत्व है हर दो ऋतुओं के बीच में ऋतु संधि काल होता है जिसका आयुर्वेद स्वास्थ्य की दृष्टी से महत्व बताया गया है। 1. ग्रीष्म 2. वर्षा 3. शरद 4. हेमंत 5. शिशिर 6. बसंत इन 6 ऋतुओं में कैसा आहार एवं विहार करना चाहिए साथ ही दिनचर्या, रात्रिचर्या का पालन स्वस्थ रहने की दृष्टी से विस्तार पूर्वक कहां गया है। इन सभी ऋतुओं में जितनी मनोहारी (मन को प्रसन्न करने वाली) वर्षा ऋतु है वह कभी कभी उतनी ही स्वास्थ्य के लिए कष्टदायक भी हो जाती है। बारीश में यदि व्यक्ति भीग जाता है वह लापरवाही करता है तो सर्दी होना, खांशी होना, बुखार होना, दस्त होना मलेरिया होना इत्यादि रोग उत्पन्न होते है।

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम
गुरूजी सम्राट



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।
7534997731

## जियो फाइनेंशियल प्रवर्तकों को निर्गम जारी कर 15,825 करोड़ रुपये जुटाएगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज के निदेशक मंडल ने बुधवार को प्रवर्तक समूह के सदस्यों को परिवर्तनीय वारंट जारी कर 15,825 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाने को मंजूरी दे दी। अंबानी परिवार और समूह की विभिन्न होल्डिंग इकाइयों सहित जियो फाइनेंशियल के प्रवर्तकों के पास कंपनी में कुल 47.12 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी तरजीही निर्गम के बाद बढ़कर 54.19 प्रतिशत हो जाएगी। निदेशक मंडल ने बुधवार को अपनी बैठक में 316.50 रुपये प्रति यूनिट की दर से 50 करोड़ वारंट जारी कर पूंजी जुटाने को मंजूरी दी। कंपनी ने कहा कि प्रत्येक वारंट 10 रुपये अंकित मूल्य के कंपनी के एक पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर में परिवर्तित हो सकता है। इससे दोनों प्रवर्तक इकाइयों को निजी नियोजन के आधार पर तरजीही निर्गम के माध्यम से कुल 15,825 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। निर्गम के बाद, कंपनी में सिक्का पोर्ट्स एंड टर्मिनल्स लि. की हिस्सेदारी 1.08 प्रतिशत से बढ़कर 4.65 प्रतिशत हो जाएगी।

## इंडिगो का शुद्ध लाभ जून तिमाही में 20 प्रतिशत घटकर 2,176.3 करोड़ रुपये पर

नई दिल्ली (भाषा)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 20 प्रतिशत घटकर 2,176.3 करोड़ रुपये रहा है। हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध और समग्र चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल के कारण कंपनी की आमदनी घटी है, जबकि इस अवधि के दौरान 12 प्रतिशत अधिक यात्रियों ने कंपनी के विमानों से उड़ान भरी। इंडिगो की मूल कंपनी इंटरग्लोब एविएशन की घरेलू बाजार में हिस्सेदारी जून में 64.5 प्रतिशत थी। कंपनी ने एक साल पहले इसी अवधि में 2,728.8 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय 6.4 प्रतिशत बढ़कर 21,542.6 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 20,248.9 करोड़ रुपये थी। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि जून तिमाही महत्वपूर्ण बाहरी चुनौतियों से प्रभावित रही।

**PUBLIC NOTICE**

I Piyush Kumar Upadhyay S/o Mr. Ramesh Chand, R/o BE-260, Avantika, Ghaziabad, U.P, 201002, that my mother Mrs. Kusum Lata, W/O Mr. Ramesh Chand was the main applicant of unit no CS203SFFK10F in Hypernova Mall of Supernova project. After her demise, I requested M/s Supertech Realtors Pvt Ltd to transfer the said unit to on my name as main applicant along with my wife Mrs. Poonam Upadhyay as first Co Applicant & my father Mr. Ramesh Chand as a second co applicant, if anybody has any objection, he/she may contact M/s Supertech Realtors Pvt Ltd office at Supertech E-Square, Plot No C2, Sector 96, Noida, Uttar Pradesh, India 201303 within 15 days of the Published Notice

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| रेलगाड़ी सं. 04090/04089 आनंद विहार ट.-पटना जं.-आनंद विहार ट. आरक्षित विशेष एक्सप्रेस | | | | 184 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं. 04090 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04089 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:25 | आनंद विहार टं. | 14:50 | -- |
| 21:30 | 21:35 | कानपुर सेंट्रल | 07:50 | 07:55 |
| 00:20 | 00:25 | प्रयागराज जं. | 04:35 | 04:45 |
| 03:10 | 03:20 | वाराणसी जं. | 01:45 | 01:55 |
| 04:55 | 05:00 | गाजीपुर सिटी | 23:35 | 23:40 |
| 05:55 | 06:00 | बलिया | 22:35 | 22:40 |
| 06:20 | 06:22 | सहतवातर | 22:11 | 22:13 |
| 06:45 | 06:50 | सुरेमनपुर | 21:45 | 21:50 |
| 08:05 | 08:15 | छपरा जं. | 21:05 | 21:10 |
| 10:10 | 10:20 | पाटलिपुत्र जं. | 18:50 | 18:55 |
| 11:00 | ---- | पटना जं. | ---- | 18:20 |

चलने के दिन : **04090** आनंद विहार टं. से दिनांक 08.08.2025 से 07.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **04089** पटना जं. से दिनांक 09.08.2025 से 08.11.2025 तक (प्रतिदिन)।
स्थानः द्वितीय–सह–तृतीय वाता., 2 टीयर वाता., 3 टीयर वाता., शयनयान एवं सामान्य

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2323/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें।

**तुला** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार–पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्ष के दर अनुबंध पर इम्यूनो ऐसे अनालाइजर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 29.07.2025 18.08.2025 | 2.55 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार दो वर्ष के दर अनुबंध पर ऑपरेटिंग माइक्रोस्कोप आई की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना। | 29.07.2025 11.08.2025 | 1.80 करोड़ | www.hmscl.org.in | 8929299829 [illegible] |


अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37148/I/88/7 दि. 30.07.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका महेन्द्रगढ़ | एम.सी. महेन्द्रगढ़ में रोजाना निकलने वाले नगरीय ठोस कचरे का प्रसंस्करण। | बंद होने की तिथि 08.08.2025 | 750 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/40/37161/I/88/7 दि. 30.07.25


## शब्द पहेली - 5944




**बाएँ से दाए**
1. धरोहर, थाती-4
5. अकबर के नवरत्नों में से एक-4
8. गुणगान-3
9. प्रेम (अंग्रेजी-2)
11. भरोसा, विश्वास-3
12. दुःख, परेशानी, कष्ट-4
14. हिंदू कैलेंडर में एक माह-2
15. गागर, घड़ा-3
17. जांघ-2
19. असावधान-5
22. करतूत, होशियारी-5
25. डूबा हुआ, समाप्त-2
26. तीक्ष्ण, तेज-3
27. अधर्म, अपकृत्य-2
28. मनमौजी, चंचल-4
30. हत्या, वध-3
31. पंख-2
33. मायका-3
35. व्यापार, व्यवसाय (उर्दू-4)
36. कृपा, रहम (उर्दू-4)

**ऊपर से नीचे**
2. फूलों का हार-2
3. वेश्या, कोठे पर नाचनेवाली-4
4. शांति, सुख-चैन-3,2
5. अस्वस्थ, मरीज-3
6. दम, ताकत-2
7. भगवान राम के पुत्र-2,2
10. उन्मत, मदमस्त-4
13. दिलीप कुमार व वैजयंती माला की फिल्म (3)
16. बोलने का तरीका-3
17. रास्ता-2
18. पराया-2
20. परीक्षा-3
21. वचन-2
22. खेती-2
23. अभिमान-3
24. फिल्म 'मैंने प्यार किया' मैं सलमान खान की मां-2,2
25. बलपूर्वक उठा ले जाना-5
26. ईश्वर, राजा-4
28. मन को अच्छा लगने वाला-4
29. शाप से पीड़ित-3
32. अवकाश, मंजूरी-2
34. संध्या-2

**शब्द पहेली- 5943 का हल**





ओवल में आज महामुकाबला, नए शिखर पर पहुंचेगी भारत-इंग्लैंड की टक्कर

# बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी में भारत दे सकता है इंग्लैंड को 'फाइनल पंच'

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय टीम के लिए ब्रिटेन दौरा श्रृंखला में बराबरी के साथ समाप्त करने की संभावनाएं कुछ हद तक बढ़ गई हैं क्योंकि इंग्लैंड के करिश्माई कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार से शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में उपलब्ध नहीं होंगे। कप्तान स्टोक्स पिछले दो टेस्ट मैचों में गेंदबाजी करते हुए दाहिने कंधे की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बाहर हो गए हैं जबकि चार साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी करने वाले आर्चर को लगातार दो मैचों में खेलने के बोझ के बाद आराम दिया गया है। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स और बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को भी ओवल टेस्ट में आराम दिया गया है। कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जिनकी मौजूदगी ही अंतर पैदा कर देती है और इंग्लैंड के कप्तान और बेहतरीन आलराउंडर स्टोक्स ऐसे ही खिलाड़ी हैं, जिन्होंने श्रृंखला में 304 रन बनाने के साथ 17 विकेट झटके हैं।



## बुमराह नहीं खेलेंगे पांचवा टेस्ट, आकाशदीप की हो सकती है एंट्री ?

**लंदन।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से ओवल में शुरू होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से बाहर रहना तय है और आकाशदीप उनकी जगह अंतिम एकादश में शामिल हो सकते हैं। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। दुनिया के नंबर एक गेंदबाज 31 वर्षीय बुमराह ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए चौथे टेस्ट मैच में लय में नहीं दिखे, जहां उन्हें अपनी गति पर संघर्ष करना पड़ा और वे सफलता हासिल करने में असफल रहे। रिपोर्ट के अनुसार, 'भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की मेडिकल टीम ने बुमराह को बता दिया है कि यह फैसला उनकी पीठ को चोट से बचाने और भविष्य को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि कमर में दर्द के कारण चौथे टेस्ट से बाहर रहे आकाश दीप को अंतिम एकादश में बुमराह की जगह शामिल किया जा सकता है।

## कप्तान स्टोक्स बाहर, इंग्लैंड की कमान संभालेंगे पोप

**लंदन।** चोटिल कप्तान बेन स्टोक्स और प्रमुख तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भारत के खिलाफ गुरुवार से



शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट में नहीं खेलेंगे और इंग्लैंड ने निर्णायक टेस्ट में अपनी एकादश में तीन बदलाव किए हैं। मेजबान टीम श्रृंखला में 2.1 से आगे है। स्टोक्स की गैर मौजूदगी में ओली पोप इंग्लैंड की कमान संभालेंगे। स्टोक्स ने टीम की मोर्चे से अगुवाई करते हुए 17 विकेट लिए और 304 रन भी बनाए हैं। तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स भी आखिरी टेस्ट से बाहर रहेंगे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने कहा ,' कप्तान बेन स्टोक्स दाहिने कंधे की चोट के कारण बाहर हैं । स्पिनर लियाम डॉसन, तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर और ब्रायडन कार्स भी नहीं खेलेंगे।'' ईसीबी ने कहा,' इंग्लैंड ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले जैकब बेथेल, सर्रे के गेंदबाज गुस एटकिंसन और जैमी ओवरटन , नॉटिंघमशर के तेज गेंदबाज जोश टंग को टीम में शामिल किया है।'

# मकाऊ ओपन : लक्ष्य, आयुष, तरुण क्वार्टर फाइनल में, करुणाकर-उन्नति का सफर समाप्त

शेट्टी ने हुआंग को केवल 31 मिनट में हराकर बाहर का दिखाया रास्ता



**मकाऊ।** भारत के लक्ष्य सेन, आयुष शेट्टी और तरुण मन्नेपल्ली ने मकाऊ ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य ने कोरिया के जियोन हियोक जिन को 21.8, 21.14 से हराया। वहीं विश्व के 31वें नंबर के खिलाड़ी शेट्टी ने 66वीं रैंकिंग वाले चीनी ताइपै के हुआंग यू केइ को केवल 31 मिनट में 21-10, 21-11 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।



## ध्रुव और तनिषा की जोड़ी आगे बढ़ने में सफल

*लक्ष्य का सामना इंडोनेशिया के चिको औरा द्वि वार्दोयो और रित्विक संजीवी सतीश कुमार के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । वहीं तरुण की टक्कर शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग के ली चियुक यू से होगी। मिश्रित युगल में विश्व में 18वें स्थान पर काबिज और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की जोड़ी भी आगे बढ़ने में सफल रही। इस भारतीय जोड़ी ने थाईलैंड के रत्त्वपोल मक्कासितोर्न और नट्टामोन लाइसुआन को 26 मिनट तक चले मुकाबले में 21-10, 21-15 से हराया।*

### करुणाकरण का सफर समाप्त

पुरुष एकल में सतीश कुमार करुणाकरण का सफर समाप्त हो गया। उन्हें प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के जस्टिन होह से 37 मिनट में 19-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। एचएस प्रणय को इंडोनेशिया के योहानेस एस मार्शेलिनो के हाथों 21.18, 15.21, 15.21 से पराजय झेलनी पड़ी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे की 34वीं रैंकिंग की जोड़ी चीनी ताइपे के वू गुआन झुन और ली चिया सिन से 37 मिनट तक चले मुकाबले में 20-22, 17-21 से हार गई। वहीं टी. हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोंजेंबाम को थाईलैंड के फुवानात एच और फुंगफा के ने 21.11, 21.14 से हराया।

### उन्नति नहीं बढ़ पाई आगे

महिला एकल में उन्नति हुड्डा को डेनमार्क की जूली डवाल जाकोबसन ने 16-21, 21-19, 21-17 से मात दी । अनुपमा उपाध्याय को जापान की रिको गुंजी ने 21.16, 21.10 से हराया। शंकर सुब्रहमण्यन और आकर्षि कश्यप को पहले दौर में चीन के हू जे अन और जापान की नोजोमी ओकुहारा ने क्रमशः 21-18, 21-14 और 21-14, 21.16 से हराया। किरण जॉर्ज हांगकांग के एंग का लोंग एंगस से 31 मिनट में 21-15, 21-10 से हार गए। अनमोल खरब को थाईलैंड के बुसानन ओंगबामरूंगफन ने 23-21, 21-11 से हराया।

अंडर-17 विश्व कुश्ती

# हरदीप बने ग्रीको-रोमन वर्ग में वर्ल्ड चैंपियन



एजेंसी ▶▶| एथेंस

- फाइनल मुकाबले में ईरान के यजदान रजा को हराया

अंडर-17 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के हरदीप ने 11 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में गोल्ड जीतकर देश का नाम रोशन किया। फाइनल मुकाबले में हरदीप ने ईरान के यजदान रजा डेलरूज को क्लाइटेरिया के आधार पर हराया, क्योंकि मैच 3-3 की बराबरी पर खत्म हुआ था। हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस यारोस्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया।

### क्वालिफिकेशन राउंड में बाकतुर को हराया

*हरदीप ने क्वालिफिकेशन राउंड में कजाखिस्तान के बाकतुर सोवेतखान को 2-0 से हराया। राउंड ऑफ 16 में उन्होंने पोलैंड के माटेउस योरास्लाव टोमेल्का को 4-2 से मात दी। इसके बाद क्वार्टरफाइनल में यूक्रेन के अनातोली नोवाचेंको को 9-0 से पराजित किया। सेमीफाइनल में हरदीप ने तुर्किए के एमरूल्लाह कापकान को 4-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया और अंततः ऐतिहासिक गोल्ड पदक अपने नाम किया। हरदीप की ये जीत भारत के युवा कुश्ती प्रतिभाओं के लिए एक प्रेरणा है।*

## महिला एथलीट्स को जेंडर टेस्ट कराना होगा वरना वर्ल्ड चैंपियनशिप में नहीं खेल सकेंगी

**मोनाको।** महिला एथलीट्स को अब जीवन में एक बार जेंडर टेस्ट कराना जरूरी हो गया है। इसके लिए बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स काउंसिल ने एसआरवाई जीन टेस्ट लागू किया है। जो खिलाड़ी इस टेस्ट से नहीं गुजरेगी, वह वर्ल्ड रैंकिंग प्रतियोगिताओं में भाग नहीं ले सकेगी। यह कानून बीते सालों में जेंडर चेंज कराके महिला बनकर कॉम्पिटिशन में उतरने वाली खिलाड़ियों को रोकने के लिए बनाया गया है। ये नियम 1 सितंबर 2025 से लागू होगा। 13 सितंबर से टोक्यो में होने जा रही वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महिला एथलीट्स इस टेस्ट को पास किए बिना भाग नहीं ले सकेंगी। वर्ल्ड एथलेटिक्स के अनुसार, यह टेस्ट लाइफ में एक बार ही कराना होगा। गाल से स्वैब या ब्लड सैंपल के जरिए टेस्ट होगा, जिससे खिलाड़ी के जेंडर की पहचान होगी। एक साल पहले पेरिस ओलिंपिक के दौरान बॉक्सिंग में भी जेंडर विवाद हुआ था। तब अल्जीरिया की मुक्केबाज इमान खलीफ पर पुरुष होने के आरोप लगे थे। उनकी प्रतिद्वंद्वी ने यह कहकर मुकाबला छोड़ दिया था कि मुझे पुरुषों से भिड़ा दिया गया है।

## संघर्ष के बाद कोको गॉफ की जीत पहले राउंड में फर्नांडीज बाहर

**मॉन्ट्रियल।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कोको गॉफ ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन डब्ल्यूटीए टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में



जगह बनाई लेकिन पिछले सप्ताह डीसी ओपन का खिताब जीतने वाली स्थानीय खिलाड़ी लेयला फर्नांडीज पहले दौर में बाहर हो गई। फर्नांडीज को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट ने केवल एक घंटे 15 मिनट में 6-4, 6-1 से हरा दिया। विश्व की 24वें नंबर की इस खिलाड़ी ने रविवार को वाशिंगटन में अपने करियर का चौथा डब्ल्यूटीए खिताब जीता था और वह मॉन्ट्रियल में कोर्ट पर वापसी से पहले अतिरिक्त आराम की उम्मीद कर रही थीं। इसलिए उन्होंने हार के बाद इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम की आलोचना भी की। गॉफ ने हमवतन अमेरिकी डेनियल कोलिन्स के खिलाफ 23 डबल-फॉल्ट किए लेकिन वह आखिर में 7-5, 4-6, 7-6 (2) से जीत हासिल करने में सफल रही, जो फ्रेंच ओपन फाइनल के बाद उनकी पहली जीत है। चौथी वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने बियांका एंड्रीस्कू के टखने में चोट लगने के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में जगह बनाई। सातवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जापान की आओई इतो से हार का सामना करना पड़ा, जबकि आठवीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने रेबेका मैरिनो को 6-1, 6-2 से हराया।



## रूस में आया दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप

# 5 मीटर तक ऊंची सुनामी लहरें उठीं, अमेरिका के अलास्का-हवाई-कैलिफोर्निया तक पहुंचीं चेतावनी

एजेंसी ▶▶ मास्को

रूस के पूर्वी प्रायद्वीप कामचटका में दुनिया का छठा सबसे बड़ा भूकंप आया है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक भूकंप की तीव्रता 8.8 थी। भूकंप का केंद्र जमीन से 19.3 किलोमीटर की गहराई में था। यह भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह 4:54 बजे आया। कामचटका में 5 मीटर तक ऊंची सुनामी आई है। इसकी वजह से कई इमारतों को नुकसान पहुंचा है। भूकंप से जापान के पूर्वी तट के पास एक फुट ऊंची पहली सुनामी लहरें पहुंची हैं।


रूस के सेवेरो-कुरिल्स्क शहर का तटीय इलाका पानी में डूब गया।


जापान ने अपने फुकुशिमा परमाणु रिएक्टर को खाली करा लिया।


रूस के कामचटका में एक किंडरगार्टन स्कूल को नुकसान पहुंचा।


जापान के उत्तरी द्वीप होक्काइडो में लोग घरों से बाहर आ गए।

### भूकंप से कोई हताहत नहीं

भूकंप से अमेरिका के अलास्का और हवाई द्वीप तक सुनामी की लहरें पहुंची। कैलिफोर्निया में लोगों को समंदर के किनारे से दूर रहने की चेतावनी दी। चीन, फिलीपींस, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, पेरू और मेक्सिको ने भी अपने तटीय इलाकों में सुनामी अलर्ट जारी किया है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि भूकंप से किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मजबूत इमारतों और अलर्ट सिस्टम की वजह से बड़ा नुकसान नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप

### सैन्य अड्डे पर हमले में 50 सैनिक मारे गए



**लागोस (नाइजीरिया)।** पश्चिम अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के उत्तरी क्षेत्र स्थित एक सैन्य अड्डे पर चरमपंथी समूह 'जमात नस्त्र अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन' (जेएनआईएम) ने द्वारा किए गए हमले में लगभग 50 सैनिक मारे गए। हमले में लगभग 100 चरमपंथी शामिल थे। उन्होंने सैनिकों की हत्या करने के बाद सैन्य अड्डे में आग लगा दी और वहां लूटपाट की। उन्होंने पश्चिम अफ्रीकी देश के उत्तरी क्षेत्र में बौल्सा प्रांत के डार्गो स्थित सैन्य अड्डे पर सोमवार को यह हमला किया गया।

### थाईलैंड में पटाखा कारखाने में विस्फोट, 9 की मौत



**बैंकॉक।** मध्य थाईलैंड में पटाखा कारखाने में बुधवार को हुए विस्फोट में कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई। विस्फोट बैंकॉक से लगभग 95 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, सुफान बुरी प्रांत में हुआ। विस्फोट का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। 'समरकुन सुफान बुरी रेस्क्यू फाउंडेशन' ने हादसे में नौ लोगों की मौत की सूचना दी है और बताया है कि दो लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया।

### यूक्रेनी सेना पर रूस का हमला, 3 सैनिकों की मौत



**कीव।** रूस ने मिसाइल से यूक्रेन की सेना के प्रशिक्षण मैदान को निशाना बनाया और इस हमले में कम से कम तीन सैनिकों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने बताया कि चेर्निहीव क्षेत्र में होन्चारिव्स्के के पास यूक्रेन के 169वें प्रशिक्षण केंद्र पर दो मिसाइलें दागी गईं इसमें कई सैनिकों की मौत हुई। रूस ने यूक्रेनी नागरिक ठिकानों पर भी हवाई हमले किए हैं।

## सरकारी सूत्रों ने बुधवार को भारत के ग्रैंड मुफ्ती कंथापुरम के दावे को एक बार फिर किया खारिज

# निमिषा प्रिया की फांसी के संवेदनशील मामले में किसी तरह की कयासबाजी अनुचित

### यमन की राजधानी सना की जेल में निमिषा बंद हैं, वर्तमान में हूती विद्रोहियों का कब्जा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन में दी गई सजा-ए-मौत यानी फांसी की सजा जैसे संवेदनशील मामले में किसी भी प्रकार का अनुमान लगाना या कयासबाजी करना पूरी तरह से गलत है। जिससे हर हाल में बचा जाना चाहिए। सरकारी सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इससे पहले विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को भारत के ग्रैंड मुफ्ती कंथापुरम एपी मुसलियार के निमिषा की फांसी की सजा के यमन में रद्द किए जाने के दावे को सिरे से खारिज कर दिया था। वहीं, यह ताजा स्पष्टीकरण भी ग्रैंड मुफ्ती से ही जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय और विदेश मंत्रालय के मामले में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अवगत होने की बात कही है। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने भारतीय नर्स के मामले से जुड़ी हुई खबरें और उनमें किए गए दावों को देखा है। जो कि पूरी तरह से गलत हैं।

### पहले 16 जुलाई को होनी थी फांसी

यहां बता दें कि निमिषा प्रिया को 2017 में यमन के एक नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में वहां की शीर्ष अदालत द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई है। पहले 16 जुलाई को फांसी होनी थी। लेकिन फिर भारतीय अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद इसे अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है।

इन सबके बीच मंत्रालय ने इसी महीने 17 जुलाई को कहा था कि निमिषा प्रिया के मामले में वह यमन के अधिकारियों-प्राधिकारियों के साथ संपर्क बना हुआ है। साथ ही भारत ने कुछ मित्र देशों से संपर्क साधा गया है। भारत की यमन में कूटनीतिक रूप से कोई मौजूदगी नहीं है। जिसके चलते सऊदी अरब में मौजूद भारतीय राजदूतों द्वारा मामले की देखरेख की जा रही है। यमन की राजधानी सना की जेल में निमिषा बंद हैं और इस पर वर्तमान में हूती विद्रोहियों का कब्जा है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर राज्यसभा में विदेश मंत्री जयशंकर की विपक्ष को दो टूक

### कान खोलकर सुन लें

# 22 अप्रैल से 16 जून तक राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच फोन पर नहीं हुई बात

जयशंकर ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो कई देश यह जानना चाहते थे कि स्थिति कितनी गंभीर है और ये हालात कब तक चलेंगे, लेकिन हमने सभी को एक ही संदेश दिया कि हम किसी भी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता द्विपक्षीय तौर पर ही होगा। हम पाकिस्तानी हमले का जवाब दे रहे हैं, और देते रहेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में विपक्षी सांसदों ने अमेरिकी राष्ट्रपति के संघर्ष विराम के दावों पर सरकार से स्पष्टीकरण मांगा और हंगामा किया। ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने बुधवार को राज्यसभा में सरकार का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्ष के सवालों के जवाब दिए।

अपने वक्तव्य में विदेश मंत्री ने साफ कहा कि संघर्ष विराम को लेकर पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच 22 अप्रैल से लेकर 16 जून 2025 के दौरान कोई बातचीत नहीं हुई। जयशंकर ने विपक्षी सांसदों से कहा कि 'मैं उनको कहना चाहता हूं, वे कान खोलकर सुन लें।

22 अप्रैल से 16 जून तक राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम मोदी के बीच एक बार भी फोन पर बात नहीं हुई।' जयशंकर ने कहा कि हमारी राष्ट्रीय नीति है कि कोई भी बातचीत द्विपक्षीय होनी चाहिए। पाकिस्तान के डीजीएमओ की तरफ से संघर्ष विराम का अनुरोध किया गया था।

**पाक डीजीएमओ ने किया था संघर्षविराम का अनुरोध**



### पाक के साथ समझौता द्विपक्षीय तौर पर

जयशंकर ने कहा कि जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू हुआ तो कई देश यह जानना चाहते थे कि स्थिति कितनी गंभीर है और ये हालात कब तक चलेंगे, लेकिन हमने सभी को एक ही संदेश दिया कि हम किसी भी मध्यस्थता के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे और पाकिस्तान के बीच कोई भी समझौता द्विपक्षीय तौर पर ही होगा। हम पाकिस्तानी हमले का जवाब दे रहे हैं, और देते रहेंगे। अगर यह लड़ाई रुकनी है, तो पाकिस्तान को इसका अनुरोध करना होगा और यह अनुरोध केवल डीजीएमओ के माध्यम से ही आ सकता है।

### मुंबई आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस पर साधा निशाना

### कुछ लोग चीनी राजदूत से ट्यूशन लेकर देते हैं ज्ञान

जयशंकर ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को चाइना-गुरु कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग चीन को लेकर ज्ञान ओलंपिक जाकर और चीनी राजदूत से प्राइवेट ट्यूशन लेकर हासिल करते हैं। चीन और पाकिस्तान की नजदीकी 1960 के दशक में शुरू हुई थी, लेकिन कांग्रेस सरकारें इस पर ठीक से काम नहीं कर पाईं। उन्होंने कहा कि चाइना-गुरु अब कहते हैं कि चीन और पाकिस्तान बहुत करीब आ गए हैं, लेकिन असल में यह सब तब हुआ जब हमने पीओके को छोड़ दिया।

### सिंधु जल समझौते में देश हितों की अनदेखी हुई

*केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और सिंधु जल समझौता, मुंबई आतंकी हमला और चीन-पाकिस्तान गठजोड़ पर विपक्षी पार्टी की तीखी आलोचना की। विदेश मंत्री ने कहा सिंधु जल संधि कई मायनों में एक अनोखा समझौता है। मैं दुनिया में ऐसे किसी भी समझौते के बारे में नहीं जानता, जहां किसी देश ने अपनी प्रमुख नदी के पानी को दूसरे देश में बहने दिया। जयशंकर ने इसके लिए तत्कालीन कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया और आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार ने अपने देश के हितों की अनदेखी कर पड़ोसी देश के हितों का ध्यान रखा था।*

## मुस्लिम बहिनों ने पीएम को भेजी राखी



**वाराणसी।** वाराणसी में मुस्लिम महिला फांउडेशन से जुड़ी मुस्लिम समाज की महिलाओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देते हुए उनके नाम से अपने हाथों से राखियां तैयार की हैं। फांउडेशन से जुड़ी महिलाओं ने बताया कि पीएम मोदी वाली इन राखियों को वे रक्षा बंधन के पवित्र पर्व पर बहिनों की ओर से अपने भाई पीएम मोदी को भेजेंगी।

## इजराइल की बढ़ी मुश्किल

# फिलिस्तीन को मान्यता देने के लिए 14 देश साथ आए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव



गाजा में हमास से लड़ रहे इजराइल को यूरोपीय देशों से करारा झटका लगता दिख रहा है। ब्रिटेन और फ्रांस की ओर से फिलिस्तीन को मान्यता दिए जाने वाले बयानों के बीच अब 14 देशों के गुट ने इजराइल के खिलाफ मोर्चा खोला है। एंडोरा, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, फिनलैंड, फ्रांस, आइसलैंड, आयरलैंड, लग्जमबर्ग, माल्टा, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पुर्तगाल, सान मारिनो, स्लोवेनिया और स्पेन ने मोर्चा खोल दिया है। इन देशों की ओर से कहा गया है कि यदि गाजा में इजराइल की ओर से हमले नहीं रोके गए तो फिर फिलिस्तीन को मान्यता देंगे। ऐसा प्रस्ताव सितंबर में होने वाली संयुक्त राष्ट्र महासभा में रखा जाएगा। इन देशों के विदेश मंत्रियों की ओर से साझा बयान जारी किया गया है।

## लद्दाख में सेना के वाहन पर गिरा पत्थर

# 2 अधिकारी शहीद, 3 सैनिक घायल, बचाव कार्य शुरू

एजेंसी ▶▶ लेह


भानु प्रताप सिंह    दलजीत सिंह

पूर्वी लद्दाख के एक सुदूर इलाके में सेना के एक वाहन पर एक बड़ा पत्थर गिर गया, जिससे बड़ा हादसा हो गया। अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार को हादसे का शिकार हुआ यह वाहन एक काफिले का हिस्सा था। हादसे के बाद रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में एक लेफ्टिनेंट कर्नल और एक जवान की मौत हो गई, जबकि तीन अधिकारी घायल हो गए हैं। मृतकों की पहचान लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह के रूप में हुई है। सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जीओसी, फायर एंड फ्यूरी कोर और सभी रैंक लेफ्टिनेंट कर्नल भानु प्रताप सिंह और लांस दफादार दलजीत सिंह को सलाम करते हैं जिन्होंने 30 जुलाई 2025 को लद्दाख में कर्तव्य निभाते हुए बलिदान दिया।

## सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में दी जानकारी

# ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ब्लॉक किए 1400 यूआरएल, भारत के खिलाफ फैला रहे थे दुष्प्रचार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डिजिटल मीडिया के 1400 से अधिक यूआरएल ब्लॉक किए गए, जिनमें मुख्य रूप से पाकिस्तान से जुड़े सोशल मीडिया खाते थे। इन यूआरएल से गुमराह करने वाली और भारत विरोधी सामग्री फैलाई जा रही थी। यह जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में दी। उन्होंने बताया कि कुछ सोशल मीडिया खाते भारत के बाहर से संचालित हो रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान गलत और नुकसान पहुंचाने वाली जानकारी प्रसारित कर रहे थे। वैष्णव ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत यह कदम उठाया गया ताकि भारत की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखा जा सके। यह जवाब उन्होंने भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या के सवाल के जवाब में दिया।



उन्होंने कहा कि सरकार ने मीडिया को भी सलाह दी कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में वे रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज से बचें। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया था, जो विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय (तालमेल) करता था। यह नियंत्रण कक्ष चौबीस घंटे काम करता था और मीडिया को ताजा जानकारी देता था।

### फैक्ट फाइंडिंग यूनिट से की थी निगरानी

इस नियंत्रण कक्ष में भारतीय सेना, नौसेना, वायु सेना के प्रतिनिधि, सरकारी मीडिया इकाइयों के अधिकारी और प्रेस सूचना ब्यूरो के अधिकारी शामिल थे। सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और गलत जानकारी फैलाने वाले पोस्ट और हैंडल की पहचान की जाती थी। वैष्णव ने बताया कि प्रेस सूचना ब्यूरो के अधीन एक फैक्ट फाइंडिंग यूनिट सोशल मीडिया और ऑनलाइन समाचार स्रोतों की निगरानी करती थी, जो फर्जी चित्र, एडिट किए हुए वीडियो, भ्रामक कथन और ऑपरेशन, सरकारी एजेंसियों या सुरक्षा बलों के खिलाफ सामग्री को पहचान करती थी। यह इकाई पाकिस्तान की भारत विरोधी प्रचार सामग्री को भी गलत साबित करती थी और ऐसे कई पोस्ट की सच्चाई जांच कर सही जानकारी प्रदान करती थी। इसके अलावा, ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी गलत खबरों के उन लिंक को तुरंत साझा किया गया, जिन्हें फैक्ट फाइंडिंग यूनिट ने गलत पाया।

## आईएमएफ ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया

### भारत की अर्थव्यवस्था को मिल रहा लाभ

# वित्त वर्ष 2026 और 27 में 6.4 प्रतिशत वृद्धि दर रहने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत की आर्थिक वृद्धि को लेकर एक अच्छी खबर दी है।




आईएमएफ की नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026 और 2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह पहले के अनुमान की तुलना में थोड़ा अधिक है, जो दर्शाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिल रहा है। हालांकि, आईएमएफ ने यह भी चेतावनी दी है कि कुछ जोखिम बने हुए हैं। जैसे- अमेरिका में मुद्रास्फीति अब भी लक्ष्य से ऊपर है।

### वैश्विक विकास दर 2025 में 3.0%, 2026 में 3.1% रहेगी

*आईएमएफ ने अपनी "वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक" रिपोर्ट में कहा है कि उसने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 प्रतिशत यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4% कर दिया है। अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भी ग्रोथ अनुमान को 0.1 प्रतिशत यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4% किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, दुनिया भर में आर्थिक स्थिति थोड़ी बेहतर हुई है। वहीं आईएमएफ ने वैश्विक विकास दर 2025 के लिए 3.0 प्रतिशत और 2026 के लिए 3.1 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109